* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

17 जनवरी, 2023
माघ, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 90

नेपाल में प्लेन क्रैश, मलबे से 68 शव निकाले गये, लापता चार लोगों की तलाश जारी, विमान का ब्लैक बॉक्स मिला









### इडी के अधिकार क्षेत्र को चुनौती देनेवाली याचिका पर सुनवाई से इनकार

# सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को हाइकोर्ट जाने को कहा

### ■ इडी को पार्टी बनाने के आदेश पर स्टे, मार्च में होगी सुनवाई



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की उस याचिका की सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिसमें प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के राज्य के पुलिस अधिकारियों से पूछताछ के अधिकार को चुनौती दी गयी थी। यह पूछताछ बड़हरवा टोल प्लाजा मामले में होनी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश की पीठ ने झारखंड सरकार द्वारा दायर आपराधिक रिट याचिका (533/2022) पर यह आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट की बजाय हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाये। शीर्ष अदालत ने यह भी पूछा कि झारखंड सरकार ने इस मामले में याचिका क्यों दाखिल की।

## क्या है मामला

बता दें कि इडी ने एक हजार करोड़ के खनन घोटाले की जांच के सिलसिले में बड़हरवा टोल प्लाजा मामले की जांच को भी अपने हाथ में लिया है। जून 2020 में व्यवसायी शंभू नंदन द्वारा टोल प्लाजा की नीलामी में भाग लेने पर मारपीट किये जाने की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि बरहेट के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम के निर्देश पर उन पर हमला किया गया। इडी ने इस मामले में पुलिस अधिकारियों से पूछताछ शुरू की। सबसे पहले इस मामले के अनुसंधान अधिकारी एएसआइ सरफुद्दीन खान से पूछताछ की गयी। इसके बाद जब इडी ने तत्कालीन डीएसपी प्रमोद मिश्रा को तलब किया, तो राज्य सरकार ने इडी के अधिकार क्षेत्र को चुनौती दी। इस याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने सुनने से इनकार कर दिया और कहा कि हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटायें।

एक अन्य मामले में शीर्ष अदालत ने झारखंड उच्च न्यायालय की एकल पीठ के उस आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर भी सुनवाई की, जिसमें बड़हरवा टोल टैक्स मामले के शिकायतकर्ता की एक आपराधिक रिट याचिका में इडी को पक्षकार बनाया गया था, जहां उसने मामले की सीबीआइ जांच की मांग की थी। मामले में पुलिस पर अनुचित जांच का आरोप लगाया गया है। इस मामले में शीर्ष अदालत ने फिलहाल रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इडी को इस मामले में मार्च तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

# चंदवा के केंदुआटांड़ में उग्रवादी संगठन जेपीसी ने मचाया उत्पात



● रेलवे का तीसरी लाइन में कार्य कर रहे केइसी के सब कॉन्ट्रैक्टर बीवीवी के बैचिंग प्लांट में तीसरी बार उग्रवादी संगठन ने उत्पात मचाया है

**मुकेश कुमार सिंह**

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा मैक्लुस्कीगंज पथ पर मालहन पंचायत के केंदुआ टांड़ में केइसी कंपनी के सब कॉन्ट्रैक्टर बीवीवी कंपनी द्वारा तीसरी लाइन का विस्तार काम किया जा रहा है। कंपनी का केंदुआटांड़ में बैचिंग प्लांट है। रविवार को 8:30 बजे बैचिंग प्लांट पर दस-बीस की संख्या में हथियार और डंडा लाठी से लैस जेपीसी उग्रवादी संगठन ने धावा बोल दिया और बैचिंग प्लांट में उपस्थित वर्करों को अंधाधुंध डंडा से पीटना शुरू कर दिया। उसके बाद सभी वर्करों को अपने कब्जे में लेकर जंगल में ले गये। पास के जंगल में ही रेलवे लाइन के पार रेलवे में काम कर रहे वर्करों को धमकाया और कहा कि कंपनी के अधिकारियों को कहो कि मैनेज करें नहीं तो अगली बार आयेंगे, तो आप सब को भी गोली मार देंगे। सभी गाड़ियों को आग के हवाले कर देंगे। बंधकें बने वर्करों ने कहा कि हम लोगों के साथ मारपीट करने से आप लोगों को क्या मिलेगा। हम लोग तो गरीब आदमी हैं। उसके बाद जेपीसी उग्रवादी संगठन के कमांडर पिंटू जी ने कंपनी के प्रमुख का नंबर मांगा। बंदी बने वर्करों ने बीवीवी कंपनी के जीएम का नंबर दिया। उसके बाद उग्रवादी संगठन ने वर्करों को यह आदेश दिया कि कल से काम बंद कर दो और ऊपर के अधिकारियों को सूचना दो कि वे हम लोगों से बात कर लें। बातचीत करने के बाद ही काम शुरू करें। बंदी बने 20 से 25 रेलवे वर्करों को लगभग 45 मिनट तक जंगल में रखने के बाद छोड़ दिया और सिक्योरिटी गार्ड का मोबाइल ले गये। इसी दौरान बैचिंग प्लांट में पिकअप वैन को डंडे से मार कर शीशा तोड़ दिया है। रेलवे में काम कर रहे वर्करों ने बताया कि इस तरह की उग्रवादी घटना हमारी कंपनी में तीसरी बार हुई है, जिससे हम सभी बहुत भयभीत हैं। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद चंदवा थाना के प्रभारी नारायण यादव एंटी लैंड माइंस टीम ल्के साथ रात्रि में ही घटनास्थल पर पहुंच गये। छापेमारी भी की, परंतु उग्रवादी संगठन के लोग नहीं मिले। उसके बाद वर्करों से थाना प्रभारी नारायण यादव ने बातचीत की और उनकी आपबीती सुनी। उसके बाद थाना प्रभारी नारायण यादव ने कंपनी के सभी वर्करों को कहा कि आप निर्भीक होकर कार्य करें, हम लोग कार्रवाई करेंगे।

## थाना प्रभारी नारायण यादव ने क्या कहा

थाना प्रभारी नारायण यादव ने कहा कि सर्च अभियान जारी है उन्होंने आश्वस्त किया कि हमला करनेवाले लोगों का हम हर हाल में पर्दाफाश करेंगे। कानून से कोई नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि कंपनी की तरफ से आवेदन मिला है। प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। दोषियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शुरू

# पीएम नरेंद्र मोदी ने कमजोर बूथों पर काम का दिया निर्देश



● नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव पर हुआ मंथन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने 2023 में नौ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा इलेक्शन की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में सोमवार को पार्टी कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में शुरू हुई। यह मंगलवार को भी जारी रहेगी। बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद मार्ग के पटेल चौक से लेकर एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर तक 15 मिनट का रोड शो किया। इसके बाद वह सीधे कार्यकारिणी की बैठक में पहुंचे और विधिवत कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, सभी महासचिव, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, सभी प्रदेशाध्यक्ष और पदाधिकारी भी शामिल हुए। इससे पहले भाजपा हेडक्वार्टर में सोमवार सुबह जेपी नड्डा ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी।

# चंपई सोरेन को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर ले जाया गया चेन्नई

### सीएम हेमंत ने चंपई सोरेन के स्वस्थ होने की कामना की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य के आदिवासी कल्याण और परिवहन मंत्री चंपई सोरेन की हालत अचानक खराब हो गयी है। उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए एयर एंबुलेंस से सोमवार को चेन्नई ले जाया गया है। सोरेन के साथ उनके बड़े बेटे भी चेन्नई गये हैं। मंत्री एक सप्ताह से बीमार हैं। बताया गया है कि मंत्री का शुगर लेवल कम हो गया है इसलिए उन्हें चेन्नई ले जाने की नौबत आ गयी है। चंपई सोरेन पहले भी दो बार चेन्नई के अस्पताल में एडमिट हो चुके हैं। यह तीसरा मौका है, जब उन्हें चेन्नई ले जाया गया है। उन्हें तेज बुखार हुआ था। रविवार को तड़के चार बजे जमशेदपुर स्थित टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) में उन्हें भर्ती कराया गया। यहां उनके खून और यूरिन की जांच के लिए सैंपल लिया गया।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी उनका हालचाल लेने टीएमएच पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी फोन पर उनका हालचाल लिया था। सोमवार को जब उनकी हालत और बिगड़ने लगी तो डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उनको चेन्नई ले जाने की सलाह दी।

इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर चंपई सोरेन के स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में साथी मंत्री चंपई सोरेन जी को बेहतर चिकित्सा के लिए चेन्नई भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य खराब होने के बाद चंपई दा का टीएमएच जमशेदपुर में इलाज चल रहा था। आप शीघ्र स्वस्थ होकर आयें, परमात्मा से यही कामना करता हूं।




# कोकर में हाइवे के बगल की जमीन को लेकर विवाद

### आदिवासियों का दावा, यह जमीन सरनास्थल है : जमीन के कागजात धनबाद के विष्णु अग्रवाल के नाम




**अजय शर्मा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** कोकर में हाइवे के किनारे करीब सवा एकड़ जमीन को लेकर पिछले कुछ दिनों से विवाद हो गया है। जमीन के कागजात धनबाद निवासी विष्णु अग्रवाल के नाम से है, जबकि स्थानीय आदिवासियों का कहना है कि यह सरना स्थल है। इस पर वे वर्ष 1988 से पूजा-अर्चना करते आये हैं। हालांकि इससे संबंधित दस्तावेज आदिवासियों के पास नहीं है। मालिकाना हक को लेकर बढ़ते विवाद के मद्देनजर सदर थाना प्रभारी ने अंचलाधिकारी से इस पूरे मामले पर एक रिपोर्ट भी मांगी थी। उसमें अंचलाधिकारी ने लिखा है कि इस जमीन की लगान 2022-23 तक दी जा चुकी है। इसकी रसीद विष्णु कुमार अग्रवाल की रुद्रमाला मैनेजमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से निर्गत है।

**क्या लिखा है बड़गाईं सीओ ने**

सीओ ने 10 दिसंबर 2022 को अपनी रिपोर्ट सौंपी है। इसमें लिखा है कि तिरिल के खाता संख्या 94 प्लॉट संख्या 625 ए, 625 बी, 625 सी, 625 डी और 625 इ का कुल रकबा एक एकड़ 12 डिसमिल है। यह रैयती भूमि है। इस भूमि का क्रय-विक्रय किया जा सकता है। पंजी टू में रैयत अरुण इंडस्ट्रीज द्वारा अरुण कुमार साबू वगैरह के नाम से वर्ष 1989-90 से वर्ष 2018-19 तक रसीद निर्गत है। रुद्रमाला मैनेजमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से वर्ष 2022-23 तक लगान रसीद निर्गत है। यह जमीन कोकर चौक से आगे मदन ढाबा के पास है। इसका खतियान लालपुर निवासी गजेंद्र नाथ चक्रवर्ती के नाम है। रिपोर्ट के मुताबिक पंजी टू के अनुसार इसमें से करीब 16 डिसमिल भूमि की जमाबंदी रैयत अरुण इंडस्ट्रीज द्वारा अरुण कुमार साबू, विमल कुमार केजरीवाल की पत्नी रेखा केजरीवाल और नीरज कुमार काबरा की पत्नी सरोज काबरा वगैरह के नाम से है। बाकी जमीन रुद्रमाला मैनेजमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड और विष्णु कुमार अग्रवाल के नाम से है।

आजाद सिपाही 188100 Subscribers | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+ | Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel | Subscribe NOW | No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 53,600 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



### देश के सबसे बड़े उद्योगपति पर एकमुश्त कर लगाने से 50 लाख से अधिक प्राथमिक शिक्षकों को रोजगार

# भारत के 21 अरबपतियों के पास देश के 70 करोड़ लोगों से ज्यादा दौलत

## ■ एक प्रतिशत लोगों के पास देश की कुल संपत्ति का 40 प्रतिशत हिस्सा

## ■ सिर्फ दो फीसदी टैक्स मात्र से अगले तीन साल तक कुपोषण दूर हो सकता है

भारत के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों के पास देश की कुल संपत्ति का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है, वहीं दूसरी ओर देश की आधी आबादी देश की कुल संपत्ति के महज तीन प्रतिशत में अपना गुजर-बसर कर रही है। यानी भारत के 21 अरबपतियों के पास देश के 70 करोड़ लोगों से ज्यादा दौलत है। इसके अनुसार तो इतने पैसों से अगले तीन साल तक देश में कुपोषण दूर हो सकता है। भारत का पूरा बजट 18 महीने तक चलाया जा सकता है। जी हां, आपने सही सुना। दुनिया में हमेशा से ही अमीरी और गरीबी के फर्क को लेकर लंबी बहस छिड़ी रहती है। सबकी अपनी-अपनी राय भी होती है। अमीरों से ज्यादातर लोगों को नफरत भी होती है। नफरत कहें या जलन, यहां विरोधाभास हो सकता है। उन लोगों को गरीबों से लगाव होता है। ऐसा उनकी कथनी से झलकता है। लेकिन करनी का समय आते ही वही लोग गरीब होना नहीं चाहते। उन्हें भी अमीर ही बनना है। राजनीति भी गरीबों को लेकर ही होती है। हर छोटे-बड़े नेता को गरीबी दूर करना होता है, लेकिन उनसे यह होता नहीं है। हां, वे गरीबों के नेता और अमीर जरूर बन जाते हैं। फॉर्च्यूनर में घूमते हैं और खुद को पिछड़ों का नेता बताते हैं। भले अमीरी-गरीबी पर बहस लोगों का पसंदीदा विषय है, क्योंकि इसमें बोलने के लिए बहुत कुछ होता है, लेकिन असल समाधान उनके पास भी नहीं होता। अमीरी-गरीबी पर बहस कभी बंद तो नहीं होगी, लेकिन अमीर सिर्फ अमीर होता जाये ओर देश की 40 प्रतिशत आबादी जितनी संपत्ति मात्र एक प्रतिशत लोगों के पास आ जाये, तो यह विषय चर्चा का है ही, साथ ही चिंतनीय भी है। तरक्की होनी चाहिए, लेकिन अमीरी-गरीबी का फासला कम भी होना चाहिए। तभी देश तरक्की करेगा अन्यथा देश पूंजीपतियों का गुलाम हो जायेगा। भारत जैसे विकासशील देश में अमीरी-गरीबी का अंतर लगातार बढ़ता जा रहा है। ऑक्सफैम की हालिया रिपोर्ट में इससे जुड़े कई खुलासे भी हुए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के 21 अरबपतियों के पास मौजूदा समय में देश के 70 करोड़ लोगों से ज्यादा दौलत है। अब इसी से समझा जा सकता है कि अमीर और अमीर होता जा रहा है और गरीब और गरीब। क्या कहा गया है ऑक्सफैम की रिपोर्ट में, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

**देश** में अमीरों की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है। यह अच्छा भी है। देश में अमीरों की संख्या बढ़नी ही चाहिए। फिलहाल भारत कुल 166 अरबपतियों का केंद्र बन चुका है। लेकिन अगर अमीरों की संख्या में इजाफा हो और गरीबों की संख्या में भी इजाफा हो तो यह एक डिस्बैलेंस है। गरीबों की संख्या घटनी चाहिए। उनकी भी आर्थिक स्थिति सुधारनी चाहिए। ऑक्सफैम इंडिया की रिपोर्ट में जो खुलासा किया गया है, उसे जान आप दंग रह जायेंगे। दरअसल इस रिपोर्ट के माध्यम से सामने आया है कि देश के महज 21 अरबपतियों के पास इतनी दौलत है, जो देश के 70 करोड़ लोगों से ज्यादा है। जी हां, यह सच है। रिपोर्ट की मानें, तो कोरोना के बाद से बीते साल तक टॉप अरबपतियों ने हर रोज तीन हजार 608 करोड़ रुपये हर दिन बढ़े हैं। जी, यह भी अक्षरशः सत्य है। हो सकता है आपको अपनी आंखों और कानों पर विश्वास नहीं हो पा रहा हो, लेकिन यह सही है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 में कोरोना महामारी शुरू होने के बाद से नवंबर 2021 तक जहां अधिकतर भारतीयों को नौकरी संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा और अपनी बचत को बचाने के लिए जूझना पड़ा, वहीं पिछले साल नवंबर तक भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में 121 फीसदी का इजाफा देखा गया। यानी प्रतिदिन तीन हजार 608 करोड़ रुपये बढ़े हैं।

### भारत में सबसे अमीर लोगों की संपत्ति 660 अरब डॉलर के पार, 18 महीने देश का खर्च उठा सकते हैं 100 अमीर

रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में भारत के पांच फीसदी लोगों का देश की कुल संपत्ति में से 62 फीसदी हिस्से पर कब्जा था। वहीं, भारत की निचली 50 फीसदी आबादी का देश की महज तीन फीसदी संपत्ति पर कब्जा रहा। ऑक्सफैम की यह रिपोर्ट- सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्टः द इंडिया स्टोरी के मुताबिक, भारत में जहां 2020 में अरबपतियों की संख्या 102 थी, वहीं 2022 में यह आंकड़ा 166 पर पहुंच गया है। यह रिपोर्ट स्विट्जरलैंड के दावोस में होने वाली वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में पेश की जायेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की संपत्ति 660 अरब डॉलर (करीब 54 लाख 12 हजार करोड़ रुपये) के पार जा चुकी है। बता दें कि इससे भारत का पूरा बजट 18 महीने तक चलाया जा सकता है।



### अगले तीन साल तक कुपोषण दूर हो सकता है

अगर भारतीय अरबपतियों की कुल संपत्ति पर सिर्फ दो फीसदी टैक्स ही लगाया जाये, तो इससे अगले तीन साल तक कुपोषण के शिकार बच्चों के लिए सभी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट शीर्षक वाली रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अगर भारत के अरबपतियों पर उनकी पूरी संपत्ति पर दो प्रतिशत की दर से एक बार कर लगाया जाता है, तो इससे देश में कुपोषित लोगों के पोषण के लिए अगले तीन साल तक 40 हजार 423 करोड़ रुपये की जरूरत को पूरा किया जा सकेगा। इसमें कहा गया है कि देश के 10 सबसे अमीर अरबपतियों (1.37 लाख करोड़ रुपये) पर पांच प्रतिशत का एकमुश्त कर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (86,200 करोड़ रुपये) और आयुष मंत्रालय (3,050 करोड़ रुपये) की ओर से वर्ष 2022-23 के लिए अनुमानित धन के 1.5 गुना से अधिक है।

पिछले 10 सालों में भारत में पैदा हुई संपत्ति के गैर-बराबर बंटवारे के मुद्दे को भी रिपोर्ट में उठाया गया है। इसमें कहा गया है कि 2012 से 2021 के बीच भारत में जितनी भी संपत्ति अस्तित्व में आयी, उसका 40 प्रतिशत हिस्सा देश के सबसे अमीर एक फीसदी के हाथ में गया। वहीं, 50 फीसदी जनता के हाथ में महज तीन फीसदी संपत्ति ही आयी है। सिर्फ एक अरबपति गौतम अडाणी पर 2017-2021 के दौरान अवास्तविक लाभ पर एकमुश्त कर से 1.79 लाख करोड़ रुपये जुटाये जा सकते थे। यह राशि एक साल के लिए 50 लाख से अधिक भारतीय प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों को रोजगार देने के लिए पर्याप्त है। देश के अमीरों की दौलत में किस तरह से इजाफा हुआ है, उसका अंदाजा देश के दिग्गज उद्योगपति गौतम अडानी और मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में तेजी देख कर लगाया जा सकता है। बीते साल 2022 में गौतम अडानी दुनिया के अन्य अमीरों की तुलना में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अरबपति रहे। ताजा रिपोर्ट में इस बात की भी जानकारी दी गयी है कि 2020 में भारत में कुल अरबपतियों की संख्या 102 थी, लेकिन 2022 में ये आंकड़ा बढ़ कर 166 हो चुका था।

### महिला श्रमिकों और पुरुष श्रमिकों में भारी अंतर

लैंगिक असमानता पर रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला श्रमिकों को एक पुरुष श्रमिक को हासिल प्रत्येक एक रुपये के लिए केवल 63 पैसे मिलते हैं। अनुसूचित जातियों और ग्रामीण श्रमिकों के लिए अंतर और भी अधिक है- अनुसूचित जातियों ने सामाजिक समूहों की कमाई का 55 प्रतिशत कमाया और बाद में 2018 और 2019 के बीच शहरी कमाई का केवल आधा हिस्सा उनके पास गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि शीर्ष एक सौ भारतीय अरबपतियों पर 2.5 प्रतिशत कर लगाने या शीर्ष 10 भारतीय अरबपतियों पर पांच प्रतिशत कर लगाने से बच्चों को स्कूल वापस लाने के लिए आवश्यक लगभग पूरी राशि इकट्ठा हो जायेगी।

### दुनिया के अमीरों की दौलत हर दिन 22 हजार करोड़ रुपये बढ़ी

ओक्सफैम ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि दुनिया के अमीरों की दौलत हर दिन 22 हजार करोड़ रुपये बढ़ी है। दुनिया के अमीरों पर पांच फीसदी टैक्स लगाने से एक साल में करीब 1.7 लाख करोड़ रुपये इकट्ठे किये जा सकते हैं, जो कि दुनिया के करीब दो अरब लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाल सकते हैं। सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2020 से दुनिया में करीब 42 ट्रिलियन यूएस डॉलर की संपत्ति कमाई गयी है, जिसमें से करीब दो तिहाई संपत्ति दुनिया के सिर्फ एक फीसदी अमीरों के हिस्से में गयी है।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दशक में दुनिया के एक फीसदी अमीरों ने दुनिया भर में कमायी गयी कुल संपत्ति में से आधी पर कब्जा किया था। हालांकि बीते 25 सालों में अमीरों और गरीबों के बीच में असमानता ज्यादा देखने को मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां एक आम आदमी अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में रोजाना बलिदान दे रहा है, वहीं अमीर लोग दिनों दिन अमीर होते जा रहे हैं। बीते दो वर्ष अमीरों के लिए खास तौर पर फायदेमंद रहे हैं। कोरोना महामारी के दौरान कमायी गयी कुल संपत्ति में से 26 ट्रिलियन यूएस डॉलर पर पूरा कब्जा एक फीसदी अमीरों का रहा था। वहीं बाकी 99 फीसदी लोगों के हिस्से में 16 ट्रिलियन डॉलर की ही संपत्ति आयी थी। अमीरों की संपत्ति में साल 2022 के दौरान तेजी से बढ़ोत्तरी हुई। इसकी वजह बढ़ती महंगाई और ऊर्जा क्षेत्र से मिलने वाला मुनाफा रहा। रिपोर्ट के अनुसार, बीते साल 95 फीसदी खाद्य और ऊर्जा कंपनियों ने दोगुने से भी ज्यादा मुनाफा कमाया है।

भारत के बौद्धिक और राजनीतिक हलकों में अमीरी-गरीबी बहस का सबसे प्रिय विषय है, लेकिन ऑक्सफैम की ताजा रिपोर्ट चिंतनीय है। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद अब अमीरी-गरीबी के बीच की खाई को कम करना जरूरी हो गया है।

## ट्वीट :

### हेमंत सोरेन



केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन से मुलाकात का अवसर मिला। उनके साथ द्विपक्षीय हितों और आपसी सहयोग के मुद्दों पर विचार विमर्श किया।

### बाबूलाल मरांडी



इडी की छापामारी में सीए सुमन कुमार के यहां से करीब बीस करोड़ रुपये नकदी की बरामदगी के बाद जेल गयी आइएएस पूजा सिंघल पर प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट में मामला दर्ज करने का आदेश देने वाली संचिका पर कार्रवाई करने से आपको किसने रोक रखा है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी? सुना है पूजा सिंघल की संपत्तियों की जब्ती एवं जांच में मिले सबूतों पर विस्तारपूर्वक रिपोर्ट के साथ पीसी एक्ट में कानूनी कार्रवाई के लिए इडी ने आपको रिपोर्ट भेजी है। दो बार रिमाइंडर भी दिया है। पर आप खामोश हैं। कार्रवाई करने से किस बात का डर है आपको? यह जानकारी जनता को दीजिये।

### रघुवर दास



झारखंड में हेमंत सरकार के सत्ता में आने के बाद से कानून-व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त हो गयी है। खासकर भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले बढ़ गये हैं। पालकोट के सुमित केसरी की हत्या इसी का अंजाम है। राज्य के डीजीपी को पत्र लिखकर अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई का आग्रह किया।

### डॉ निशिकांत दुबे



माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की देन। देवघर हवाई अड्डे से रांची के लिए हवाई सेवा का कार्य आरंभ महा शिवरात्रि के दिन, 17 फरवरी से। टिकट की बिक्री शुरू। 1999 रुपये में आप देवघर से रांची जा सकते हैं। मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी तथा इंडिगो एयरलाइंस का आभार।

### सरयू राय



जमशेदपुर में टाटा कमांड एरिया से अधिक आबादी गैर टाटा एरिया की हो गयी है। यहां की विकास योजनाएं तैयार करने के लिए जेएनएसी को एक टाउन प्लानर चाहिए। सिटी मैनेजर इसके लिए सक्षम नही हैं। सक्षम अभियंता के अभाव में योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति जुगाड़ के अभियंता से हो रही है।

# जननायक महेंद्र सिंह के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि देने उमड़ा जनसैलाब

**पैतृक गांव खंभरा में दी गयी श्रद्धांजली, दो किलोमीटर लंबी रैली निकली**

सुधीर सिन्हा




**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** झारखंड के जननायक और संघर्षशील वामपंथी नेता के रूप में सदन से सड़क तक शोषित के खिलाफ आवाज उठाने वाले बगोदर के पूर्व विधायक महेंद्र सिंह के 16वें शहादत दिवस के मौके पर सोमवार को एक बार फिर बगोदर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। शहादत दिवस को लेकर पूरे बगोदर इलाके को जहां लाल झंडे से पाट दिया गया था, वहीं माले कार्यकर्ताओं ने मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पूर्व जगह-जगह मार्च निकाल कर स्व महेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरूआत बगोदर विधायक बिनोद सिंह के पैतृक गांव खंबरा में स्वर्गीय महेंद्र सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद खंबरा गांव से ही विशाल रैली निकाली गयी। इस दौरान रैली में करीब दो हजार से अधिक समर्थक लाल झंडे के साथ जुटे थे। लाल झंडा और बैनर लिये समर्थकों का हुजूम अपने संघर्षशील नेता के समर्थन में नारे भी जोश और उत्साह के साथ लगा रहे थे । एक-एक समर्थक जोशीले अंदाज में महेंद्र सिंह तुम जिंदा हो, खेतों में खालियानों में, जनता के अरमानों में जैसे कई नारे लगा कर अपने नेता को श्रद्धांजलि देते दिखे। इस दौरान रैली में शामिल करीब दो किलोमीटर से भी अधिक समर्थकों की भीड़ जुटी थी। रैली पूरे बगोदर का भ्रमण करते हुए बगोदर स्थित भाकपा माले के कार्यालय पहुंची, जहां कार्यालय में भी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान बगोदर विधायक विनोद सिंह, माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, माले नेता राजेश यादव, गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा, नौशाद अहमद चांद, परमेश्वर भगत, मनोज भगत समेत हजारों माले कार्यकताओं ने अपने जननायक के शहादत दिवस में जुटे थे। ततपश्चात बगोदर बस पड़ाव में भाकपा माले ने जनसंकल्प सभा का भी आयोजन किया।

# सीएम के आगमन से पदाधिकारियों में हलचल

**जिले से लेकर प्रखंड स्तर पर चारों ओर रंग रोगन का कार्य किया जा रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** सीएम हेमंत सोरेन के गिरिडीह आगमन को लेकर सभी विभाग कुंभकरण की नींद से जाग गये हैं। जिले से लेकर प्रखंड स्तर पर चारों ओर रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है। सड़कें पूरी तरह से मरम्मत की जा रही हैं, हो भी क्यों ना, सीएम का आगमन जो हो रहा है।

बता दें कि जिले के जमुआ प्रखंड के चौक चौराहों को पूरी तरह से रंग रोगन कर दिया गया है। चारों ओर स्वच्छता ही स्वच्छता दिख रहा है। जमुआ भाया कोडरमा, जमुआ भाया द्वारपहरी, जमुआ भाया देवघर रोड के डायवर्सन को पूरी तरह से रंग रोगन कर दिया गया है, जिससे कि जमुआ चौक पूरी तरह से चमक रहा है। रातों रात सड़क की मरम्मत हो जा रही है।

बता दें कि पिछले कुछ दिन पहले पेपरों में जमुआ चौक पर जर्जर सड़क को लेकर खबर भी छपी, जिसमें आये दिन छोटे-छोटे हादसे होते रहे, लेकिन विभाग कुंभकरण की नींद सोया है, जब सीएम के आगमन की खबर मिली तो रातों रात जर्जर सड़क को मरम्मत कर दिया गया, क्योंकि सीएम का काफिला जमुआ चौक होकर जो गुजरना है। जमुआ चौक सज-धज कर पूरी तरह तैयार है। वहीं पदाधिकारियों का काफिला लोगों को सफाई रखने की हिदायत दे रहा है। लोगों को बड़ी-बड़ी हिदायतें दी जा रही हैं कि सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाये, कचरा इधर-उधर ना फेंके। आज देखने पर जमुआ चौक चौराहा का नजारा ही कुछ और है।

दूसरी तरफ जमुआ भाया देवघर रोड दुबे नर्सिंग होम के एक 100 मीटर की दूरी पर जर्जर सड़क आज भी उसी तरह है। वहां भी रोज कोई ना कोई गिर रहा है, लेकिन देखने वाला कोई नहीं। वहीं कुछ दूरी आगे जाने पर रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे सड़क और भी जर्जर है, जहां आये दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन किसी को क्या मतलब, क्योंकि उस तरफ से सीएम का काफिला नहीं गुजरेगा इसलिए उस जर्जर सड़क को उसी तरह छोड़ दिया गया है, जहां आये दिन हादसे हो रहे हैं।

लोगों का कहना है कि अगर इसी तरह सीएम का दौरा गिरिडीह जिले में होता रहा, तो यहां विकास की गाथा लिखी जा सकती है। चारों तरफ विकास की एक नयी पहल होगी, क्योंकि विभाग यहां कुंभकरण की नींद हमेशा सोते रहता है जब किसी आने की गुनगुनाहट उनके कानों तक पहुंचती है तो विभाग हरकत में आता है। वही लोगों का कहना है कि उस जर्जर सड़क को जल्द से जल्द मरम्मत कर दिया जाये, ताकि कोई बड़ा हादसा होने से टल सके।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.7 °c | 9.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.25 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.33 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 17 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



# परीक्षा का परिणाम आपके जीवन का परिणाम नहीं है : संजय सेठ

**आर्ट एवं पेंटिंग एग्जाम वॉरियर प्रतियोगिता में 45 स्कूलों के 1500 बच्चों ने भाग लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा से पूर्व सोमवार को रांची में भव्य आर्ट एवं पेंटिंग एग्जाम वॉरियर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। रांची के सांसद संजय सेठ के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में रांची के 45 छोटे-बड़े स्कूलों से जुड़े 1509 से अधिक बच्चों ने सहभागिता निभायी। एक घंटे की इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का जबरदस्त प्रदर्शन किया और परीक्षा पे चर्चा से संबंधित कई कलाकृतियां बनायीं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से केंद्रीय खादी ग्रामोद्योग आयोग के सदस्य व इस आयोजन के राज्य प्रभारी मनोज कुमार सिंह, गुरु नानक स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुलतार सिंह होड़ा और कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के निदेशक धनंजय कुमार मौजूद रहे।

वहीं श्री सेठ ने कहा कि यह प्रतियोगिता कोई प्रतियोगिता नहीं है। यह आपके लिए उत्सव है, जिसमें आप अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस देश के हर वर्ग से संवाद किया है। इसी क्रम में वे बच्चों से संवाद करते हैं। प्रधानमंत्री जी स्पष्ट कहते हैं कि यह परीक्षा जीवन की परीक्षा नहीं है। इसलिए परिणाम की चिंता किये बगैर आप बेहतर नागरिक बनने के लिए काम करें।

श्री सेठ ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा आप बच्चों के लिए बहुत ही प्रेरणादायक कार्यक्रम होता है, जो आपको जीवन में हर परिस्थिति में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इसलिए 27 जनवरी को प्रधानमंत्री का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम हम सब को अवश्य सुनना चाहिए। इस अवसर पर एसडी सिंह, विनय जयसवाल, पूनम आनंद, गुरविंदर सिंह शेट्टी, रमेंद्र कुमार, राजीव सहाय सहित कई अन्य मौजूद थे।



# स्वास्थ्य विभाग के अनुबंध कर्मियों का विरोध-प्रदर्शन

**विरोध प्रदर्शन में पुलिस और स्वास्थ्य कर्मियों के बीच धक्का-मुक्की, सीएम से मिलने की मांग पर अड़े कर्मचारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में स्वास्थ्य विभाग के अनुबंध कर्मियों ने स्थायीकरण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने मुख्यमंत्री आवास से पहले प्रदर्शन रोकने की कोशिश की, तो आंदोलन कर रहे स्वास्थ्य कर्मचारियों ने आगे बढ़ने की कोशिश की। पुलिस को इस दौरान हल्का बल का प्रयोग करना पड़ा।

## पांच लोग हैं घायल

एएनएम जीएनएम संघ की प्रदेश महासचिव जूही मिंज ने कहा, हमारे कुछ साथी घायल हैं। एक साथी के पैर में गंभीर चोट आयी है। मोरहाबादी से जुलूस के रूप में निकले आंदोलनकारी राजभवन पहुंचे। यहां नारेबाजी के क्रम में बैरिकेडिंग तोड़ कर आगे बढ़ने की कोशिश की गयी। आंदोलनकारी अनिश्चित कालिन हड़ताल पर जाने की घोषणा कर चुके हैं। इनकी मांग है कि पांच लोगों की कमेटी मुख्यमंत्री से मिले और अपनी बात रखे।



**मोरहाबादी से निकला था जुलूस**

स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न समूह में सेवा दे रहे इन अनुबंधकर्मियों ने मोरहाबादी मैदान से जुलूस निकाला। लगभग हजार की संख्या में पारा चिकित्साकर्मी, एएनएम, जीएनएम, फार्मासिस्ट, एक्स-रे तकनीशियन, लैब तकनीशियन सीएम आवास के पास बैठ कर आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे कर्मियों का कहना है कि राज्य सरकार केवल वायदे कर रही है। अपने किसी भी वायदे को पूरा नहीं कर पा रही है। हमे छलने का काम कर रही है।

**इसलिए आंदोलन को हुए मजबूर**

आंदोलन पर बैठे राज्य भर के आये कर्मियों ने बताया कि वर्तमान सरकार ने तीन महीने में अनुबंध कर्मियों के समायोजन का वादा किया था। लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की गयी है। अब हम लोग अनशन से पहले घेराव करेंगे। इसके बाद लगभग 8000 अनुबंध कर्मी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जायेंगे।

**क्या हैं कर्मचारियों की मांगें**

संघ की ओर से जो जानकारी दी गयी है, उसमें बताया गया है कि संघ ने पारा मेडिकल नियमावली 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सभी पारा मेडिकल कर्मियों को वर्ष 2014 की तरह विभागीय समायोजन की प्रक्रिया अविलंब आरंभ करने की मांग की थी।

जवाहर नवोदय विद्यालय
ग्राम-पुतो, पोस्ट-करमा, जिला-कोडरमा-825409 (झारखंड)

जवाहर नवोदय विद्यालय, पुतो, कोडरमा (झारखंड) चयन परीक्षा -2023

जवाहर नवोदय विद्यालय, पुतो, कोडरमा में **सत्र 2023-24** के लिए **कक्षा छः (VI)** में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है, जो पूर्णतया निःशुल्क है। आवेदन केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जाएंगे।

**अभ्यर्थी का पात्रता निम्न है :-**
अभ्यर्थी कक्षा-3 एवं कक्षा - 4 किसी सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय से पूरे शैक्षिक सत्र में अध्ययन एवं उत्तीर्ण किया हो तथा कोडरमा जिले में शैक्षिक सत्र 2022-23 में कक्षा-5 में अध्ययनरत् होना अनिवार्य है।
पूर्व में आयोजित प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी इस सत्र की प्रवेश परीक्षा हेतु पात्र नहीं हैं।
अभ्यर्थी का जन्म 01.05.2011 से 30.04.2013 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के मध्य होना चाहिये।
आवेदन करने हेतु नवोदय विद्यालय समिति की ऑनलाईन लिंक https://navodaya.gov.in का प्रयोग करें। निर्धारित प्रपत्र को भरकर प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका द्वारा सत्यापित कर ऑनलाईन लिंक https://navodaya.gov.in पर जाकर उक्त भरे हुए आवेदन पत्र को निःशुल्क अपलोड कर आवेदन करना होगा। आवेदन करने हेतु **जवाहर नवोदय विद्यालय, कोडरमा** का वेबसाईट **www.jnvkoderma.gov.in** का भी प्रयोग कर सकते हैं।

**आवेदन हेतु आवश्यक कागजात :-**
1. अभ्यर्थी का फोटो एवं हस्ताक्षर (10kb-100kb jpg/jpeg)
2. अभिभावक का हस्ताक्षर (10kb -100kb jpg/jpeg)
3. सक्षम सरकारी अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया आधार एवं आवासीय प्रमाण पत्र (50kb-300kb jpg/jpeg)

**आवेदन भरने की अंतिम तिथि :- 31.01.2023**
**संयोजक संपर्क सूत्र :- 8102936097**
**परीक्षा की तिथि :- 29.04.2023**
ह०/- (महुआ गुहा रॉय)
प्राचार्य
Ref. No. : JNVST/JNVKODERMA/2022-23/1097 Dated : 16.01.2023

# आदिवासी, वंचितों के मानवाधिकार हनन के विरुद्ध कार्रवाई की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड जनाधिकार महासभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें ज्ञापन सौंप कर सरकार से राज्य में आदिवासी और वंचितों के मानवाधिकार के लगातार हनन के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। सचिव ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

आदिवासी, मूलवासियों पर होनेवाले दमन से अवगत कराया

प्रतिनिधिमंडल ने सचिव को वर्तमान में आदिवासी, मूलवासियों एवं वंचितों के विरुद्ध विभिन्न तरीकों से पुलिसिया और सुरक्षा बलों द्वारा किये जा रहे दमन के मामलों से अवगत कराया। बताया गया कि पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार समेत अन्य कई जिलों में नक्सल अभियान की आड़ में सुरक्षा बल द्वारा आदिवासियों पर व्यापक हिंसा हो रही है। हिंसा के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। हिंसा के विरुद्ध प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की जाती है। अधिकांश मामलों में न तो पीड़ितों को मुआवजा मिला है और न ही दोषियों पर कार्रवाई हुई है। सौंपे गये ज्ञापन में सरकार से मांग की गयी है कि सभी मामलों में उचित कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय और मुआवजा और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाये। प्रतिनिधिमंडल में आलोका कुजूर, अनिल सिंह, एलिना होरो, लालमोहन सिंह, पीएम टोनी और सिराज शामिल थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना, उच्चस्तरीय लोगों से संपर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी। |
| वृष | कुछ ऐसी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा जो काफी दिनों से लंबित रहे। |
| मिथुन | आजीविका के क्षेत्र में सफलता, कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर, राजनीतिक लाभ। |
| कर्क | धार्मिक कार्य में रूचि, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण, आत्मविश्वास में वृद्धि। |
| सिंह | नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं सफल होने में कुछ बिलंब होने की संभावना। |
| कन्या | प्रेमप्रसंगों में उलझन होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद। |
| तुला | जमीन-मकान संबंधी महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे, छात्रों के लिए समय उत्साहवर्धक रहेगा। |
| वृश्चिक | राजनीतिक व्यक्तियों को प्रभावशाली पद प्राप्त होगा, प्रेरक प्रसंगों की अभिवृद्धि होगी। |
| धनु | विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। |
| मकर | सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से दूर रहें, हर्षदायक समाचार मिलेंगे। |
| कुंभ | स्वास्थ्य में सुधार, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। |
| मीन | सरकारी और न्यायालयीय कार्यों में कठिनाई उत्पन्न होगी, कठिन परिश्रम-प्रयत्न से व्यापार में लाभ। |

# झारखंड को 12 फरवरी तक मिलेगा नया डीजीपी, यूपीएससी ने भेजे तीन नाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**11 फरवरी को रिटायर हो रहे डीजीपी नीरज सिन्हा**

**नयी दिल्ली।** झारखंड सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी कि राज्य के नये पुलिस प्रमुख की नियुक्ति 12 फरवरी तक हो जायेगी। उन्हें यूपीएससी पैनल की तरफ से इसके लिए तीन वरिष्ठ आइपीएस अधिकारियों के नाम भी मिल चुके हैं। मालूम हो कि झारखंड के मौजूदा डीजीपी और 1987 बैच के आइपीएस अधिकारी नीरज सिन्हा आगामी 11 फरवरी को पद छोड़ रहे हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में एक अवमानना याचिका दाखिल की गयी है, जिसमें बताया गया है कि नीरज सिन्हा 31 जनवरी 2022 को रिटायर होने के बाद भी पद पर बने हुए हैं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य में डीजीपी की नियुक्ति पर हो रही देरी में झारखंड सरकार के पक्ष पर गौर फरमाया। इस पीठ में जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला भी शामिल थे। उन्हें झारखंड सरकार की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बताया कि यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन ने बीते 5 जनवरी को तीन नाम चुने थे। उन्होंने बताया, हम 12 फरवरी को इनमें से किसी एक को चुनेंगे। वर्तमान पुलिस महानिदेशक 11 जनवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इससे पहले 19 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में नये पुलिस प्रमुख की नियुक्ति में हो रही देरी पर झारखंड सरकार से जवाब मांगा था। कोर्ट ने कहा था कि इस बारे में सरकार यूपीएससी को जानकारी दें।

# कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप भी इडी के समक्ष नहीं होंगे पेश, मांगा दो सप्ताह का समय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक कैश कांड मामले की प्रवर्तन निदेशालय ( इडी) जांच कर रही है। इस मामले में इडी ने तीनों विधायकों को पूछताछ के लिए बुलाया है। कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने इडी से दो सप्ताह का समय मांगा है। वहीं विधायक राजेश कच्छप भी सोमवार को इडी के समक्ष पेश होना था। जानकारी के मुताबिक राजेश कच्छप भी इडी के समक्ष पेश नहीं होंगे। उन्होंने अपनी कुछ व्यस्तताओं का हवाला देते हुए इडी के समक्ष हाजिर होने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है। फिलहाल राजेश कच्छप दिल्ली में हैं।



बता दें कि 30 जुलाई 2022 को 48 लाख रुपये के साथ हावड़ा में कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी की गिरफ्तारी हुई थी। बंगाल पुलिस की सीआइडी की जांच में यह बात सामने आयी थी कि विधायकों ने कोलकाता के ही शेयर ट्रेडर महेंद्र अग्रवाल से पैसे लिये थे।

### रामगढ़ में हुआ अल्पसंख्यक अधिकार सम्मेलन का आयोजन

# महागठबंधन सरकार ने अल्पसंख्यकों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित कर रखा है : एस अली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** चितरपुर स्थित मून स्टार स्कूल में सोमवार को शहीद मंजूरूल हुसैन मेमोरियल फाउंडेशन के द्वारा अल्पसंख्यक अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक मामलों के जानकार एस अली ने कहा कि बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 के तहत झारखंड के अल्पसंख्यकों को जो अधिकार प्राप्त है, उससे महागठबंधन सरकार ने वंचित कर रखा है। रोजगार और विकास की बात तो छोड़ दीजिए 03 वर्षों में अल्पसंख्यकों से जुड़े बोर्ड, निगम, आयोग कमेटी का गठन भी नहीं हुआ। विभिन्न प्रकार के हुए घटनाओं में अल्पसंख्यक पीड़ित परिवारों को न्याय देने की बजाये भेदभाव और उपेक्षा की गयी, कहीं एफआइआर तो कहीं बुलडोजर चलाये गये। सरकार के साथ शीर्ष पद पर बैठे अधिकारी अल्पसंख्यक समुदाय के आइएएस-आइपीएस पर लगे मनगढ़ंत आरोपों पर कारवाई कर रहें हैं। उर्दू भाषा और उर्दू शिक्षक से जुड़े मसले तो हल हुए नहीं लेकिन 05 सौ से ज्यादा उर्दू स्कूलों को जबरदस्ती सामान्य विद्यालय बनाकर जुमा की छुट्टी समाप्त कर दी गयी। समय रहते महागठबंधन सरकार हमारे मसलों को हल करे नहीं तो अभियान पूरे राज्य में चलायेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में इफ्तिखार महमूद ने कहा कि संविधान में प्राप्त अधिकार को सरकार किसी की भी हो देना पड़ेगा। सभा को योगेंद्र उपाध्याय, अधिवक्ता नौशाद आलम, अनवर राही, बीस सूत्री सदस्य मो जकीउल्लाह ने भी संबोधित किया। सम्मेलन की अध्यक्षता फाउंडेशन के सचिव जुलफेकार खान और संचालन असद हुसैन ने किया। सम्मेलन को मौलाना फजलुल कदीर, इस्मे आजम, इमरान अंसारी, हरीश आलम, शमीम अहमद, अख्तर हुसैन, सिब्तैन अब्दुल्ला, बाबर खान, शमसाद खान, मौजाहिद हुसैन, जियाउल्लाह, मो रफीक, मो इम्तियाज आदि शामिल थे।




### सीएम हेमंत के नेतृत्व में खतियानी जोहार यात्रा का दूसरा चरण मंगलवार से कोडरमा में

# 2024 : कोडरमा संसदीय सीट पर झामुमो की पैनी नजर, जीत का दावा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों को टारगेट कर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने खतियानी जोहार यात्रा की शुरूआत की है। कार्यकारी अध्यक्ष राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यात्रा का पहला चरण बीते दिनों पूरा हुआ। अब दूसरे चरण की शुरूआत मंगलवार को कोडरमा जिले से होगी। झामुमो का इस बार उत्तरी छोटानागपुर के दो संसदीय सीटों कोडरमा और गिरिडीह पर फोकस है। 2019 में पार्टी दुमका, राजमहल और जमशेदपुर के अलावा उत्तरी छोटानागपुर की गिरिडीह सीट पर चुनाव लड़ी ।इस बार पार्टी का फोकस गिरिडीह के अलावा प्रमंडल की कोडरमा लोस सीट पर भी। झामुमो यहां से प्रत्याशी देने की तैयारी में है। बीते दिनों भाजपा के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा को झामुमो में शामिल करा कर पार्टी ने इस ओर साफ इशारा किया था। अब खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत कोडरमा से करना इस बात को पुख्ता करता है। बता दें कि 17 जनवरी को यात्रा कोडरमा और 18 जनवरी को गिरिडीह जिले में होगी।

**तैयारी पूरी, झामुमो के बड़े नेताओं ने डाला डेरा**

कोडरमा के बागीटांड़ स्टेडियम से सीएम खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत करेंगे। सीएम सरकारी योजनाओं की समीक्षा करने के साथ क्षेत्र के लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। बागीटांड स्टेडियम में भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है, जहां 10,000 से ज्यादा लोगों के बैठने की क्षमता होगी। वहीं, इस कार्यक्रम में करीब 25000 लोगों के पहुंचने की संभावना है।

**कोडरमा सीट पर पहली बार जीत के दावे के साथ उतरेगा झामुमो**

राज्य गठन के बाद आज तक कोडरमा संसदीय सीट से झामुमो की जीत नहीं हुई है। साफ है 2024 में पहली बार जीत के दावे के साथ झामुमो इस सीट पर उतरने की तैयारी में ह।2019 में कोडरमा सीट पर तत्कालीन झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) के बाबूलाल मरांडी प्रत्याशी थे। इन्हें झामुमो, कांग्रेस और राजद का समर्थन था। अब बाबूलाल भाजपा में हैं, वहीं, भाजपा से पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा को झामुमो में शामिल कराया गया है।

**दो संसदीय और 12 विधानसभा सीटों पर है झामुमो का फोकस**

कोडरमा से यात्रा की शुरूआत के पीछे झामुमो की मंशा कोडरमा एवं गिरिडीह संसदीय सीटों तो है ही, इसके अलावा इसके अंतर्गत आनेवाले 12 विधानसभा सीटें भी हैं।

2019 लोकसभा चुनाव में गिरिडीह सीट से झामुमो नेता जगरनाथ महतो ने चुनाव लड़ा था। हालांकि इन्हें भाजपा समर्थित आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी से (करीब 2.48 लाख वोटों से) करारी शिकस्त मिली थी।

# रेल राज्यमंत्री रावसाहेब दो दिवसीय दौरे पर आज पहुंचेंगे साहिबगंज

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर साहिबगंज पहुंचेंगे। रावसाहेब के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं और उनके स्वागत की तैयारी में जुटे हैं। भाजपा विधायक अनंत ओझा ने बताया कि केंद्रीय रेल राज्यमंत्री 17 जनवरी को सुबह ट्रेन से साहिबगंज रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। राजमहल लोकसभा क्षेत्र में 17 और 18 जनवरी को पार्टी की ओर से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। ओझा ने आगे बताया कि केंद्रीय रेल राज्यमंत्री राव का दो दिवसीय दौरा संगठनात्मक है। इस दौरान साहिबगंज और पाकुड़ जिले में पार्टी की स्थानीय इकाई ने संगठनात्मक बैठक आयोजित की है। इन बैठकों में रेल राज्यमंत्री हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि रेल राज्यमंत्री पंचकठिया शहीद स्थल पर पूजा करेंगे और सिदो-कान्हो की जन्म स्थली भोगनाडीह जायेंगे। रेल राज्यमंत्री को आगामी 2024 लोकसभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया है। यही वजह है कि दानवे का दौरा दूसरी बार साहिबगंज में होने जा रहा है।

## इचाक टू नगवां वाया चंदवारा पथ का निर्माण जल्द नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन: कुमार संतोष सिंह



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के इचाक टू नगवां भाया साडम चंदवारा सड़क आज जर्जर स्थिति में पहुंच गई है। इसपर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं। इस सड़क निर्माण की मांग वर्षो से की जा रही है। मगर विभाग कान में तेल डाल कर सो रहा है। सड़क निर्माण की मांग को लेकर सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव, जिप चेयरमैन उमेश मेहता और झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलम गिर आलम को ज्ञापन सौंप निर्माण की मांग की गई है, मगर अभी तक सड़क निर्माण का प्रोसेस शुरू नहीं हुआ है। जल्द सड़क निर्माण नहीं हुआ तो सैकड़ों ग्रामीणों के साथ जोरदार आंदोलन किया जायेगा। उक्त बातें कांग्रेस नेता कुमार संतोष सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी। कहा की इस सड़क से आधा दर्जन गांव के हजारों लोगों के आवागमन का एक मात्र पथ है। यह सड़क आज गड्ढों में तब्दील हो गई है। पांच किलोमीटर की यात्रा करने में 40 से 45 मिनट का वक्त लग जाता है। यही पथ इचाक प्रखंड को सदर प्रखंड से भी जोड़ती है। पूर्व में सड़क पर धन रोपनी कर सरकार और विभाग का ध्यान भी आकृष्ट किया गया था। कुछ वर्ष पूर्व सिवाने पूल टूटने पर इसी सड़क को वैकल्पिक पथ के रूप में लोग इस्तेमाल करते थे। प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व मुखिया संतोष मेहता, समाजसेवी विनय मेहता, संजय कुमार मेहता उपस्थित थे।

## कुशवाहा महासभा के सम्मेलन को लेकर बटेश्वर ने किया दौरा



**इचाक (आजाद सिपाही)।** झारखंड कुशवाहा महासभा की जिला इकाई का महासम्मेलन 22 जनवरी को हजारीबाग में होगा। जिस की तैयारी को लेकर महासभा के प्रदेश संगठन सचिव बटेश्वर प्रसाद मेहता अपने अन्य सहयोगियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। सोमवार को इन्होंने पदमा और इचाक प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान कुशवाहा बंधुओं को एक मंच पर आने की अपील की। कहा कि 22 जनवरी को हजारीबाग के शिवम बैंक्वेट हॉल में जिला स्तरीय महा सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेश भर के कुशवाहा महासभा के पदाधिकारी एकत्रित होंगे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान श्री मेहता के साथ जिला अध्यक्ष सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक मटुकधारी मेहता, जिला महासचिव सह पूर्व मुखिया डेगनारायण प्रसाद मेहता, पूर्व प्रमुख अयोध्या प्रसाद मेहता, सरोज मेहता, सुनील कुमार मेहता और वकील मेहता समेत कई लोग शामिल थे।

## खनन टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन, परिवहन पर अंकुश लगाने की रणनीति पर चर्चा




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कहा खनन माफियाओं पर योजनाबद्ध तरीके से लगातार संयुक्त कारवाई किया जाये। सभी संबंधित विभाग बेहतर तालमेल से अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित और संयुक्त अभियान चलाए। साथ ही कारवाई किये गये अवैध खनन वाले स्थान पर पुनः अवैध गतिविधि न हो इसके लिए उक्त स्थलों की समय-समय पर मॉनिटरिंग करते रहने का निर्देश दिया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी संयुक्त टीम बनाकर खनन माफियाओं पर कार्रवाई करें। माफियाओं पर कार्रवाई के दौरान पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की उपलब्धता कराई जायेगी। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता विद्युत को इचाक अंचल के साडम मौजा तथा पदमा प्रखंड के सोनपुरा में अवैध क्रशर के समीप अवस्थित ट्रांसफार्मर को हटाने का निर्देश दिया गया। सीसीएल तथा एनटीपीसी के माध्यम से कोयला परिवहन में लगे वाहनों से प्रदूषण की रोकथाम निवारण एवं मानकों के अनुरूप सुरक्षात्मक परिवहन नियमों की अवहेलना करने वाले वाहनों पर जिला परिवहन पदाधिकारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा बड़कागांव, केरेडारी वन क्षेत्र में अवैध कोयले के खनन भंडारण, साथ ही बड़कागांव, केरेडारी, विष्णुगढ़ क्षेत्र में नदियों से अवैध बालू उत्खनन व ट्रैक्टर, हाईवा से बालू का परिवहन पर रोकथाम के लिए अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में डीएफओ, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल अधिकारी सदर विद्याभूषण कुमार, बरही एसडीएम पूनम कुजूर, ज़िला खनन अधिकारी सहित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी सहित टास्क फोर्स के अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## दहेज प्रथा और सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए नवादा में सभा

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नवादा के कर्बला चौक के मैदान में दहेज प्रथा तथा सामाजिक विद्वेष को लेकर इदारे शरिया के बैनर तले एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी दूर दूर से भारी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इदारे शरिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद मौलाना गुलाम रसुल बलियावी बिहार एवं विशिष्ट अतिथि मुफ्ती समसुद्दीन साहब बहराइच यूपी से उपस्थित हुवे। झारखंड, बिहार,ओडिसा, बंगाल से आए उलेमाओं ने मंच साझा किया। सबो ने बारी बारी से अपनी बात रखी जिसमें मुख्य अतिथि मौलाना बलियावी ने कहा कि बेटी के बाप से दहेज के नाम पर लाखों रुपए मांगते हो और उसका आधा रकम डीजे और पटाखा में बर्बाद कर देते हो। जरा सोचिए की बेटी का बाप क्या क्या बेच कर आपको ये पैसे देता है और उस पैसे को तुम धुंवे में उड़ा देते हो। शर्म करो। मौके पर मुख्य रूप से महमूद आलम, दिलेर आजाद, निजाम अंसारी, इमरान अंसारी, खलील अंसारी, अब्दुल शकूर, असलम अंसारी, फखरुद्दीन अंसारी, शब्बीर अंसारी, जीशान आलम, मिफ्ताह आलम, आलम अंसारी, इकबाल अंसारी, गैड़ा से जलील अंसारी, ताज अंसारी अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# बहुत हुई महंगाई की मार, नही चाहिए जुमलों की सरकार: शैलेंद्र

### भारत जोड़ो यात्रा अमनारी गांव से चलकर सिलवार चौक पर भारत जोड़ो यात्रा सभा में तब्दील हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर प्रखंड कमिटी के तत्वावधान में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम अमनारी गांव से चलकर सिलवार चौक पर भारत जोड़ो यात्रा सभा में तब्दील हो गई और वंहा नफरत छोड़ो भारत जोड़ो तथा वाह रे मोदी तेरा खेल 200 रूपये सरसो तेल बहुत हुई। मंहगाई की मार नहीं चाहिए जुमलों की सरकार के जोरदार नारे लगाये गये। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड के अध्यक्ष अजित सिंह ने किया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि देश नफरत से नही मुहब्बत से चलता है। भाजपा के शासन काल में अमीर अधिक अमीर और गरीब अधिक गरीब हो रहें हैं। झारखंड प्रदेश के सभी 24 जिलों में प्रखंड, पंचायत से बुथ स्तर तक जारी रहेगा। इस अवसर कार्यक्रम के प्रभारी शशि मोहन सिंह ने मोदी सरकार का विरोध करते हुए कहा कि जब से मोदी सरकार आयी है तब से मंहगाई चरम पर है रसोई गैस सिलेंडर का मुल्य 400 रूपये से बढ़कर 1200 रूपये हो गया हैं और पेट्रोल डीजल का मुल्य 100 रूपये पार कर गई है। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी निसार खान तथा धन्यवाद ज्ञापन राजेंद्र महतो ने किया।



**मौके पर इनकी रही मौजूदगी**

भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, कैलाश पति देव, कलावती देवी, ज्ञानी प्रसाद मेहता, केडी सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, कृष्णा किशोर प्रसाद, गुड्डू सिंह, राजीव कुमार मेहता, दिलीप कुमार रवि, सदरूल होदा, राजेश गुप्ता, इदरिश अंसारी, सुदेश पासवान, हनीफ अंसारी, जलील मियां, इकरार अंसारी, असगर अली, शैबून निशा, ऐशा खातून, शहजादी परवीन के अतिरिक्त सैकड़ों ग्रामीण महिला तथा पुरूष कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस जन्मोत्सव समिति की बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जन्मोत्सव समिति की एक बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत झुमरीतिलैया स्थित कृष्णा इंटरनेशनल होटल परिसर में समिति के अध्यक्ष अशोक दासगुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आगामी 23 जनवरी सोमवार को जन्म उत्सव समिति द्वारा नेता जी की जन्म जयंती के आयोजन होती सफल बैठक का संचालन समिति के सचिव मनोज सहाय पिंकू ने किया जबकि मुख्य रूप से समिति के उपाध्यक्ष पिंटू मजूमदार, कोषाध्यक्ष अनूप सरकार उर्फ कालटू दा, पंकज बर्नवाल, मनीष सूद, समाजसेवी अरशद खान, संजय शर्मा, नवनीत ओझा बंटी, अभिजीत कुंदन सिंह, सुरेंद्र कुमार यादव, भारत बक्शी संजू सैमसंग सहित अन्य लोग उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से तय हुआ कि आगामी 23 जनवरी को जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारियों एवं जिले के सम्मानित जनों की उपस्थिति में नेता जी की जन्म जयंती सादगी पूर्वक मनाई जायेगी। हर वर्ष एक हजार से अधिक स्कूली बच्चों की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम होता था परंतु इस वर्ष राष्ट्रीय राज्य मार्ग चौड़ीकरण के जद में प्रतिमा स्थल के आने से कार्यक्रम सादगीपूर्वक मनायी जायेगी जबकि निर्माण कंपनी एवं सरकार के सहयोग से उक्त स्थल पर नेताजी की प्रतिमा एवं पार्क का निर्माण के लिए जन्म उत्सव समिति द्वारा संयुक्त प्रयास किया जायेगा।

### इस वर्ष गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा एक साथ

# सरस्वती प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे कारीगर

आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** सरस्वती पूजा के मद्देनजर कलाकार मां सरस्वती की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लग गए हैं। टाटीझरिया के कलाकारों ने झरपो में डेरा जमा लिया है। मिट्टी की प्रतिमाओं में जान फूंक रहे हैं। टाटीझरिया में कई स्थानों पर प्रतिमाओं का निर्माण किया जाता है। इस बार 26 जनवरी को मां सरस्वती की पूजा की जाएगी और साथ मे राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा दोनों एक ही दिन है पूजा कमेटियों के सदस्य जहां पंडाल बनाने में जुट गए हैं वहीं मूर्तिकार भी मूर्तियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। टाटीझरिया के झरपो, भराजो, खंभवा, डुमर, धरमपुर, जेरूवाडिह, बेड़म, कोल्हू, मायापूर, गोधिया, अमनारी, खैरा, नारायणपुर, डहरभंगा सहित 20 से अधिक स्थानों पर पंडाल बनाकर पूजा की जाती है। सरस्वती पूजा के दौरान सबसे ज्यादा उत्साह विद्या अध्ययन में लगे विद्यार्थियों में देखा जाता है। प्रतिमा बनाने वाले युद्धस्तर पर मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। बहुत सी प्रतिमाएं तैयार भी हो गई हैं, जो तैयार नहीं हुई हैं, उन पर काम चल रहा है। टाटीझरिया में मुख्य रूप से दो स्थानों पर मूर्तिकार प्रतिमा बनाते हैं, दोनों बुधबाजार के दुर्गा मंडप में ही है। आकार व सजावट के अनुसार मूर्तिकार मूर्तियों की कीमत लेते हैं। इस वर्ष मूर्तियों की कीमत एक हजार से लेकर पांच हजार रुपये तक रही। टाटीझरिया जेरूवाडिह के कलाकार दिपक कुमार आर्ट, झरपो के शिवा सिंह और नवीन कुमार आर्ट ने बताया कि पिछले छः सालों से हमलोग यहां मुर्ति बनाते आ रहे हैं। दिसंबर माह से ही मूर्ति बनाने का कार्य शुरू कर देते हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा मूर्ति बनाई जा सकें। समय पर मूर्ति उपलब्ध हो सके। मूर्तियों की बनावट के अनुसार उनका मूल्य निर्धारित किया गया है।



# पंचायतों में आमसभा के माध्यम से किया गया योजनाओं का चयन

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में सोमवार को ग्राम सभा आयोजित कर योजनाओं का चयन किया गया। डहरभंगा पंचायत के शिव मंदिर परिसर बौधा में, धरमपुर पंचायत के जरूवाडीह में, झरपो पंचायत के लोधी में, टाटीझरिया के बेरहो में, डुमर के केशोडीह में स्थानीय मुखिया की अध्यक्षता में आम सभा हुई। इसमें पंचायत के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चयन किया गया। मुखिया रेखा देवी, कांति देवी, शिबू प्रसाद सोनी, सुरेश यादव, ममता देवी ने बताया कि ग्राम पंचायत में पंचायती राज अधिनियम के तहत गांव के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए योजनाओं को धरातल पर लागू करने का फैसला लिया गया। ग्राम पंचायतों में जीपीडीपी के माध्यम से योजनाओं का चयन करना अनिवार्य है। बताया गया कि सरकार द्वारा पंचायतों को मिलने वाली राशि अब ग्राम पंचायत विकास योजना के आधार पर दिया जायेगा। ग्राम सभा में मुख्य रूप से मनरेगा, स्वास्थ्य, पीसीसी, पेयजल आदि योजना पर विस्तृत रूप से चर्चा कर लोगों को जानकारियां दी गई। मौके पर वार्ड सदस्य, रोजगार सेवक, बीएफटी एवं अन्य उपस्थित रहे।



## कोडरमा गौशाला में गौ-काष्ठ का उत्पादन शुरू

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मकर-सक्रांति के अवसर पर झुमरीतिलैया के यदुटांड़ स्थित कोडरमा गौशाला परिसर में गौ-काष्ठ का उत्पादन शुरू कर दिया गया। यह जानकारी देते हुए गौशाला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप केडिया ने बताया कि चूंकि हमारे यहां प्रचुर मात्रा में गोबर उपलब्ध रहता है, अतः इसके समुचित उपयोग औ? आर्थिक स्वावलंबन के अंतर्गत यह कार्यक्रम लिया गया है। इस संदर्भ में विशेष रुप से बताते हुए गौशाला समिति के उपाध्यक्ष महेश दारुका एवं सहसचिव अरुण मोदी ने कहा कि गौ-काष्ठ गोबर, लकड़ी का बुरादा एवं अन्य प्राकृतिक ज्वलनशील पदार्थ के मिश्रण से मशीन द्वारा बनाकर खुली धूप में सुखाकर तैयार किया जाता है। वर्तमान समय मे पर्यावरण की दृष्टि से पेड़-पौधों का संरक्षण बहुत जरूरी है, वैसे में गौ-काष्ठ जलावन की लकड़ी का एक बेहतरीन विकल्प है।

## डीएवी प्राचार्य अशोक कुमार ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सह सहोदया के प्रेसिडेंट अशोक कुमार ने जिला के सभी स्कूलों के प्राचार्यों से अपील किया है कि प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा को सफल एवं प्रभावपूर्ण बनाने के लिए छात्र-छात्राओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करें। बच्चों के बीच सर्वाधिक लोकप्रिय इस वार्षिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री लाइव कार्यक्रम में अपनी अनूठी आकर्षक शैली में छात्रों द्वारा परीक्षा के तनाव एवं परीक्षा से संबंधित सभी प्रश्नों का जवाब देते हैं। इस वर्ष परीक्षा पर चर्चा का छठा संस्करण तालकटोरा स्टेडियम, नयी दिल्ली में 27 जनवरी को आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा की चुनौतियों और तनाव से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के बहुमूल्य सुझावों को साझा करेंगे। अभिभावक और छात्र अपने प्रश्न पीपीसी वेब पोर्टल पर भी अपलोड कर सकते हैं। 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम के अंतर्गत 18 जनवरी को डीएवी स्कूल परिसर में एक पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। हजारीबाग सहोदया के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों के प्रचार्यों से उन्होंने अपील की है कि वे स्कूल परिसर के छात्रों और अभिभावकों के बीच इस कार्यक्रम को लोकप्रिय बनाने के लिए पोस्टर मेकिंग, भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करें। उन्होंने आगे कहा कि आरओ सीबीएसइ पटना प्रक्षेत्र के निदेर्शानुसार सभी स्कूलों को इस कार्यक्रम को छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच लोकप्रिय बनायें ताकि छात्र अधिक से अधिक इस कार्यक्रम से लाभांवित हो सकें।

## डीएवी पब्लिक स्कूल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए डीसी-एसपी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन डीसी नैंसी सहाय के द्वारा दीप प्रज्वलित करके और रंगीन गुब्बारे उड़ाकर किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। खेलों से छात्रों में सकारात्मकता, एकता और टीम भावना के साथ-साथ समर्पण की भावना को विकसित होती है। प्राचार्य ने आगे कहा कि डीएवी हजारीबाग बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए शैक्षिक और सह-शैक्षिक गतिविधियों पर हमेशा समान जोर देता रहा है। इस प्रतियोगिता में कावेरी हाउस ने पहला, सतलुज हाउस ने दूसरा, यमुना ने तीसरा और गंगा हाउस ने चौथा स्थान हासिल किया। सीनियर गर्ल्स में सतलुज हाउस की तनुश्री को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। सीनियर लड़कों में प्रिंस (बारहवीं ए), विशाल (बारहवीं एच), सावन को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। जूनियर गर्ल्स में कावेरी हाउस की मोहिका को बेस्ट प्लेयर घोषित किया गया, जबकि जूनियर ब्वॉयज में गंगा हाउस के पीयूष को बेस्ट प्लेयर घोषित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसपी मनोज रतन चोथे ने अपने भाषण में कहा कि डीएवी पब्लिक स्कूल, हजारीबाग स्कूल के प्राचार्य अशोक कुमार के कुशल मार्गदर्शन में हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहा है। वार्षिक खेल दिवस 2022-23 का समापन विजेताओं और उपविजेताओं के अभिनंदन के साथ हुआ। विद्यालय की डिप्टी हेड गर्ल राजलक्ष्मी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## गैस सिलेंडर में आग लगने से पति-पत्नी घायल, पत्नी गंभीर



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव पूर्वी पंचायत के ग्राम कदमाडीह में सोमवार को दोपहर में गैस सिलेंडर में आग लगने से से नंदकिशोर सिंह (उम्र 45 वर्ष ) एवं उसकी पत्नी अनीशा देवी (40 वर्ष ) बुरी तरह जलकर घायल हो गये। दोनों को बड़कागांव अस्पताल लाया गया।यहां चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पूजा कुमारी ने प्राथमिक उपचार की। बेहतर इलाज के लिए दोनों को एंबुलेंस द्वारा सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। डॉ पूजा कुमारी ने बताया कि दोनों पति पत्नी में से पत्नी अनीशा देवी की स्थिति गंभीर है। लगभग 70% भाग जल गई है। जबकि नंदकिशोर सिंह का हाथ जल गया है। परिजनों ने बताया कि खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से गैस लीक हो गया। जिससे शरीर में आग पकड़ ली। इस कारण अनीशा देवी जल गई। उसके पति नंदकिशोर सिंह जब उसे बचाने गये तो वह भी जल गये। अनीशा देवी के तीन बच्चे हैं।

## सरस्वती पूजा के मद्देनजर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए सतर्कता जरूरी: एसपी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आगामी सरस्वती पूजा के दौरान विधि व्यवस्था में कोई व्यवधान न हो इसको लेकर पुलिस अधीक्षक ने कहा की सभी थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी आयोजित होने वाले पूजा पंडालों की सूची तैयार करने एवं प्रतिमा विसर्जन मार्ग, विसर्जन स्थल, समय की जानकारी संकलित कर आयोजनकर्ताओं की जानकारी संकलित करें। विधि व्यवस्था के लिए आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती पूजा के दौरान की जायेगी। उन्होंने कहा विसर्जन के दौरान डीजे पर प्रतिबंध लागू रहेगा। सादगी से पूजा पंडालों पर पूजा-आरती के लिए साउंड बॉक्स अथवा लाउड स्पीकर का इस्तेमाल किया जा सकता है।

## छात्र-छात्राओं के बीच पाठ-पाठन सामग्री का वितरण



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बंडासिंघा जलहया में छात्र छात्राओं के बीच पाठ-पाठन सामग्री वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, पंसस बिनीता कुमारी उपस्थित थे। मौके पर प्रधानाध्यापक सुकर ठाकुर, सहायक शिक्षक भागीरथ ठाकुर, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष संतोष योगी, उपाध्यक्ष सोनी कुमारी, संयोजिका भारती देवी, समाजसेवी रवि गोस्वामी, नंदू राणा, संदीप साव, बब्लू पांडे समेत कई लोग उपस्थित थे।

## युवक का खदान से नहीं निकला शव, परिजन बैठे अनशन पर




**डोमचांच।** थाना अंतर्गत महेशपुर चौक पर रविंद्र कुमार मेहता के परिजन अपनी मांगों को लेकर सोमवार को आमरण अनशन पर बैठ गये। उनकी मांग है कि एनडीआरएफ की उच्चस्तरीय टीम बुलाकर 6 दिनों से डूबे हुए रविंद्र कुमार मेहता को डोमचांच के शमशान घाट निकट बंद पड़े पत्थर खदान में रेस्क्यू कर जल्द निकलवाए जाए। वही आमरण अनशन की खबर पाकर डोमचांच अंचलाधिकारी मां देव प्रिया मौके स्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों को समझाया कि आप लोगों की जो मांग है बंद पड़े पत्थर खदान से पानी निकलवाने और उच्च स्तरीय टीम बुलाने की तो प्रशासन इसपर विचार करते हुए निश्चित तौर पर मदद करेगी। फिलहाल घटना स्थल पर डूबे हुए युवक को निकालने का प्रयास जारी हैं। वही अंचलाधिकारी के आश्वसन पर आमरण अनशन को स्थगित किया गया है।

### कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने दलित बस्ती अंबेडकर नगर, आजाद नगर का दौरा किया

# दलित समुदाय को उनका मालिकाना हक मिलेगा: कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** प्रदेश कांग्रेस सचिव सह कोडरमा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू के साथ कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 27 स्थित दलित बस्ती अंबेडकर नगर, आजाद नगर का दौरा किया एवं कांग्रेस के नेता अनिल डोम उर्फ टुन्नू डोम एवं उनके साथियों से उनके आवास पर मुलाकात किया। ज्ञात हो कि झुमरीतिलैया सीडी इंटर महिला महाविद्यालय के निकट गैरमजरूआ 44 एकड़ के लगभग भूमि पर दलित समुदाय के लोग वर्षों से घर बनाकर अपना गुजर-बसर करते आ रहे हैं। उक्त जमीन पर जिला प्रशासन द्वारा स्पोर्ट्स कंपलेक्स एवं खेल मैदान निर्माण हेतु चिन्हित किया गया जिसका विरोध स्थानीय निवासी सहित अनिल डोम ने भी किया था जिस पर सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप में पुलिसिया कार्रवाई करते हुए उन्हे जेल में डाला गया था। उनके कोडरमा जेल से छूटने के बाद प्रदेश सचिव के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि नवनीत ओझा बंटी, दलित नेता धीरज कुमार, अल्पसंख्यक नेता मो हुसैन अली, समाजसेवी भारत बक्शी, चरणजीत सिंह मंगू, सुरेंद्र कुमार यादव, विजय कुमार सहित सम्मानित जनों ने अनिल उर्फ टुन्नू डोम से मिलकर सांत्वना दिया एवं स्थानीय लोगों को विश्वास दिलाया कि जिस प्रकार जमशेदपुर में 86 दलित एवं शोषित बस्तियों को मालिकाना हक दिलाने का मार्ग प्रशस्त हुआ, उसी आधार पर झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र में भी दलित समुदाय को उनका मालिकाना हक दिलाने के लिए लड़ाई लड़ी जायेगी जिसमें प्रदेश कांग्रेस के सम्मानित नेताओं के दिशा निर्देश में व्यापक रणनीति तय किया जायेगा। श्री सहाय ने कहा कांग्रेस हमेशा से शोषित दलितों मजदूरों की लड़ाई लड़ती आ रही है और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे सहित झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के दिशा निर्देश पर हम दलितों को हक दिलाने में सफल होंगे।



## दोहाकातू पंचायत से आजसू पार्टी ने चूल्हा प्रमुख महिला संगठन की शुरूआत की




**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ में होने वाले 2023 को आगामी रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव की तैयारी को लेकर आजसू पार्टी ने कमर कस ली है और इसी के तहत विधानसभा क्षेत्र के दोहाकातू पंचायत से चूल्हा प्रमुख कमेटी का गठन कर पूरे विधानसभा में ग्रामीण स्तर पर समिति का गठन किया जायेगा। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी रामगढ़ की समाजसेवी सुनीता चौधरी के निदेर्शानुसार रामगढ़ विधानसभा 2023 का उपचुनाव को लेकर घर मे चूल्हा प्रमुख बनाने को लेकर दोहाकातू पंचायत से शुभारंभ किया गया। रामगढ़ विधानसभा में अपनी भारी मतों से जीत हासिल करने के लिए महिलाओं को शपथ कब संगठित किया जा रहा है। वहीं रामगढ़ का विकास के लिए आजसू पार्टी के उम्मीदवार को जिताने का कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर पहुंचकर संगठन को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पिंकी देवी जिला उपाध्यक्ष रामगढ़ महिला मोर्चा, रामगढ़ प्रखंड आजसू अध्यक्ष मोहरलाल महतो, सुनीता देवी, प्रखंड सचिव रामगढ़, प्रमिला, रीना देबी, यशोदा देवी, सुमा देवी विमला देवी, दीपिका कविता, नमिता कुमारी आदि उपस्थित थे।

## एसबीआइ ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन: जिप अध्यक्ष



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को चितरपुर प्रखंड के आजसू प्रधान कार्यालय के समीप एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ समाजसेवी सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप अध्यक्ष सुधा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के ग्रामीण क्षेत्र में एसबीआइ ग्राहक सेवा केंद्र के खुलने से लोगों को बैंक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इधर विशिष्ट अतिथि ने कहा कि लोगों को हजार 500 निकालने के लिए भी बैंकों में लंबी लाइन के कतार लगानी पड़ती थी। अब इन समस्याओं से यहां के ग्रामीण लोगों को छुटकारा मिलेगा साथ ही ग्राहक सेवा केंद्र संचालक ने बताया कि हमारे यहां हजार रुपये से लेकर 40000 तक की निकासी की जायेगी साथ ही नया अकाउंट भी खोले जायेंगे। इसके अलावा भी कई तरह के सुविधायें ग्राहकों को दी जायेगी हमारे ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से। इस मौके पर चितरपुर पूर्वी पंचायत के मुखिया भानु प्रकाश महतो, राजेश कुमार, शशि भूषण सिंह, कमल महतो, नरेंद्र कुमार, गुरु चरण महतो, पंकज कुमार, एसबीआई रामगढ़ जिला के डीएम सोनू कुमार, चिंता कुमारी, शांति देवी, कुंती देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## झामुमो जिला कार्यसमिति की बैठक कुजू में संपन्न

**कुजू (आजाद सिपाही)।** झामुमो जिला कार्यसमिति रामगढ़ की बैठक मुरपा स्थित अक्षत होटल के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू एवं संचालन जिला सचिव विनोद महतो ने की। बैठक के दौरान पार्टी में मजबूती-विस्तार समेत कई आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही, आगामी रामगढ़ विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को संगठन मजबूती को लेकर कई आवश्यक टिप्स दिये गये। वहीं, आगामी 16 फरवरी तक पार्टी के निदेर्शानुसार प्रखंडों में पंचायत व बूथ गठन करने व सदस्यता अभियान को पूरा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, मधु साव, चित्रगुप्त महतो, महेश ठाकुर, खगेश्वर महतो, रामचंद्र वर्मा, संतोष कुमार, गुलाम नबी, प्रखंड अध्यक्ष नरेश हांसदा, प्रखंड सचिव सुरेश चंद्र पटेल, बरतू करमाली, पिंकी बेसरा, गीता देवी, सुरेश प्रसाद, राम किशुन गिरी, विजय किस्कू, राजू रहमान, सतीश कुमार, चितरंजन महतो,तुकेश्वर महतो, भुनेश्वर महतो, मोहरलाल महतो समेत काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

### ममता हत्याकांड आरोपी अरमान हजारीबाग से गिरफ्तार, भेजा जेल

# हिंदू संगठनों के लोगों ने परिजनों से की मुलाकात, फांसी की मांग






आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकाकाना।** बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत आर्य उच्च विद्यालय के पीछे भदवाटार में हुई ममता हत्याकांड का आरोपी अरमान खान उर्फ रॉकी बाबा पिता औरंगजेब खान पगमिल निवासी को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी की पुष्टि एसडीपीओ पतरातू वीरेंद्र चौधरी ने किया। श्री चौधरी ने बताया ममता हत्याकांड के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसमें बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश, सोनू कुमार साहू, मयंक प्रसाद एवम तकनीकी शाखा वा क्युआरटी शामिल थे। उन्होंने बताया आरोपी अरमान खान ने अपना आरोप स्वीकार किया है एवम हत्या में उपयोग किया गया औजार/हथियार एवं घटना के समय पहना हुआ जैकेट को बरामद किया गया है। इसके पूर्व हिन्दू संगठन विश्व हिंदू परिषद के दीपक मिश्रा, दुर्गा वाहिनी के अनामिका श्रीवास्तव एवम हिंदू प्रचारक अमन कुमार एवम उनके सहयोगी सुमित, अमित, राम प्रसाद मुखर्जी, शंकर यादव कुणाल और अन्य लोगों ने घटना स्थल पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया साथ ही गिरफ्तार आरोपी को फांसी या शख्त से शख्त सजा की मांग की है जिससे इस प्रकार की घटना पर विराम लग सके।

## भाड़ा बढ़ोत्तरी को लेकर ट्रक वाहन संघ की हड़ताल जारी

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** भाड़ा बढ़ाने की मांग को लेकर आम्रपाली कोल परियोजना में ट्रक वाहन मालिक संघ के हड़ताल के कारण रविवार से कोयला ढुलाई ठप हो गया। भाड़ा बढ़ोतरी की मांगों पर सहमति नहीं बनने के बाद वाहन मालिक संघ स्वतः अपने अपने वाहन खड़ा कर हड़ताल का समर्थन किया है। कहा गया है जब तक हमारी मांगों पर सहमति नहीं बनती, वाहने बंद रहेंगी, इधर वाहन बंद होने से रोड सेल का कोयला उठाव पूरी तरह से प्रभावित रहा, बंदी के दूसरे दिन रोड सेल का कोयला डिस्पैच पूरी तरह से बंद रहा, आंदोलित वाहन मालिक वर्तमान भाड़ा में 10% बढ़ोतरी की मांग कर रहे है। मांग पूरा नहीं होने पर वाहन मालिकों ने आंदोलन को चेतावनी दी। जिस पर प्रबंधन व विभिन्न कंपनियों द्वारा कोई पहल नहीं किया गया है।जिससे क्षुब्ध वाहन मालिक हड़ताल पर चले गये।कोयला उठाव नहीं होने से लगभग चौदह हजार टन कोयला डिस्पैच बाधित हो गयी।सीसीएल को लगभग 1.2करोड़ का नुकसान हुयी।इसके पहले रविवार को पुनः वाहन मालिकों के साथ ट्रांसपोर्टरों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में ब्रह्मपुत्र मैटालिक ने 10% भाड़ा बढ़ोतरी कर भुगतान करने पर अपनी सहमति दे दी। जिस पर वाहन मालिकों ने ब्रह्मपुत्र का कोयला उठाने का सहमति दी,वहीं अन्य कंपनियों को बंद रखने की बात कही गयी।

## विधायक अंबा प्रसाद ने केक काटकर पल्सर पी 150 बाइक का किया उद्घाटन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू मेन रोड स्थित हर्ष बजाज शोरूम में बजाज ने लांच की नयी पल्सर की पी 150 पल्सर बाइक स्टाइलिश लुक के साथ जबरदस्त फीचर का शुभारंभ सोमवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद द्वारा केक काटा कर किया गया। इस मौके पर पतरातू पंचायत के मुखिया गिरजेश कुमार, संतोष कुमार साहू, हर्ष कुमार, राखी देवी, रुपाली कुमारी, नइम अंसारी, आनंद कुमार, राजू प्रसाद, राजन कुमार, रवि जयेश कुमार, सुरेंद्र कुमार दास, सलीम अंसारी, अमरजीत कुमार, अजय कुमार सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

## लोक जनशक्ति पार्टी ने बांटा कंबल

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिलाध्यक्ष केवल पासवान के निर्देश पर सोमवार को दुलमी प्रखंड के इचातु एवं उसरा पंचायत में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया मौके पर दुलमी प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा कुमार महतो ने बताया कि जिलाध्यक्ष के निदेर्शानुसार क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) हमेशा जाति धर्म से ऊपर उठकर जरूरतमंदों की सेवा करते आ रही हैं और आगे करते भी रहेगी। इस अवसर पर प्रखंड सचिव लाला करमाली सहित कई लोग शामिल थे।

## दुलमी के सिरु टुसू महोत्सव और किसान सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के सिरू बुध बाजार पंचायत सचिवालय के समीप टुसू महोत्सव एवं किसान समारोह आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक ममता देवी के पति बजरंग महतो शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा किसानों का मान सम्मान हमेशा मिलने का काम करेगा रामगढ़ विधानसभा के विकास के लिए हमेशा कृत संकल्पित है और पूरे विधानसभा में विकास का काम किया जा रहा है। रामगढ़ विधानसभा में विकास के लिए एकजुटता का परिचय दें और यहां के विकास को मजबूती प्रदान करने में साथ दें। इस मौके पर नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसको मुख्य अतिथि बजरंग के द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया इस मौके पर विधायक मत से सिरू चौक में स्ट्रीट लाइट का स्विच ऑन कर उद्घाटन भी किया गया जिसमें गीत व नृत्य के साथ मांदर की थाप पर कलाकारों ने दर्शकों को खूब झुमाया। इस मौके पर दर्जनों किसानों को पीला गमछा ओढाकर स्वागत किया। इस मौके पर दुलमी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली, बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर कुमार मंगलेश ,गौरी शंकर महतो लूमनाथ महतो, मेहताब राही, पूर्व मुखिया हरिवंश महतो, कांग्रेसी वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर पटवा, उतम महतो,पवन महतो,रूपेश महतो, प्रदीप महतो , विकास महतो, विनोद ठाकुर, परमानंद सिंह सत्यरंजन महतो, प्रयाग महतो,कैलाश महतो,लिलेशवर महतो, सहित भारी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

## भाजपा ने दुलमी चटाग में संगठन मजबूती को लेकर बैठक की

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी दुलमी प्रखंड में ग्राम चटाक पंचायत ईचातू पंचायत कहा शक्ति केंद्र प्रमुख एवं संयोजक सह संयोजक काह बैठक किया गया बैठक कि अध्यक्षता शक्ति केंद्र प्रमुख बाल्मीकि पहान ने किया और सभा संचालन बूथ अध्यक्ष सरिता देवी ने किया। इस बैठक में मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र महतो एवं दुलमी मंडल के सांसद प्रतिनिधि इंद्र देव साव उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि पंना प्रमुख बनने को लेकर किया गया। मौके पर पंचायत के सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे सुधाकर महतो द्वारिका करमाली कुमुद किशोर प्रसाद सबिता देवी सुषमा देवी यशोदा देवी द्वारिका करमाली जागेश्वर महतो एससी मोर्चा अध्यक्ष रंजीत कुमार नायक आदि मौजूद थे।

## रोटरी क्लब भुरकुंडा का सामान्य और चर्म रोग जांच शिविर संपन्न

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से भुरकुंडा बाजार स्थित भारत मेडिकल हॉल में सोमवार को निःशुल्क सामान्य एवं चर्म रोग जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 62 लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। जांच के बाद डॉ. अजीत कुमार ने सामान्य व चर्म रोग पाये गये मरीजों को बेहतर परामर्श देते हुए कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए चिकित्सकीय परामर्श जरूरी है। उन्होंने कहा कि शरीर में हल्की-फुल्की भी तकलीफ हो तो डॉक्टर से जरूर मिले। शिविर को सफल सफल बनाने में कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन परमजीत सिंह धामी, अध्यक्ष राम अवतार प्रसाद, अजय गोयल, रंजीत गुप्ता, संतोष कुमार झा, प्रवीण शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।

### अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

# रामगढ़ नगर और मांडू प्रखंड कमेटी का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक शहर बिजुलिया ओवर ब्रिज के निकट तुलसी स्मृति भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने किया। इस दौरान बैठक में कई बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें, अहीर रेजिमेंट गठन को लेकर 21 जनवरी को रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय के समक्ष धरना, बरकाकाना निवासी व्यवसाई नेपाल यादव पर बीते दिनों हुई जानलेवा हमला मामले में अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया, इसके विरोध में धरना के माध्यम से ज्ञापन सौंपना, जातीय जनगणना और संगठन विस्तार को लेकर विचार विमर्श किया गया।




**रामगढ़ नगर और मांडू प्रखंड कमेटी का गठन**

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से रामगढ़ नगर और मांडू प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें, रामगढ़ नगर अध्यक्ष दीपक यादव उर्फ गुड्डू, सचिव राजेंद्र यादव, महासचिव आकाश यादव एवं मांडू प्रखंड अध्यक्ष पवन यादव को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। जहां जिले के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त रामगढ़ नगर व मांडू प्रखंड के चयनित पदाधिकारियों को माला पहना कर स्वागत किया।

### ये थे उपस्थित

बैठक में बैजू राय, अमित यादव, संजय यादव, विकास यादव, अखिलेश कुमार यादव, मुलायम यादव, दीपक यादव, सुरेंद्र यादव, सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## सीटू से संबद्ध राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन का सेंट्रल सौंदा में धूमधाम से मना 30वां स्थापना दिवस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल सौंदा हाथीदाड़ी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में सोमवार को सीटू से संबद्ध राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन का 30वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगरनाथ पासवान व संचालन सुरेश प्रसाद सिंह ने किया। सर्वप्रथम यूनियन के लोगों ने संगठन के पूर्व साथी स्व. शिवकुमार मांझी, मंगल सिंह, रघुवंश प्रसाद सिंह, उदय शंकर ओझा को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि यूनियन के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार गुप्ता ने झंडोत्तोलन कर की। मौके पर मनोज कुमार गुप्ता ने संगठन के संस्थापक सह महामंत्री ओमप्रकाश सिन्हा, संस्थापक सहायक महामंत्री विशेश्वर ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि हमारी यूनियन औद्योगिक हित में काम करते हुए अधिकार का आंदोलन करता आया है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार मजदूर एवं किसान विरोध है। केंद्र सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ कोयला मजदूरों को एजकुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन (सीटू) केंद्रीय नेतृत्व व सीटू के दिशा-निर्देश और परामर्श से संगठन का विस्तार करेगा। मौके पर आजाद भुंइया, सुरेश महतो, संगीत सिंह, प्रेम सागर साव, बिरेन मांझी, मिथुन भुंइया, अमित सोरेन, केडी सिंह, कुंदन कुमार, परमेश्वर मांझी, जितेंद्र वर्मा, उर्मिला देवी, मैना देवी, सुशीला देवी, चमेली देवी, पुतुल साव, सोनू साव, दीपक मेहता आदि मौजूद थें।

## सांसद खेल स्पर्धा नेतरहाट में टंडवा के 15 बच्चे लेंगे भाग: ईश्वर दयाल

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सांसद खेल स्पर्धा एथलेटिक्स मीट 18 से 20 जनवरी तक नेतरहाट में संपन्न होगा। जिसमें चतरा लोकसभा क्षेत्र के 27 प्रखंड के लगभग 500 प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। इस सांसद खेल स्पर्धा एथलेटिक्स मीट में टंडवा प्रखंड के 15 बच्चे खिलाड़ी के रूप में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। शिव शंकर, महेश गंझू, किरण कुमारी उच्च विद्यालय मिश्रौल, विकास कुमार खधैया, प्रकाश गंझू हेसातु, संतोष कुमार +2 टंडवा, सकुन कुमारी टंडवा, संतमणि कुमारी, निशु कुमारी बड़गांव, अमित कुमार, रीना कुमारी बेंती, राहुल कुमार, पूजा कुमारी, रूमा कुमारी बचरा के बच्चे इस आयोजित खेल स्पर्धा में भाग ले रहे है। ये सभी बच्चे 18 जनवरी को सुबह 7 बजे एक जगह एकत्रीकरण होंगे और फिर बस वाहन से नेतरहाट के लिए रवाना होंगे। टंडवा सांसद प्रतिनिधि इश्वर दयाल पांडेय ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि बच्चे नेतरहाट में पहुंचकर वहां के परिवेश से न केवल परिचित होंगे बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का भी अवसर मिलेगा। सांसद सुनील कुमार सिंह का सोच है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे अपनी प्रतिभा को गांव से आगे राज्य स्तर और फिर राष्ट्रीय स्तर पर दिखा सकें, इसलिए ऐसा आयेजन किया गया है। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल ने बच्चों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाये दिया।

### जिला के विकास को लेकर मंत्री हुए गंभीर

# जिला का समुचित विकास हमारी पहली प्राथमिकता: सत्यानंद भोक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सोमवार को सत्यानंद भोक्ता मंत्री श्रम नियोजना प्रशिक्षण एवं कौशल विकास की अध्यक्षता में जिला परिषद, नगर परिषद, एवं जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष की उपस्थिति में जिले में संचालित विकास योजनाओं कि समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मंत्री श्री भोक्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरे राज्य में इस तरह की पहली बैठक चतरा में हो रहा है। सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ आपस में बैठकर उनकी समस्याओं और उनकी क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होने का यह बेहतर प्रयास है। प्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर जिला के विकास को गति प्रदान करना है। हमसब जिले के विकास के लिए गम्भीरता पूर्वक प्रयासरत हैं। जिले का समुचित विकास हमारी प्राथमिकता है। मंत्री के आगमन पर उपायुक्त अबु इमरान ने आभार व्यक्त करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद मद, पंचायती राज (15वें वित्त आयोग अंतर्गत संचालित योजना), नगर परिषद मद से संचालित योजनाओं से संबंधित कार्यों कि प्रगति प्रतिवेदन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि वैसे योजनाएं जिसका कार्य लगभगत पूर्ण की ओर है उस कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करें तथा वैसे कार्य जो अभी तक लंबित है उसपर नियमानुसार कार्रवाई करने को लेकर निर्देशित किया गया। बैठक में मंत्री द्वारा उपस्थित जिला के जिला परिषद, नगर परिषद, जनप्रतिनिधियों एवं 20 सूत्री उपाध्यक्ष समेत संबंधित जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र में चल रहे विकास का कार्य एवं समस्याओं को लेकर सुझाव देने को लेकर आमंत्रित किया गया। इसमें सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र में हो रहे विकास से संबंधित समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया गया। इसे लेकर मंत्री ने उपस्थित संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जिससे क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य हो सके। बैठक के पश्चात मंत्री द्वारा श्रम विभाग के विभिन्न योजनाओं अन्तर्गत यथा प्रवासी श्रमिक योजना, मृत्यु, दुर्घटना सहायता योजना, चिकित्सा सहायता योजना, मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना से लाभुकों के बीच चेक का वितरण किया गया। साथ ही लोगों के बीच जागरूकता हेतु झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी के तहत मुख्यमंत्री सारथी योजना अन्तर्गत सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में योजनाओं का व्यापक प्रचार- प्रसार कर आम लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी।



### ये रहे उपस्थित

उक्त बैठक में उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिप उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, नगर परिषद अध्यक्ष गुंजा देवी समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ साथ जिला के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।


**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.com



**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**

**Very Short Tender e-Procurement Notice**
**(1st Call)**

**Tender reference:-HZB/JJM/Chouparan/15/2022-23(1st Call) Date :- 16.01.2023**

| Sl. No. | Name of the work | Value of work (Rs in Lakhs) | Bid Security (Rs. in Lakhs) | Cost of Tender Paper (Rs) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **1. Name of the Work: -** **PART- A- (MAIN GRID)** Chouparan North & South, Part Barhi of Hazaribagh & Chatra, Kanahchatti, Gidhour & Itkhori Rural Water Supply Scheme in Hazaribagh & Chatra District under D.W. & S. Division Hazaribagh on turnkey basis." **PART-B- (CHOUPARAN NORTH & SOUTH)** Chouparan Nort h & South Rural Water Supply Scheme under D.W. & S. Division Hazaribagh on turnkey basis." **PART-C- (PART BARHI)** Part Barhi Rural Water Supply Scheme under D.W. & S. Division Hazaribagh on turnkey basis." | 27111.95 | 271.20 | 10,000.00 | 27 Months + 03 Months (Trial and run) |
| 2. | Date of Tender uploading in website | Date:- 24.01.2023 up to 02:00 PM | | | |
| 3. | Date of Pre-bid Meeting | Date:- 31.01.2023 at 12:30 PM in the office of Engineer -in-Chief, D. W. & S. Department Jharkhand Ranchi | | | |
| 4. | Last date receipt of Bid | Date:- 07.02.2023 upto 05.00 PM | | | |
| 5. | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:- 08.02.2023 upto 04.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle,Hazaribag 3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi | | | |
| 6. | Date of opening tender | Date:- 09.02.2023 upto 03.00 PM | | | |
| 7. | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | |
| 8. | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | |
| 9. | Contact no of e-procurement office | 06546-262291 | | | |
| 10 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | |

i) Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
ii) Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**D.W. & S. Division, Hazaribag**

PR.NO.287619 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

# सूचनाएं सामने आयें

उत्तराखंड के जोशीमठ में मकानों में आयी दरारों के बाद जहां लोगों को सुरक्षित जगहों पर ले जाने की प्रक्रिया चल रही है, वहीं जमीन धंसने की रफ्तार ने नयी चिंता पैदा कर दी है। खासकर भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो की सैटलाइट तस्वीरों के हवाले से आयी इस सूचना ने बड़े पैमाने पर लोगों का ध्यान खींचा कि जमीन धंसने की रफ्तार में आश्चर्यजनक तेजी आयी है। रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल 2022 से बाद के सात महीनों में जमीन 8.9 सेंटीमीटर धंसी, जबकि 27 दिसंबर के बाद के 12 दिनों में ही 5 सेंटीमीटर का धंसान रिकॉर्ड किया गया। अभी भू-धंसान की गति में आयी इस कथित तेजी के मायनों और इसके संभावित नतीजों पर बातचीत हो ही रही थी कि अचानक इसरो के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेटर (एनआरएससी) ने अपनी वेबसाइट से यह रिपोर्ट हटा दी। इसके कारणों पर इसरो की ओर से तो कुछ नहीं कहा गया, लेकिन उत्तराखंड सरकार के एक मंत्री ने दावा किया कि उन्हीं के अनुरोध पर ऐसा हुआ है। बाद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक बैठक के बाद नैशनल डिजेस्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने पत्र लिखकर इसरो समेत 12 सरकारी संगठनों और एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि उनके एक्सपर्ट्स अपना ऑब्जर्वेशन मीडिया के साथ या सोशल मीडिया पर शेयर न करें। राज्य और केंद्र सरकार का कहना है कि इससे मौजूदा हालात को लेकर अलग-अलग तरह के तथ्य और उनकी तरह-तरह की व्याख्याएं सामने आ रही हैं, जिससे लोगों में घबराहट फैल रही है। मौजूदा हालात में लोगों में भ्रम और आशंकाएं फैलने को लेकर सरकार की सतर्कता समझी जा सकती है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि घबराहट फैलने से रोकने के लिए सरकार की ओर से उठाये गये इस कदम को किस रूप में देखा जायेगा और उससे कैसी स्थिति बनेगी? विपक्षी दल कांग्रेस ने इसे सच्चाई दबाने की कोशिश करार दी है। मगर उसे फिलहाल छोड़ दिया जाये तो भी यह सवाल तो है ही कि आखिर इसरो को अपनी रिपोर्ट हटाने को क्यों कहा गया? क्या उसकी सैटलाइट तस्वीरें सही नहीं थीं? और अगर इसरो की सैटलाइट तस्वीरों पर रोक लगा भी दी गयी तो अन्य देशों के सैटलाइट जो तस्वीरें भेज रहे हैं, उनका क्या किया जायेगा? क्या इसरो वाले मामले को दुनिया भर में सूचनाएं छिपाने की कोशिश के रूप में नहीं लिया जायेगा? दूसरी बात यह कि उत्तराखंड में चाहे किसी भी दल की सरकार रही हो, उस पर कथित विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए पर्यावरण विशेषज्ञों की रिपोर्टों को अनदेखा करने के आरोप लगते रहे हैं। बेहतर होगा सरकार सूचनाओं को सार्वजनिक करे, ताकि इस पर एक्सपर्ट्स के बीच खुलकर बहस हो और उससे स्थिति में सुधार लाने का सही रास्ता निकले।

**राज्य और केंद्र सरकार का कहना है कि इससे मौजूदा हालात को लेकर अलग-अलग तरह के तथ्य और उनकी तरह-तरह की व्याख्याएं सामने आ रही हैं, जिससे लोगों में घबराहट फैल रही है।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**मुफ्त उपहारों को परिभाषित करने में होने वाली झिझक के कारण अनुमत कल्याणकारी उपाय क्या हैं और मुफ्त की रेवड़ियां क्या होंगी, इस बारे में बड़ी उलझन पैदा हो गयी है। अनुमत कल्याणकारी उपायों पर निरपवाद रूप से ठीक से विचार किया जाता है और लाभार्थियों की पहचान की जाती है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) इस परिभाषा पर सटीक बैठता है।**

# राजनीतिक दल चांद को खरीदने का वायदा भी कर देते

**मनीष तिवारी**



**पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) में प्रत्यावर्तन एक अन्य विवादास्पद ऋण है जो प्रतिगमन पैदा कर रहा है। इसकी कई प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों ने आलोचना की है। आरबीआइ के अनुसार 10 सबसे अधिक ऋणग्रस्त राज्यों के कुल राजस्व खर्च का अकेले पेंशन व्यय (2017-18 से 2021-22 का औसत) 12.4 प्रतिशत है।**

भारत हमेशा एक चुनावी ट्रैक पर रहता है, लेकिन 10 राज्यों के चुनाव और अगले 18 महीनों में एक राष्ट्रीय चुनाव होने के साथ, चुनावी लाभ के लिए सार्वजनिक धन की बर्बादी के मुद्दे पर चर्चा करने का शायद यह एक उपयुक्त समय है। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट में भी इस समय इस संबंध में एक याचिका दायर है, जिसे 3 जजों की बेंच को भेजा गया है। मूलभूत प्रश्न यह है कि क्या राजनीतिक दलों को वोट के बदले मुफ्त रियायतों के वायदे करने की अनुमति दी जानी चाहिए? क्या ये रियायतें महज प्रलोभन नहीं है या क्या ये सुवैचारिक सार्वजनिक कल्याण प्रतिबद्धताओं के योग्य हैं?

क्या संवैधानिक रूप से जनता की जेब पर इस तरह से बोझ डालने की अनुमति है जिससे सरकारी खजाने पर असर पड़े? क्या इस तरह की आर्थिक विकृति भविष्य की पीढ़ियों पर भारी बोझ नहीं पैदा करती है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मुफ्तखोरी के वित्त पोषण द्वारा दिये गये ऋण की चुकौती करेंगी? राजकोषीय रूढ़िवादिता और वित्तीय अपव्यय के रूप में संतुलित बजट के बारे में क्या है? मुफ्त की रेवड़ियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने की आवश्यकता है और परिभाषा को सटीक रूप से बताया गया है।

**राज्य सरकारों का सब्सिडी पर खर्च क्रमशः 2020-21 और 2021-22 के दौरान 12.9 प्रतिशत और 11.2 प्रतिशत बढ़ा है।**

मुफ्त उपहारों को परिभाषित करने में होने वाली झिझक के कारण अनुमत कल्याणकारी उपाय क्या हैं और मुफ्त की रेवड़ियां क्या होंगी, इस बारे में बड़ी उलझन पैदा हो गयी है। अनुमत कल्याणकारी उपायों पर निरपवाद रूप से ठीक से विचार किया जाता है और लाभार्थियों की पहचान की जाती है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) इस परिभाषा पर सटीक बैठता है। मनरेगा स्पष्ट रूप से पहचाने गये लाभार्थियों और ग्रामीण रोजगार तथा विकास के दीर्घकालिक लक्ष्य के साथ एक रोजगार गारंटी योजना है।

इसके अलावा यह ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और संपत्ति का निर्माण करती है, जिससे ग्रामीण परिवारों के भीतर क्षमता का निर्माण करने में मदद मिलती है। दूसरी ओर बात करें, तो मुफ्त उपहार मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, बड़े पैमाने पर ऋण माफी और बैंक ऋणों को बट्टे खाते में डालने वाली नीतियों के रूप में घोषित अल्पकालिक उपाय हैं। ये मुफ्त उपहार कोई उत्पादन या उत्पादकता नहीं बनाते हैं। जब राजनीतिक दल चांद का वायदा करते हैं और फिर चांद को खरीदने के लिए उधार पर भरोसा करते हैं तो यह ऋण संचय और अंधाधुंध खर्च के दुष्चक्र को जन्म देता है।

जून 2022 में प्रकाशित राज्य के वित्त का विश्लेषण करने वाले एक लेख में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने उपहारों के वितरण के लिए बढ़ती वरीयता पर चिंता व्यक्त की थी। इसने नोट किया था कि राज्य सरकारों का सब्सिडी पर खर्च क्रमशः 2020-21 और 2021-22 के दौरान 12.9 प्रतिशत और 11.2 प्रतिशत बढ़ा है। यहां तक कि कर्ज संकट से जूझ रहे राज्य भी मुफ्तखोरी की होड़ में हैं। पंजाब में मुफ्त उपहारों की घोषणा उसके कुल कर राजस्व का 45.4 प्रतिशत है। फिर भी यह मुफ्त उपहारों की घोषणा करने में नैतिक बाधा साबित नहीं होती।

उच्च राजस्व घाटे के साथ उधारी बढ़ना तय है और इसलिए परिणामी ब्याज भी बढ़ेगा। थोड़ा आश्चर्य तो इस बात का है कि पंजाब अपने राजस्व का 21.3 प्रतिशत ब्याज भुगतान पर खर्च करता है। आरबीआइ के आंकड़ों के अनुसार केरल (4.1), पश्चिम बंगाल (3.5), पंजाब (4.6), राजस्थान (5.2), उत्तर प्रदेश (4.3), आंध्र प्रदेश (3.2), तमिलनाडु (3.8) का जीएसडीपी अनुपात में राजकोषीय घाटा रहा। तेलंगाना (3.9) 3 प्रतिशत से ऊपर रहा। वास्तव में 2020-21 में कर्ज-जीएसडीपी अनुपात के आधार पर पंजाब, राजस्थान, केरल, पश्चिम बंगाल, बिहार, आंध्र प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सबसे ज्यादा कर्ज के बोझ वाले राज्य बन गए। अपनी जोखिम विश्लेषण रिपोर्ट में आरबीआइ ने अत्यधिक तनावग्रस्त राज्यों में पंजाब, केरल, राजस्थान, बिहार और पश्चिम बंगाल की पहचान की।

पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) में प्रत्यावर्तन एक अन्य विवादास्पद ऋण है जो प्रतिगमन पैदा कर रहा है। इसकी कई प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों ने आलोचना की है। आरबीआइ के अनुसार 10 सबसे अधिक ऋणग्रस्त राज्यों के कुल राजस्व खर्च का अकेले पेंशन व्यय (2017-18 से 2021-22 का औसत) 12.4 प्रतिशत है। बिजली सब्सिडी भी राज्य सरकारों के वित्तीय बोझ का एक बड़ा हिस्सा है। आरबीआइ ने चेतावनी दी है कि बेलआऊट के लिए तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, राजस्थान और पंजाब सबसे असुरक्षित राज्य हैं। इनमें पंजाब सबसे खराब प्रदर्शन कर रहा है।

पंजाब के सबसे खराब स्थिति में बने रहने की उम्मीद है, क्योंकि 2026-27 में इसका ऋण जीएसडीपी अनुपात 45 प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है। इसकी राजकोषीय स्थिति में भी गिरावट आयेगी।

## जमशेदपुर की खबरें

# लॉयर्स डिफेंस की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पुराने कोर्ट परिसर में लॉयर्स डिफेंस की एक बैठक आयोजित की गयी। सोमवार को अधिवक्ता परमजीत कुमार श्रीवास्तव के नेतृत में आयोजित बैठक में दो बिंदुओं पर चर्चा की गयी। मौके पर गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में 28 व 29 जनवरी को जमशेदपुर जिला बार संघ के अधिवक्ताओं के बीच एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करने पर सहमति बनी। साथ ही आगामी पांच फरवरी को लॉयर्स डिफेंस की पूरी टीम का एक वनभोज का आयोजन किया जायेगा।

मौके पर लॉयर्स डिफेंस लीगल टीम का गठन किया जायेगा, ताकि अधिवक्ताओं को उनके सर्वांगीण विकास एवं आगामी न्यायिक परीक्षाओं में दाखिला मिल सके। साथ ही प्रैक्टिस को सुदृढ़ करने के लिए लॉयर्स डिफेंस के संरक्षक संजय कुमार पांडे के द्वारा जानकारी दी जायेगी। बैठक में अधिवक्ता अक्षय कुमार झा, नवीन प्रकाश, संजीव कुमार झा, रविंद्र कुमार, सुनील मोहंती, संजय द्विवेदी, सिकंदर कुमार, नीरज कुमार, सुशील शर्मा, योगेश शर्मा, विवेक कुमार आदि शामिल रहे।

# जुगसलाई क्षेत्र में सफाई को लेकर कार्रवाई, 1200 जुर्माना वसूला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में कचरा बाहर फेंकने वाला लोगों पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी। एसडीओ पीयूष सिन्हा के निर्देश पर जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी ने करवाई शुरू कर दी। सोमवार को नगर परिषद क्षेत्र के महतो पड़ा रोड स्थित मंदिर के समीप कचड़ा इधर उधर फेकने वाले तीन लोगों से कुल 1200 रुपया जुर्माना वसूला गया। इस अवसर पर घर से अवशिष्ट संग्रहण के दौरान कचड़ा इधर-उधर फेकने वाले लोगों को चेतावनी दी गयी। मौके पर जुगसलाई क्षेत्र में वेस्ट मैनेजमेंट को ओर से बेहतर करने व जुगसलाई नगर परिषद को साफ सुथरा बनाये रखने के लिए जुगसलाई नगर परिषद के द्वारा निर्धारित यूजर चार्ज का भुगतान करने एवं घर से अपशिष्ट संग्रहण से जुड़ने की अपील की गयी।

# आदिवासी कुड़मी समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया विश्व हालपुण्या दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**पटमदा।** आदिवासी कुड़मी समाज के पटमदा एवं बोड़ाम निवासी ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आख्यान यात्रा के अवसर पर हर्ष उल्लास के साथ विश्व हालपुण्या दिवस मनाया गया। सोमवार को पटमदा में आयोजित कार्यक्रम में कुड़मालि भाखिचारि आखड़ा लोवाडीह के ग्रामीणों ने हल बैल लेकर पहुंचे। मौके पर जाल्ला व केन्दडीह के आठ किसानों ने विधिवत रूप से हल जोतकर परंपरा का निर्वाह किया। कार्यकर्म के दौरान आदिवासी कुड़मी समाज के द्वारा सभी किसानों को एक-एक पीला गमछी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जयराम महतो ने बताया कुड़मालि नववर्ष का शुभारंभ किया गया। ग्रामीणों के द्वारा शुभ काम आख्यान यात्रा के दिन से ही शुरू किया जाता है। इस मौके पर आदिवासी कुड़मी समाज के केन्द्रीय सह सचिव जयराम महतो, झारखंड प्रदेश कोषाध्यक्ष माधव चन्द्र महतो, जमिनदाता पूर्णचन्द्र महतो, साधन महतो,फनी भूषन महतो, विकास महतो, गुरुचरण महतो, धरनी महतो, गनेश महतो, चक्रधर महतो, विश्वनाथ महतो, प्रफुल्ल महतो, श्रीकांत महतो, परमेश्वर महतो, अंगद महतो, शंभू महतो आदि उपस्थित रहे।

# एक्सएलआरआइ में दो दिवसीय मैक्सी फेयर 21 से

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित एक्सएलआरआइ के दो दिवसीय मैक्सी फेयर 21 व 22 जनवरी को आयोजन किया जाएगा। सोमवार को एक्सएलआरआइ की ओर से मेले की लांचिंग की गयी। मौके पर मुख्य अतिथि एक्सएलआरआइ के पूर्ववर्ती छात्र सीवीएल श्रीनिवास शामिल हुए। उन्होंने डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज एसजे, डीन एकेडमिक्स संजय पात्रो, डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसूजा समेत मैक्सी फेयर की आयोजन समिति के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मैक्सी फेयर की विधिवत लांचिंग की। दो दिवसीय मैक्सी फेयर में पीएनजी,जी, पेप्सिको, बाटा प्रेफर्टी, आइसीआइसीआइ कंपनियों के प्रॉब्लम पर रिसर्च किया जाएगा। मौके पर डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने बताया एक्सएलआरआइ की 75 वर्षों की विरासत को आगे ले जाने की प्रयास है। जीवन में कई प्रकार की चुनौतिया है, उसे सफलता पूर्वक निपटाना ही मैनेजमेंट की कहानी है। उन्होंने कहा मैक्सी फेयर के माध्यम से इंडस्ट्रीज में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को खेल-खेल में दूर किया जा सकता है। बीते 42 वर्षों से यह अनवरत जारी है। एक्सएलआरआइ में शिक्षा की देशभर में एक अलग पहचान है। उन्होंने कहा 43 वे मैक्सी फेयर एक रिसर्च मेला है, जिससे लोगों के दिमाग पर खेल-खेल में रिसर्च करने का मौका मिलेगा। इस बार 22 जनवरी को शाम 7 बजे से बॉलीवुड के गायक शाहिद माल्या अपनी सुरों से जादू बिखेरेंगे। माल्या ने अब तक फिल्म गुंडे, स्टूडेंट ऑफ द ईयर, उड़ता पंजाब और जब हैरी मेट सेजल जैसी फिल्मों में गाना गाया है। मैक्सी फेयर में आयोजत कार्यक्रमों मे बच्चों के लिए फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। वही बड़ों के लिए जमशेदपुर फेवरेट फैमिली,मिस एंड मिस्टर जमशेदपुर और मास्टरशेफ प्रतियोगिता होगी। इसके साथ ही विजेताओं को ब्यूटी हैम्पर्स, वाशिंग मशीन, टेलीविजन पुरस्कार दी जायेगी।

# भिलाईपहाड़ी के ऐतिहासिक टुसू मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** एमजीएम थाना अंतर्गत भिलाईपहाड़ी दुर्गा पूजा मैदान में मकर संक्रांति के अवसर पर विशाल टुसू मेला का आयोजन किया गया। मौके पर जमशेदपुर शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों समेत पश्चिम बंगाल एवं ओड़िशा से हजारों हजार की संख्या में लोगों का जमावड़ा रहा। इस अवसर पर झारखंड,पश्चिम बंगाल एवं ओड़िशा की लोक संस्कृति आकर्षण का केंद्र रही। मुर्शिदाबाद से आयी रायबेंसे नृत्य की टीम ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भव्य टुसू मेला में मुख्य अतिथि घाटशिला विधायक रामदास सोरेन शामिल हुए। मौके पर विधायक ने कहा मकर संक्रांति व टुसू पर्व झारखंड वासियों के लिए विशेष त्योहार है। संक्रांति के दिन खास कर यहां के आदिवासी-मूलवासी समुदाय लोग बहुत ही धूमधाम से पर्व मनाते है। सभी समाज के लोग इस पर्व को एक साथ मिल कर मनाते हैं। यह किसानों, गरीबों व मजदूरों से जुड़ा हुआ पर्व है। मकर संक्रांति का त्योहार 3 दिनों तक बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। मकर के दिन नदी व तालाबों में स्नान के बाद नये वस्त्र धारण करना व चूड़ा-गुड़ एवं पीठा खाने की परंपरा है। तीसरे दिन आख्यान यात्रा को खेतों में तीन बार हल घुमाकर खेती का काम शुरू किया जाता है। आज के दिन काफी शुभ माना जाता है। यही वजह है कोई भी नया काम आदिवासी-मूलवासी समुदाय के लोग आख्यान यात्रा के दिन ही शुरू करते हैं। कोई भी व्यक्ति अगर नौकरी या मजदूरी के लिए बाहर जाते हैं, तो हर हाल में मकर संक्रांति के पूर्व घर लौटते हैं। 3 दिनों तक परिवार के लोगों के साथ मिल कर त्योहार का आनंद उठाते हैं। विधायक ने भिलाईपहाड़ी में आयोजित भव्य टुसु मेला में उमड़ी भीड़ को देख आयोजक समिति के पिंटू दत्ता को बधाई दी। उन्होंने कहा इस तरह का ऐतिहासिक मेला का आयोजन से ग्रामीण भरपूर आनंद उठा सकेंगे। इसका मुख्य कारण आयोजक कमेटी के द्वारा एक ही जगह पर सिंहभूम, मानभूम, धालभूम की संस्कृति को दशार्या गया है। उन्होंने कहा यहां आकर लोग शांतिपूर्वक ढंग से मनोरंजन कर रहे हैं। मेला को जिला बीस सूत्री सदस्य प्रमोद लाल, 15 सूत्री सदस्य शेख बदरुद्दीन, झामुमो नेता फतेह चंद्र टुडू एवं मुख्य आयोजनकर्ता पिन्टू दत्ता ने भी संबोधित किया। मौके पर जिला पार्षद प्रभावती दत्ता, पार्षद प्रह्लाद लोहार, पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो, मुखिया शशिभूषण सिंह सरदार, पंसस वासंती सिंह, उपमुखिया श्रीमंत प्रधान, झामुमो नेता सुनील महतो, समाजसेवी विमल बैठा, विजय सिंह सोय, अभिमन्यु गौड़, वैद्यनाथ प्रधान मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अर्जुन सोरेन एवं विश्वनाथ ज्योतिषी ने संयुक्त रूप से किया।

दूसरी ओर मेला में अप्रत्याशित भीड़ को देख राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने प्रतिनिधियों की रिपोर्ट पर सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए आयोजनकर्ता पिन्टू दत्ता से मेला में शामिल होने से इनकार कर दिया। इस बात की चर्चा कमेटी के सदस्यों में रही।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### देवी-देवता की प्रतिमा के साथ आपत्तिजनक फोटो वायरल करने पर हिंदू समुदाय में आक्रोश



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगड़ी क पंचायत अंतर्गत चिरैया टांड़ के मुस्लिम समुदाय के तीन नाबालिग लड़कों के द्वारा हिंदू देवी-देवता की प्रतिमा के साथ आपत्तिजनक फोटो वायरल होने के बाद आक्रोशित हिंदू समुदाय के लोगों ने भंडरिया थाना पहुंच लिखित शिकायत की। जिसके बाद भंडरिया पुलिस तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों नाबालिग ताबिस राज (14) पिता आजम अंसारी, साजिद अंसारी (8) पिता अब्दुल अंसारी व इसरार अंसारी (16) को उठाकर पूछताछ के लिए भंडरिया थाना ले आयी। फोटो वायरल करने का मुख्य गुनहगार इसरार अंसारी ने पुलिस के समक्ष अपना गुनाह कबूल किया। हिन्दू समाज के लोगों ने मिसाल पेश करते हुए आपसी सोहार्द न बिगड़े इसे देखते हुए उक्त तीनों नबालिग लड़कों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज नहीं करायी गयी। दोनों समुदाय के लोगों के द्वारा भंडरिया थाने में ही बैठ कर दुबारा इस तरह की गलती न हो, इसकी अंतिम चेतावनी के साथ आपसी सहमति बनी। मौके पर लव कुमार यादव, विनोद गुप्ता, ठाकुर प्रसाद महतो, भागीरथी महतो, सुनिल कुमार यादव, मनोज कुशवाहा, बैजनाथ साव, जय कुमार महतो, कुतबुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

### ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को सोनभद्र जिले के रेणुकुट का कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बीरबल गांव में चल रहे ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। गौरतलब है कि उक्त विद्यालय के द्वारा प्रत्येक वर्ष किसी न किसी ऐतिहासिक स्थल पर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को भ्रमण पर ले जाया जाता है। ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल प्रबंधन की पहल पर सोनभद्र जिले के रेणुकूट ले जाकर ऐतिहासिक रेहेन डैम, बिरला मंदिर, बनदेवी मंदिर, कृष्णा मंदिर को दिखाया गया। इस संबंध में बताते हुए विद्यालय के प्रबंधक महताब आलम ने बताया कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ बौद्धिक ज्ञान देना हमारा कर्तव्य बन जाता है। इस तरह के भ्रमण से बच्चों में अपने अतीत व वर्तमान दोनों तरह के गुणों को विकसित करने का मौका मिलता है। भ्रमण के दौरान सोनभद्र के औद्योगिक नगरी रेणुकूट के प्रमुख स्थलों से रूबरू कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के बाद हमारे स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं में उत्साह के साथ काफी बदलाव देखा जा रहा है। मौके पर स्कूली बच्चों के साथ प्रधानाध्यापिका बेबी खातून, शिक्षक योगेंद्र कुमार यादव, रामविनय यादव, सुनील यादव, अजय यादव, वीरेंद्र कुमार, रुखसाना प्रवीण, रुकसार, चांदनी, आशिया सहित ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षक शामिल थे।

### मकर संक्रांति पर घटवरिया घाट पर लगा मेला



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति पर विशुनपुरा मुख्यालय के प्रसिद्ध घटवरिया घाट स्थित शिव मंदिर प्रांगण में भव्य मेला का आयोजन किया गया। मकर संक्रांति पर दही, चूड़ा, तिलकुट, तिलवा ग्रहण कर मेला का लत्फ उठाया। मेले में काफी संख्या में लोगों की भीड़ देखने को मिली। इस मेले को लेकर घटवरिया बाबा शिव मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राज बलि, अनिल चन्द्रवंशी, रविन्द्र मिश्रा, अजय प्रसाद यादव सहित लोगों के द्वारा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करायी गयी थी। वहीं विशुनपुरा थाना से एएसआई शंकरानंद सरस अपने दल बल के साथ मौजूद थे।

### असामाजिक तत्वों ने हाई स्कूल की जलमीनार को तोड़ा एवं लाइब्रेरी का ताला काटने का किया प्रयास

**कांडी (आजाद सिपाही)।** गरदाहा हाई स्कूल की जलमीनार को तोड़कर बर्बाद कर दिया गया। इधर पुस्तकालय कक्ष का ताला काटने का भी प्रयास किया गया। कांडी थाना क्षेत्र के खुटहेरिया पंचायत अंतर्गत राजकीयकृत महंत श्री रामचंद्र पुरी उच्च विद्यालय गरदाहा के सैकड़ों विद्यार्थियों को पीने का पानी की घोर किल्लत उत्पन्न हो गयी है। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह ने कहा कि सोमवार को विद्यालय आने पर देखा कि किसी ने छुट्टी के दौरान सब बर्बाद कर दिया। वहीं पुस्तकालय कक्ष का ताला भी 75 फीसदी काटा हुआ है। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत स्कूल में आये कांडी के थाना प्रभारी स्वामी रंजन ओझा को घटना की पूरी जानकारी दी गयी है।

### नौवीं की छात्रा ने पेड़ में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना क्षेत्र के कुरून गांव के झुमेलवा टोला निवासी भोगदयाल सिंह की 14 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी ने अपने घर से 500 मीटर की दूरी पर स्थित महुआ के पेड़ में अपने दुपट्टा से लटक कर आत्महत्या कर ली। जानकारी देते हुए मृतक के पिता भोगदयाल सिंह ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाला बरवाडीह के ततहा मेला में हम गए हुए थे। रविवार को दोपहर में घर आये तो घर पर अपनी बेटी को नहीं देखकर खोजबीन करने लगे। इसी दौरान बताया गया कि घर से पूरब जंगल में महुआ के पेंड़ में दुपट्टा से लटका हुआ एक युवती का शव है। जहां पहुंच हम सब परिजनों ने जाकर देखा तो मेरी बेटी दुपट्टा से लटकी पड़ी है।

**प्रतियोगिता : 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन**

# आरके पब्लिक और जवाहर नवोदय की टीम बनी चैंपियन

> सीनियर वर्ग में आरके पब्लिक ने ब्राइट फ्यूचर को एवं जूनियर वर्ग में जवाहर नवोदय विद्यालय की टीम ने बीएनटी संत मैरी को हराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में आरके पब्लिक स्कूल की टीम रोमांचक मुकाबले में स्कूल ब्राइट फ्यूचर को नौ रनों से हराकर लगातार दूसरी बार और प्रतियोगिता में आठवीं बार चैंपियन बनी। वहीं जूनियर वर्ग में जवाहर नवोदय विद्यालय की टीम बीएनटी संत मैरी को हराकर पांच साल बाद फिर से चैंपियन बनी। सभी विजेता-उप विजेता टीम और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि डीडीसी राजेश कुमार राय, संजय पांडे, अध्यक्ष मदन केशरी, उपाध्यक्ष सुशील केशरी, धनंजय सिंह, नंद कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा, सियाराम शरण वर्मा, सिस्टर रोशना, पंकज सिंह, चंद्रभूषण सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे और नवनीत शुक्ला ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

सीनियर वर्ग के फाइनल मैच में आरके पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अंकित के 39 और सच्चिदानंद के 17 रनों के सहयोग से निर्धारित 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 149 रन बनाये। स्कूल ब्राइट फ्यूचर की ओर से बलजीत ने तीन विकेट लिये। जवाबी पारी खेलने उतरी स्कूल ब्राइट फ्यूचर की टीम निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर यूसुफ के 45 व फरहान के 25 रनों के सहयोग से 7 विकेट खोकर 140 रन ही बना पायी। आरके पब्लिक स्कूल की ओर से सौरव ने 2 विकेट प्राप्त किये।

वहीं जूनियर वर्ग के फाइनल में जवाहर नवोदय विद्यालय ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए आरिफ के 18 और आशीष के 15 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवर में 104 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी बीएनटी संत मैरी की टीम 52 रनों पर ही सिमट गयी। संत मैरी टीम की ओर से कोई भी खिलाड़ी दहाई अंक में प्रवेश नहीं कर सका। जवाहर नवोदय विद्यालय की ओर से ऋषभ ने चार विकेट प्राप्त किये।

प्रतियोगिता के समापन पर सचिव आनंद सिन्हा ने मैच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष सियाराम शरण वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे ने किया।



#### बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी किये गये पुरस्कृत

21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। जिन्हें पुरस्कृत किया गया उनमें जूनियर वर्ग में मैन ऑफ द सीरीज जवाहर नवोदय विद्यालय के रोशन पाल, बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार बीएनटी संत मैरी के अनुराग कुमार और मैन ऑफ द मैच सीरीज का पुरस्कार जवाहर नवोदय विद्यालय के ऋषभ को दिया गया। वहीं सीनियर वर्ग में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार आरके पब्लिक स्कूल के सच्चिदानंद को, बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार स्कूल ब्राइट फ्यूचर के यूनुस अंसारी को, बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार ब्राइट फ्यूचर के आकाश को और मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आरके पब्लिक स्कूल के अंकित कुमार को दिया गया।

## बंशीधर महोत्सव की तैयारी को लेकर एसडीओ ने कार्यक्रम एवं हेलीपैड स्थल का किया निरीक्षण

> कहा- निरीक्षण के बाद सभी तरह की व्यवस्थाओं को लेकर उपायुक्त को भेजा जायेगा प्रतिवेदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बंशीधर नगर।** बंशीधर महोत्सव की तैयारी को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी ने सोमवार को गोसाईबाग मैदान कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड के लिये महदेइया शंकर प्रताप देव इंटर कॉलेज के निकट स्थल का निरीक्षण किया।

स्थल निरीक्षण के बाद अनुमण्डल पदाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल पर क्या क्या व्यवस्था की जा सकती है। बाहर से आये कलाकारों को ठहरने तथा पार्किंग की व्यवस्था कहां की जा सकती है, इसका भी जायजा लिया जा रहा है। इन सबकी जानकारी लेने के बाद उपायुक्त को प्रतिवेदित किया जायेगा।

मौके पर पुलिस निरीक्षक कृष्णा कुमार, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, नगर पंचायत कार्यालय के नाजिर दिलीप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### मंडल कारा में कैदी की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मंडल कारा में एक कैदी के मौत का मामला प्रकाश में आया है। कैदी की पहचान भवनाथपुर थाना क्षेत्र के रनपुरा गांव निवासी स्व. लक्ष्मण यादव का पुत्र राम कयास यादव बताया जा रहा है। बताया जाता है कि रामकयास हत्या के मामले में पिछले छह सालों से मंडल कारा में बंद था। सोमवार को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। सदर अस्पताल पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मंडल कारा के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली है कि एक कैदी की मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है। उसके बाद आगे की उचित कार्रवाई की जाएगी।

## श्री कृष्ण गौशाला परिसर की भूमि पर जबरन मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण को लेकर गौ भक्तों ने जताया विरोध

> श्री कृष्ण गौशाला समिति, गढ़वा के बैनर तले बैठक कर 19 को मशाल जुलूस एवं 20 को गढ़वा बंद कराने का लिया गया निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** सोमवार को श्री कृष्ण गौशाला समिति, गढ़वा के बैनर तले गढ़वा के गौ भक्तों की बैठक दोपहर बारह बजे श्री कृष्ण गौशाला परिसर में संपन्न हुई। इस बैठक में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। बैठक में लोग इस बात पर काफी आक्रोशित नजर आये कि गौशाला की भूमि पर बगैर गोशाला समिति के अनुमति के कानून को दरकिनार कर जबरन मार्केट कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस अवैध निर्माण कार्य के विरुद्ध गुरुवार 19 जनवरी 2023 को शाम में सभी गौ भक्त गौशाला परिसर में एकत्र होंगे और गौशाला परिसर से मशाल जुलूस निकाला जाएगा। मशाल जुलूस मुख्य पथ होते हुए रंका मोड़ पहुंचेगा और वहां नुक्कड़ सभा के बाद समाप्त हो जाएगा तथा दूसरे दिन शुक्रवार 20 जनवरी 2023 को इसी मुद्दे को लेकर गढ़वा बंद रहेगा।

बैठक में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, धर्म रक्षा वाहिनी, गढ़वा, योगी सेना के प्रमुख लोग तथा गढ़वा शहरी क्षेत्र एवं आसपास के गांवों के गौ भक्त काफी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश कुमार दीपक तथा संचालन सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल ने किया।



### केतार प्रखंड क्षेत्र में आज शाम 5 बजे तक बिजली रहेगी बाधित

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में कल बिजली नहीं रहने की जानकारी देते हुए सहायक अभियंता धीरेंद्र कुमार ने बताया कि केतार प्रखंड में 17 जनवरी को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि भागोडीह पावर ग्रीड में कंस्ट्रक्शन का कार्य किया जाना है। इस कारण से 17 जनवरी को बिजली आपूर्ति बंद की जायेगी। उन्होंने बताया कि केतार प्रखंड क्षेत्र को जोड़ने वाली बिजली की लाईन झगराखांड़ की ओर जाने वाली 33 हजार का हाई वोल्टेज तार से जुड़ी हुई है। इस कारण केतार प्रखंड का भी बिजली बाधित रहेगी।

## महिला-पुरुष पहलवान शिरडी के लिए हुए रवाना



> गढ़वा स्टेशन से टीम को युवा समाजसेवी दौलत सोनी एवं उनकी धर्मपत्नी संध्या सोनी ने किया रवाना

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शिरडी महाराष्ट्र में आयोजित दसवीं राष्ट्रीय ट्रेडिशनल स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता 2022-23 में भाग लेने वाले झारखंड राज्य के महिला-पुरुष पहलवानों की चयनित सूची में शामिल गढ़वा के महिला-पुरुष पहलवान चोपन रांची एक्सप्रेस से आज रांची के लिए रवाना हुए, जो आज रात्रि झारखंड टीम के साथ रांची से शिरडी के लिए प्रस्थान करेंगे। गढ़वा स्टेशन पर टीम को शुभकामनाएं और आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे गढ़वा जिले के युवा समाजसेवी दौलत सोनी एवं उनकी धर्मपत्नी संध्या सोनी ने महिला-पुरुष पहलवानों के लिए रास्ते का भोजन एवं फल के साथ ही अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोग जीत कर आइये। आपकी वापसी पर आपके स्वागत के लिए हम लोग तैयार हैं। इस अवसर पर उन्होंने पहलवानों के लिए ट्रेन में रिजर्वेशन टिकट कराते हुए थ्री टायर एसी कोच में बर्थ उपलब्ध करवाया है। मौके पर युवा समाजसेवी दौलत सोनी, राकेश पाल, जितेंद्र सिन्हा, शैलेंद्र पाठक आदि लोग उपस्थित थे।


**झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची**
**(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)**
कॉर्पोरेट पहचान सं०–U51228JH2010SGC014519,
TIN No - 20520108277
उत्पाद भवन, भूतल, नवीन पुलिस केन्द्र के समीप, कॉंके रोड,
E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.comjsbcl.jharkhand@gmail.com

पत्रांक–118 दिनांक–12/01/2023

**शुद्धि पत्र**

निगमीय पत्रांक :-A/C-437/2022-23/20, दिनांक–07.12.2022, Advt P.R. No-284495 के माध्यम से प्रकाशित आई०टी० सेवा की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन हेतु अल्पकालीन निविदा को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।
(2) उक्त निविदा से संबधित सुचना बाद में प्रकाशित की जायेगी।

ह०/–
महाप्रबंधक (संचालन)
झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची।

PR.NO.287520
Excise(22-23):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग**

पत्रांक :– 29 हजारीबाग/दिनांक:–16/01/2023

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 12 दिनांक 05.01.2023 द्वारा निर्गत ई–निविदा आमंत्रण सुचना संख्या WRD/MID/HAZARIBAG/F2-25/2022-23 जिसका प्रकाशन PR No. 286768 Minor Irrigation( 22-23)*D को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग।

PR.NO.287590
Minor Irrigation(22-23):D



**कार्यालयः– असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग**
**(DMFT, हजारीबाग)**

**लिखित परीक्षा हेतु आवश्यक सूचना**

DMFT, हजारीबाग अन्तर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों / चिकित्सा पदाधिकारी / पाराचिकित्सा कर्मीयों के विभिन्न अनुबंध आधारित पदों हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय ज्ञापांक– 1164/DHS हजारीबाग दिनांक 03.09.2022 के आलोक में नियुक्ति संबंधित विज्ञापन का प्रकाशन कराया गया। दिनांक 19.12.2022 को उपविकास आयुक्त, हजारीबाग की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में लिये गये सर्वसम्मत निर्णय तथा उपायुक्त, हजारीबाग के अनुमोदन के आलोक में **दिनांक 22.01.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजें सें अपराहन् 1:00 बजे तक** दन्त चिकित्सा पदाधिकारी हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय (जिला स्कूल), जिला परिशद चौक के समीप, हजारीबाग में निर्धारित किया गया है। दन्त चिकित्सा पदाधिकारी के आवेदक दिनांक 21.01.2023 तक अपना प्रवेश पत्र जिले के बेवसाईट www.hazaribag.nic.in सें Download कर सकते हैं। सभी संबंधित आवेदक अपने प्रवेश पत्र एवं आधार कार्ड के साथ पूर्वाहन 10:00 बजे तक उपरोक्त तिथि को निर्धारित स्थल पर ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। पूर्वाहन 10:30 बजे के पश्चात् परीक्षा केन्द्र में प्रवेश वर्जित कर दिया जायेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग

PR287628 (Health Med Edu and Family Welfare)22-23*D


**बैठक : झामुमो की बैठक में संगठन की स्थिति एवं युवा कमेटी के विस्तार पर की गयी चर्चा, प्रखंड अध्यक्ष ने कहा**

# कार्यकर्ता गांव-टोलों में भ्रमण कर लोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचायें

> सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को झामुमो से जोड़ें : इरफान अंसारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** झामुमो प्रखंड कार्यालय में सोमवार को झामुमो के सभी पार्टी पदाधिकारियों की बैठक प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सभी पंचायत से आये पंचायत अध्यक्षों से पार्टी संगठन की स्थिति एवं सभी पंचायत में युवा कमेटी के विस्तार पर चर्चा की गयी।




बैठक को संबोधित करते हुए आशीष गुप्ता ने कहा कि झारखंड सरकार की सभी योजनाओं से गांव के अंतिम व्यक्ति को जोड़ना है, ताकि हेमंत सरकार के सपने को पूरा किया जा सके। इसके लिए सभी कार्यकर्ता गांव टोला में भ्रमण कर उन्हें योजना की जानकारी दें ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। सचिव इरफान अंसारी ने कहा कि संगठन के लोगों को सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को झामुमो से जोड़ना है। प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय ने कहा कि जिनको भी किसी तरह का कार्य है 10:00 से 4:00 तक पार्टी कार्यालय में अपनी समस्याओं को रख सकते हैं। उनका हरसंभव हल निकाला जाएगा। मंत्री मिथिलेश ठाकुर के निर्देश पर सभी विभाग से संबंधित झामुमो प्रतिनिधि कार्यालय में हमेशा उपस्थित रहते हैं। युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी ने कहा कि सबको मिलकर सदस्यता अभियान को सफल बनाना है। बैठक को प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, आफताब आलम, ओम प्रकाश यादव, ललन यादव, बबलू चंद्रवंशी, संतोष प्रसाद, राजेंद्र सिंह, विकास यादव, मुकेश तिवारी, अनिल यादव, कौसर अंसारी ने भी संबोधित किया। बैठक में उपेंद्र भुईयां, गीता देवी, हीरामणि देवी, सूचित देवी, मालती देवी, मधुसूदन राम, अमीन अख्तर, खुर्शीद अंसारी, नौशाद राय सहित सभी पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित थे।


**उपायुक्त का कार्यालय कोडरमा**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**

**आम सूचना**

**डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर (D.F.C.C) परियोजना अन्तर्गत** भूमि अर्जन का कार्य में अपेक्षित प्रगति तथा रैयतों को मुआवजा भुगतान का निर्धारण कैम्प के माध्यम से करने के निमित्त **मौजा–विशुनपुर** में **CAMP** आयोजित करने हेतु निम्नवत कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाती है साथ ही उक्त मौजा से सम्बन्धित रैयतों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं स्थल पर आयोजित कैम्प में उपस्थित होकर प्रतिकर भुगतान हेतु वैध राजस्व कागजात (मूलप्रति एवं छायाप्रति) एवं साक्ष्य सम्बन्धित कर्मियों के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

| क्र० सं० | मौजा का नाम/थाना नं० | प्रतिनियुक्त कर्मी का नाम | निर्धारित तिथि | निर्धारित स्थल | समय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 1. विशुनपुर/250 | 1. श्री संजय कुमार, उ०व०लि०<br>2. श्री मनीश कुमार, दै०पा० अमीन<br>3. निरंजन कुमार शर्मा, दफ्तरी<br>4. मो० महफुज आलम, अनुसेवक<br>5. श्री अभिजीत पाण्डेय, दै०पा० कार्यालय अनुसेवक | 19/01/2023 | अंचल कार्यालय, कोडरमा के सभागार में, | 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:00 बजे अपराह्न तक | |

ह०/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
कोडरमा।

PR 287542 (Land Reforms) 22-23 (D)

## तीन दिवसीय हनुमंत मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा शुरू



**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड अंतर्गत छोटकी चापी में तीन दिवसीय हनुमंत मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा की शुभ आरंभ की गयी। सैकड़ों महिलाओं ने कमले नदी से जल भरकर कलश यात्रा निकाली। जय श्री राम जय हनुमान के उद्घोष के साथ पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया। मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा तीन आचार्यों के द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। कलश यात्रा कार्यक्रम में सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुडू थाना प्रभारी सनी कुमार अपने दल बल के साथ उपस्थित रहे। कमेटी के सदस्यों ने उन्हें साफा पहनाकर उनका अभिवादन किया। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 16 जनवरी से 18 जनवरी तक चलेगी। 18 जनवरी को रात्रि 8:00 बजे भव्य भक्ति जागरण का आयोजन मंदिर समिति के सदस्यों ने रखा है। इन 3 दिनों में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन के साथ सुंदरकांड का पाठ भी संगीत कलाकारों के द्वारा किया जायेगा।

## सड़क सुरक्षा को लेकर क्विज कांटेस्ट तथा ड्राइंग कंपटीशन आयोजित

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं के बीच नदिया हिंदू हाई स्कूल में सड़क सुरक्षा को लेकर क्विज कॉन्टेस्ट तथा ड्राइंग कंपटीशन आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर बहुत सारे महत्वपूर्ण बातों को रखा, वहीं छात्राओं के द्वारा भी सड़क सुरक्षा को लेकर एक से बढ़कर एक ड्राइंग के माध्यम से सुझाव प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन, रोड सेफ्टी इंजीनियर अमरेश कुमार, विद्यालय के प्रिंसिपल अनिता कुमारी, आईटी असिस्टेंट दुलार कुजूर, ट्रैफिक इंचार्ज संतोष यादव, नोडल शिक्षक निश्चल मिंज, रविशंकर द्विवेदी, चंद्रकांता अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## मृतक परिवार को अविलंब सहायता दे सरकार : समिति

**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के डांडू पंचायत के चितरी कोयल नदी में डूबने से भंडरा थाना क्षेत्र के भौरों निवासी निरंजन साहू के 25 वर्षीय पुत्र आनंद साहु की मौत हो गयी थी। इस घटना को लेकर जय श्री राम समिति ने गहरा दुख व्यक्त किया। प्रशासन एवं झारखंड सरकार से अभिलंब पीड़ित परिवार को सहायता देने का आग्रह किया। ज्ञात हो की चितरी ऐतिहासिक घाघ मेला का आयोजन हर साल होता है लेकिन कुछ वर्षों से करोना काल को लेकर लोग नहीं आ पा रहे थे इस बार हजारों हजार की संख्या में लोग पहुंचे थे। जो की कोयल नदी में स्नान कर पूजा अर्चना कर रहे थे। इसी दौरान युवक कोयल नदी में नहाने के लिए पानी मे घुसा ही था की गहरे पानी में चला गया। जिसे आनन फानन में पानी से बाहर निकाला जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना को लेकर समिति ने दुख व्यक्त किया दुख व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक वा समिति के मुख्य संरक्षक रमेश उरांव, सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, कन्हैया करवा, गुंजन वर्मा, रमेश राय उर्फ गुड्डू जिला अध्यक्ष राजीव रंजन महिला जिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान महामंत्री अजय साहू कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह, ओम महतो, हेमंत वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, प्रदीप साहू, नितेश जयसवाल, विक्की कसेरा, अनुज कुमार कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल सह कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, जिला मंत्री राम कुमार साहू भंडरा प्रखंड अध्यक्ष अनीत कुमार कुंदन, प्रदीप यादव समेत समस्त समिति ने व्यक्त किया।

## अभय महतो अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के वार्ड न. 18, जयनाथपुर निवासी समाजसेवी कुशवाहा अभय कुमार महतो पिता कृष्णा कुशवाहा को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशवाहा राकेश महतो के निर्देशानुसार महासभा के प्रधान महासचिव विनोद कुशवाहा के द्वारा किया गया है। विनोद कुशवाहा ने बताया कि कुशवाहा अभय महतो को प्रदेश अध्यक्ष झारखंड का दायित्व दिया गया है। यह मनोनयन इनके संघर्षशील कडी मेहनत, ईमानदारी, त्याग, सम्पर्क, संगठनात्मक क्षमता समाज के प्रति संवेनशीलता के कारण बनाया गया है। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा को उम्मीद है कि अभय महतो पूरी जिम्मेदारी से समाज को नई दिशा प्रदान करेगें। समाज को सशक्त बनाने में इनकी अहम भूमिका रहेगी। इनके मनोनयन की प्रतिलिपि राष्ट्रीय अध्यक्ष, अभाकु महासभा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, अभाकु महासभा, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, अभाकु महासभा, निबंधक कार्यालय नई दिल्ली को प्रेषित किया गया है।

## उपायुक्त के स्टेनो बने डिप्टी कलेक्टर, शुभकामना सभा आयोजित कर दी गयी बधाई





**लोहरदगा।** उपायुक्त के स्टेनो लाल बालकिशोरनाथ शाहदेव द्वारा प्रथम उपसमाहर्ता (सीमित) प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या-05/2005) का अंतिम रूप से चयनित होने के अवसर पर समाहरणालय सभागार में शुभकामना सभा आयोजित की गयी। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि एक लंबे इंतजार के बाद जब व्यक्ति को जीवन में सफलता प्राप्त होती है तो वह क्षण अविस्मरणीय होता है। यह वही पल है। आप इस पल को जी भर जियें। साथ ही, हम आशा करते हैं कि आपकी पोस्टिंग इसी जिले में हो। उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा कि 17 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद यह अद्भुत पल आपके जीवन में आया है। हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम में बीडीओ, रजिस्ट्रार सुभाष दत्ता, कार्यपालक दण्डाधिकारी अमित बेसरा ने भी अपने विचार व्यक्त किये और श्री शाहदेव के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर जिला स्तरीय पदाधिकारी व समाहरणालय कर्मी उपस्थित थे।

## डीईओ ने किया बीआरसी का निरीक्षण



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड संसाधन केंद्र में संचालित रिसोर्स रूम किस्को का जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास चंद्रमॉल के द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी ली और कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास चंद्र मॉल ने कहा कि क्षेत्र में संचालित सभी सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाएं को बच्चों को हर हाल में मिले इसे लेकर विशेष रूप से कार्य करें। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल देने की बात कही। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्रीमती इंदु अग्रवाल, रिसोर्स शिक्षक सतीश कुमार प्रजापति, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, सुलोचन कुमारी, अनुसेवक तबारक हुसैन अंसारी सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

### किस्को के तिसिया में महायज्ञ की अंतिम तैयारी में जुटी आयोजन समिति

# 22 जनवरी को उमड़ेगा आस्था का सैलाब, तैयारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**किस्को/लोहरदगा।** आगामी 22 जनवरी से 29 जनवरी तक किस्को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाखर अंतर्गत तिसिया ग्राम में होने वाली विश्व कल्याणार्थ महायज्ञ श्री लक्ष्मी कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति की ओर से पूरे उल्लास व उत्साह के साथ तैयारी को अंतिम रूप देने में जोर-शोर से जुट गये हैं। मालूम हो कि लोहरदगा जिलांतर्गत किस्को प्रखंड क्षेत्र के तिसिया में होने जा रही विश्व कल्याणार्थ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में पूरे देश भर से भक्तजनों का सैलाब उमड़ने वाली है इसे लेकर आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई एवं एक सप्ताह तक होने वाली कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी लोगों के ठहराव और अन्य सुविधा बहाल करने को लेकर भी व्यापक रूप से तैयारी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि तिसिया में होने जा रही विश्व कल्याणार्थ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में देश के काशी, मथुरा, बनारस सहित कई अन्य हिस्सों से आस्था के इस मैदान में भक्तजनों की भीड़ उमड़ पड़ेगी। इसे देखते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय सिंह, सचिव राजेंद्र यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यों की ओर से पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेवारी का निर्वाह किया जा रहा है। आगामी 22 जनवरी से शुरू हो रहा महायज्ञ की सफलता हेतु तैयारी जोर-शोर से किया जा रहा है। बड़े बुजुर्ग महिला और बच्चे सभी के द्वारा पूरी निष्ठा के साथ श्रमदान कर कार्यक्रम स्थल को दुल्हन की तरह सजाई जा रही है। इस संदर्भ में आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय सिंह सचिव राजेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि तिसिया जैसे अति सुदूरवर्ती व पिछड़ा क्षेत्र में विश्व कल्याणार्थ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कार्यक्रम होना अपने आप में गर्व की बात है। दोनों पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बताया कि किस्को के तिसिया में विश्व कल्याणार्थ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कार्यक्रम पूरे जिले एवं झारखंड राज्य में ऐतिहासिक होगा। बताया कि आगामी 22 से 29 जनवरी तक होने वाली महायज्ञ कार्यक्रम को सफल बनाने में सबसे ज्यादा महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। हर दिन महिलाएं कार्यक्रम स्थल पर एकत्रित होकर अपनी आस्था बनाई हुई हैं। साथ ही बच्चे भी काफी उत्साहित होकर हाथ बंटा रहे हैं। इस बीच अध्यक्ष विजय सिंह सचिव राजेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 38 दिनों से कार्यक्रम स्थल पर संध्याकालीन से देर रात्रि तक अखंड हरिकृतन का आयोजन होता है जिसमें सैकड़ों की संख्या में आकर भक्तजन क्षेत्र में भक्तिमय स्थापित कर दिखाया है। वहीं महाप्रसाद के लिए भक्तजनों के द्वारा अभी से ही अग्रिम बुकिंग शुरू कर दिया गया है। भक्तजन एडवांस बुकिंग में होड़ लगाए हुए हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय सिंह सचिव राजेंद्र यादव ने बताया कि क्षेत्र में अभी से ही आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। आयोजन समिति की ओर से भक्तजनों के बीच चुनरी वितरण कर भक्तो के बीच आस्था बनाये रखी गयी है। ज्ञात हो कि किस्को प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत पाखर के तिसिया गांव में पहली बार शांति हेतु होने जा रही विश्व कल्याणार्थ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आयोजन समिति की ओर से झारखंड राज्य के अलावा देश के सभी हिस्सों के नामचीन हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने एवं देश में अमन चैन बहाल कराने हेतु महायज्ञ में विशेष पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना किया जायेगा। साथ ही पूरे एक सप्ताह तक तिसिया गांव पूरी तरह से भक्तिमय रहेगी और कार्यक्रम स्थल के समीप मेला का भी आयोजन किया जायेगा।

## अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए थाना प्रभारी ने की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना परिसर में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने थाना क्षेत्र के सभी दुकानदारों के क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु एक बैठक की। बैठक में छिपादोहर एवं आसपास के दुकानदारों शामिल हुई। बैठक में बैठक में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने क्षेत्र के सभी दुकानदारों से अपनी-अपनी घरों व दुकानों के सामने रात्रि में आवश्यक रूप से बिजली जलाने एवं अपराधियों गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सभी दुकानदार भाइयों से सीसीटीवी कैमरा लगाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि दुकानदारों द्वारा सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने से सभी दुकानदारों अपने अगल बगल होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है। वही इससे किसी भी तरह की अप्रिय घटना को पर अंकुश लगाया जा सकता। थाना प्रभारी के इस प्रयास का सभी ने सराहना करते हुए अपनी-अपनी दुकानों के सामने सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात पर जल्द से जल्द अमल करने पर की बात कही। बैठक मैं थाना प्रभारी ने सभी दुकानदारों से शराब सेवन नहीं करने पर जोर दिया। वहीं उन्होंने अपने आसपास कि लोगों को भी शराब सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करते हुए शराब से बचने के लिए लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। कहा कि शराब से ही अपराध जैसी घटनाएं और दुर्घटनाएं होती है। इस दौरान इस दौरान थाना प्रभारी ने सभी दुकानदारों से भी क्षेत्र में अपराधपर अंकुश के लिए अपने अपने विचारों रखने की अपील किया।

## सात पड़हा एड़ादोन की बैठक संपन्न

**कैरो,(लोहरदगा)।** कैरो प्रखंड के एड़ादोन बाजार बगीचा में 16 जनवरी दिन सोमवार को सात पड़हा एड़ादोन का बैठक एड़ादोन बेल देवा उरांव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से जिला राजी पड़हा के बेल-लक्ष्मीनारायण भगत उपस्थित हुए। भगत ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज पड़हा व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है। हमारे बीच राजनीतिकरण हावी होने के कारण पड़हा व्यवस्था को कमजोर करने का कार्य कर रहा है,आज हमारे बीच में एकता को भड़ने का कार्य करने का षडयंत्र रचा जा रहा है। जानि शिकार को भी 12 वर्ष के बाद धूम-धाम से मनाने की जरूरत है।बेल देवा उरांव ने कहा कि हमारे युवाओं-युवती को नशा-पान से दूर रहे और शिक्षा की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हमको अपने रीति-रिवाज, रुढ़िवादी परम्परा को अपनाने की जरूरत है, अपनी भाषों को छोड़ना नहीं है। जिला राजी पड़हा मीडिया प्रभारी बजरंग उरांव ने कहा कि आज हमारे एकता नही होने के कारण बेटी, बहन, जमीन और संवैधानिक अधिकारों पर भी दूसरे लोग अपना अधिकार जमाने का प्रयास कर रहा है।

## महेंद्र सिंह की पुण्यतिथि मनायी

**लातेहार।** गरीबों के आवाज जन संघर्षों के महानायक शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह के 19वीं शहादत दिवस को लातेहार में संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। भाकपा माले जिला कार्यालय से शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह को लाल सलाम शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह तुम जिंदा हो, खेतों में खलिहान में जनता के अरमानों में, भाकपा माले जिंदाबाद, भाजपा भगाओ देश बचाओ, 11वा महाधिवेशन सफल करो के नारो के साथ शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः माले कार्यालय पर सभा आयोजित कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि के साथ संकल्प लिया। संकल्प मार्च का नेतृत्व भाकपा माले जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम, प्रखंड प्रभारी गोपाल प्रसाद, किसान नेता दुर्गा सिंह, सोहराई सिंह, भोला सिंह, उदयराम ने किया।

## आवाम की खुशहाली ही हमारा मकसद : धीरज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कैरो।** कैरो प्रखंड के एकमात्र उर्दू शिक्षा संस्थान मदरसा अशरफिया गौसुल उलूम नगजुआ कैरो में गरीब, वंचित, शोषितों के मसीहा राज्यसभा सांसद आदरणीय सम्मानित श्री धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से तालिबे इल्म शिक्षा ग्रहण कर रहे 45 बच्चों के बीच कंबल का वितरण किया गया। बकौल हम सभी के गार्जियन श्री धीरज प्रसाद साहू आवाम की खुशहाली एवं तरक्की ही हमारा मकसद है जिस तरह से लोगों एवं समाज को मेरी मदद की जरूरत होगी हर संभव प्रयास करूंगा चाहे वह शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य एवं राजनीति का क्षेत्र ही क्यों ना हो। प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र पार्टी है जो सभी जाति, समुदाय एवं धर्मों को एक साथ लेकर चलती है और सबका विकास करती है। मदरसा कि शिक्षा एवं विकास को लेकर बैठक भी की गई जिसमें विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया।

## चंदवा में कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त



**चंदवा।** चंदवा के डुमारो पंचायत अंतर्गत मोची टोला के पास सड़क से जा रहे गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने कोयला भरा ट्रैक्टर जब्त किया है ट्रैक्टर और ट्रैक्टर मालिक बालूमाथ थाना अंतर्गत खुटेर गांव का रहने वाला है। मालिक का नाम सूरज उरांव और चालक का नाम करमचंद उरांव है दोनों को चंदवा पुलिस ने मौके पर ही धर दबोचा है चंदवा पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ट्रेक्टर पूरे डाला में कोयला भरा होने की सूचना मिली तो चंदवा पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर एक ट्रैक्टर को जप्त किया तो देखा कि ट्रैक्टर के ऊपर से टुकड़ा ईट रखा हुआ था और नीचे में पूरा कोयला भरा हुआ ट्रैक्टर था तुरंत चंदवा पुलिस ट्रैक्टर और मालिक चालक को कब्जे में लेकर चंदवा थाना ले आई और कांड संख्या 16/23 के तहत जेल भेज दिया गया।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत राजकीय बुनियादी विद्यालय के प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर प्रधान फाउंडेशन से जुड़े दिल्ली एम्स के चिकित्सक अभिषेक कुमार और उनकी टीम के द्वारा तीन सौ लोगों को मुफ्त में इलाज कर दवा दी गयी। स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि के रूप में आये डॉ अभिषेक और विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल चिकित्सा प्रभारी सुरेश राम समाजसेवी संतोष सिंह, मुखिया नरेश लोहरा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का संबोधन करते हुए डॉ अभिषेक कुमार ने बताया कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता है हर संपन्न लोगों को गरीब मजदूर का सेवा करना चाहिए स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि आपका आहार ही आपको स्वास्थ्य बना सकता है आपका गलत आहार आपको आश्वस्त कर सकता है इसलिए आप अहार सुध और सादा सेवन करें। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजनकर्ता गुलाम कुरैशी, समाजसेवी सह भाजपा नेता प्रेम प्रसाद गुप्ता, मोहम्मद मेराज, जूनियर अमिताभ बच्चन सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष ने की प्रेस कांफ्रेंस



**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित होटल द ब्लिस में भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष कुमार सागर की अध्यक्षता में नेतरहाट में होने वाले सांसद खेल स्पर्धा को लेकर प्रेस कांफ्रेंस किया गया। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजयुमो लातेहार जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने कहा सांसद खेलों स्पर्धा निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक अच्छा पहल एक बड़ी पहल है और इस पहल को चतरा लोक सभा सांसद सुनील कुमार सिंह ने बखूबी निभा रहे ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी अपनी प्रतिभा को सामने ला सके अपनी प्रतिभा को दिखा सके और राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर जा सके। एथलेटिक्स खेल में चतरा लोकसभा के सभी प्रखंडों से सभी पंचायत स्तर के लोग इस खेल में भाग लेंगे और भाला फेंक, गोला फेक, लंबी कूद, ऊंची कूद, 100 मीटर की दौड़, 400 मीटर की दौड़, 800 मीटर की दौड़, रिले रेस जैसे अन्य खेलो मे भाग लेंगे। इस खेल में 9वां से 12वां कक्षा के लोग शामिल होंगे। मौके पर भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुमंत कुमार उपस्थित थे।

## 15 दिवसीय बांस हस्त निर्माण प्रशिक्षण शुरू



**गारू।** पलामू ब्याघ्र परियोजना दक्षिणी वन प्रमंडल अंतर्गत माडोमार मे छोटानागपुर आदिवासी हरिजन उत्थान समिति पलामू के तत्वावधान 15 दिवसीय बांस से निर्मित हस्त सामग्री का प्रशिक्षण शुरू किया गया। इसका उदघाटन वफर एरिया के डिप्टी डायरेक्टर मुकेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया,इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बाजार मे बांस से निर्मित सामानों की काफी मांग है ऐसे मे बांस के सामान बनाकर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है आमदनी बढायी जा सकती है, इसका उदेश्य जंगलो से ग्रामीणो की निर्भरता कम करना है। इस प्रशिक्षण मे 25 ग्रामीण भाग ले रहेहै.इसके प्रशिक्षक बंगाल के समीर माहली,कोमल मली, रकीबुल शामिल हैं, छोटानागपुर आदिवासी हरिजन उत्थान समिति के सचिव मनोज कुमार, समन्वयक अजय कुमार सिंह ने बताया कि बांस से बने सामानों की अच्छी खासी मांग है, प्रशिक्षण के बाद ग्रामीणों को मार्केटिंग भी मुहैया कराया जायेगा। इस अवसर पर रेंजर तरूण कुमार सिंह समेत काफी संख्या में वनकर्मी उपस्थित थे।

## निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू

**लोहरदगा।** विशेष केंद्रीय सहायता मद (एससीए) के तहत लोहरदगा जिला के युवक-युवतियों को निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण का सत्र सोमवार से प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण पुराना डीआरडीए भवन में संचालित किया जा रहा है। अभी प्रशिक्षण के तीन सत्र आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें कुल 75 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर कम्प्यूटर प्रशिक्षक रत्नप्रभा समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नेतरहाट में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन



**हेरहंज-(लातेहार)** जिले के नेतरहाट में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 18 जनवरी से होगा। इसमें पूरे जिले से 600 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इसे सफल बनाने के लिए हेरहंज प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में सोमवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता लातेहार भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष छोटू राजा ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील कुमार सिंह द्वारा लातेहार के नेतरहाट में 18, 19 और 20 जनवरी को सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया है। इसमें चतरा लोकसभा क्षेत्र के 27 प्रखंड की 337 पंचायतों के वर्ग 9 से वर्ग 12 तक के युवक एवं युवतियां भाग लेंगी। कार्यक्रम में प्रत्येक प्रखंड से 15-15 प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। पूरे संसदीय क्षेत्र के 600 प्रतिभागी को शामिल किया जायेगा। अब खेल के लिए भी जाना जाये इसमें बेहतर खिलाड़ी होगे वह भविष्य में देश के लिए प्रतिनिधित्व करेगें। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल, भाजपा मंडल महामंत्री कन्हाई प्रसाद,भाजयुमो प्रखंडअध्यक्ष अवधेश यादव, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुमंत कुमार,सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, भाजयुमो महामंत्री सरहुली सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

### आयोजन : पांच दिवसीय महायज्ञ का कलश यात्रा से हुआ शुभारंभ

## जीवन में सुख, शांति व समृद्धि आये इसके लिए कामना करते हैं : विधायक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के केचकी पंचायत के कंचनपुर में पहाड़ी शिव मंदिर सेवा समिति के द्वारा आयोजित पांच दिवसीय श्री रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा से सोमवार को किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने शिरकत की। साथ ही विधायक प्रतिनिधि पिंटू कुमार सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, यूथ कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह सहित कई लोग शामिल हुए। वृंदावन से पधारे पंडित श्री रवि रंजन प्रभु महाराज के देखरेख में वैदिक मंत्रोचार के बीच सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश को लेकर केचकी स्थित औरंगा-कोयल संगम तट पर पहुंचे जहां पर जल भरा गया। वापस पुनः यज्ञ स्थल पर कलश स्थापित किया गया। कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान मोके पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने कहा कि लोगों के जीवन में सुख, शांति व समृद्धि आए इसके लिए वह कामना करते हैं। बताया गया कि 17 और 18 जनवरी को देव पूजन किया जायेगा। वहीं 19 जनवरी को नगर भ्रमण किया जायेगा। यज्ञ का समापन 20 जनवरी को हवन व भंडारा के साथ होगा। वही 16 जनवरी से 20 जनवरी तक प्रवचन कथा का भी आयोजन किया गया है। इस मौके पर अनिल कुमार सिंह, मनोज जायसवाल, दीपू तिवारी, उमेश प्रसाद, मनोज मांझी, आलोक सिंह, विकास चंद्र सिंह अजय सिंह, सौदागर सिंह, अनिल सिंह, मिथिलेश सिंह, ओमप्रकाश सिंह, विजय ठाकुर, बसंत सिंह, रामेश्वर सिंह, दिलीप सिंह, राज दुलार सिंह, संजय सिंह, राम दयाल सिंह, प्रमोद सिंह, गुप्तेश्वर सिंह, बाल्मीकि सिंह, शनि सिंह, विशाल सिंह, कौशल सिंह, संजय कुमार सिंह, विजय सिंह, राजू सिंह, संतोष सिंह, सुरेश सिंह, राम आशीष सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## हेरहंज में स्कूली बच्चों को नहीं मिलता एमडीएम में सब्जी और अंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हेरहंज-(लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र के तासु पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरधाबार में बच्चों को नियमित रूप से मध्यान भोजन में सब्जी, अंडा, नहीं मिलता है। साथ ही कोरोना काल का राशि जो सरकार के द्वारा उपलब्ध कराया गया था उसमें भी कुछ हीं छात्र-छात्राओं को 500-500 रुपये ही दिया गया। बच्चों से पुछे जाने पर बताया कि हम लोगों को कोरोना काल का पैसा जो आया था उसमें पांच-पांच सौ रुपये शिक्षक द्वारा मिला है। जबकि एक-एक हजार रुपये प्रथम वर्ग से पंचम वर्ग के बच्चों को दिया जाना था। इसके बाद छः वर्ग से अष्टम वर्ग में लगभग 1500-1500 रुपये देना था। कुछ बच्चों ने स्वीकार भी किया कि 500 रुपये मिला और कई बच्चों ने कहा कि हमलोग को नहीं मिला है। इस बात को लेकर विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार रवि से भी पूछे जाने पर बताया कि प्रति छात्र प्रथम से अष्टम वर्ग के बच्चों को 500-500 रुपये ही दिए हैं। साथ हीं बच्चों ने यह भी शिकायत की है कि सप्ताह में सोमवार और शुक्रवार को अंडा नही मिलता है जब कभी संतोष सर अंडा लाते हैं तो हमलोग को बनाकर मिलता है। रसोइया से पूछे जाने पर कहा कि हमलोग को अपने जगह से थोड़ी न खरीद कर देना है गुरुजी देंगें तब न बनाएंगे। रसोइया ने यह भी कहा कि हमलोग को कोरोना के बाद अभी तक गैस नहीं मिला है खाली टंकी बहुत दिन से रखा हुआ है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर ऑन रोड क्विज प्रतियोगिता आयोजित




**प्रतियोगिता में शामिल दो लोगों को हेलमेट देकर किया गया पुरस्कृत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सड़क दुर्घटना पर लगाम लगाने और सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सरकार कई कार्यक्रम चला रही है। इसके तहत पटेल चौक में आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 100 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। इन 100 में से दो लोगों को हेलमेट देकर पुरस्कृत किया गया। इन दो लोगों ने जिला परिवहन पदाधिकारी बिजय सिंह के सभी सवालों के सही उत्तर दिया। इसी प्रकार स्कूलों में आज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बताया गया कि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने से बेहतर है कि यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें। जब आप घर से बाहर निकलते हैं तो घरवाले आपके सुरक्षित लौटने का इंतजार कर रहे होते हैं। जीवन बहुमूल्य है इसे लापरवाही में नहीं गवाएं सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के तहत 11 जनवरी 2023 से 17 जनवरी 2023 तक विभिन्न भीड़भाड़ वाले स्थानों, चौक चौराहों में जो लोगों ने हेलमेट या सीटबेल्ट नहीं पहने थे उसे रोकर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा के टीम द्वारा लोगों को आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दूसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को किस प्रकार कम किया जाए इस पर भी लोगों से विचार-विमर्श किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला परिवन पदाधिकारी बिजय सिंह बिरवा, सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, रोड इंजिनियरिंग ऐनलिस्ट प्रणय कांशी, आईआरएडी के प्रबंधक रामानंद महाराज साहित कई लोग शामिल थे।

## हैंडबॉल स्टेट गेम खेल जीत कर लौटी खिलाड़ी युवतियों का गुमला में हुआ भव्य स्वागत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** हैंडबॉल के स्टेट गेम्स में अपना विजय पताका लहरा कर लौटी गुमला की तीन युवतियों का शहर लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया। इन खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा तैयार किया गया था। स्पोर्ट्र्स एकेडमी के निदेशक सैयद जुन्नू रैन ने स्टेट खेलकर जीतकर लौटी खिलाड़ियों स्वागत करते हुए कहा हमें बहुत खुशी महसूस हो रही है कि हमारे स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा ऐसे खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं जो देश भर में गुमला का नाम रौशन कर रहे हैं। इस बार हैंडबॉल के स्टेट टीम में गुमला के तीन खिलाड़ी शमिल है ये गर्व की बात है। स्पोर्ट एकेडमी गुमला स्टेड हैंडबॉल एसोसिएशन के तीन बच्चे जो राजस्थान खेलने के लिए गई थी वे 44 जूनियर नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप बालिकाओं का सिवाना राजस्थान में जीत कर लौटी है। यह प्रतियोगिता 11 से 14 जनवरी तक चली। आंध्र प्रदेश, कर्नाटका से जीतते हुए यह क्वार्टर फाइनल में खेली। अच्छा प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान हैंडबॉल एसोसिएशन की ओर से इन्हें मोमेंटो प्रदान किया गया। खिलाड़ी सोमवार को गुमला पहुंची हैं। इनका स्पोर्ट्स एकादमी गुमला और गुमला डिस्टिक हैंडबॉल एसोसिएशन की ओर से जोरदार स्वागत किया गया।

## पंचायत सचिव सुमराई मनोहर टोप्पो के निधन पर प्रखंड व अंचल कर्मियों ने जताया शोक

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में पंचायत सचिव सुमराई मनोहर टोप्पो के निधन पर प्रखंड व अंचल कर्मियों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। यहां बता दें कि बीते रविवार की रात पंचायत सचिव सुमराई मनोहर टोप्पो की मौत बीमारी के कारण हो गई। वहीं कुछ दिन पूर्व राजस्व कर्मचारी अनूप मिंज की मौत घाघरा से चैनपुर जाने के दौरान रास्ते में हो गई थी। बीते 12 जनवरी को मनरेगा के पूर्व कंप्यूटर ऑपरेटर अभिषेक पाठक की भी मौत सड़क दुर्घटना में हो गई थी। जिसके बाद अंचल व प्रखंड कार्यालय ने संयुक्त रूप से दो मिनट का मौन धारण किया। बीडीओ व सीओ ने संयुक्त रूप से कहा जो कर्मचारी दूर से आते हैं वह लगातार प्रत्येक दिन अपने घर ना जाएं प्रखंड मुख्यालय में ही रहें कोई भी नशा कर वाहन ना चलाएं लगातार सड़क दुर्घटना से लोगों की मौत हो रही है। इसे देखकर भी कम से कम सीखे इस मौके पर मुख्य रूप से बीडियो विष्णु देव कच्छप, सीओ प्रणव ऋतुराज, विनोदानंद पाठक, अजय लकड़ा, संजय पांडे, विवेक कुमार, विकास साहू, कलेश्वर साहू सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे।

**एक कदम थर्मोकोल के विरुद्ध : नगर परिषद ने शुरू किया बर्तन बैंक**

# एक रुपये में किराये पर मिलेगा स्टील के पांच बर्तनों का सेट

**बर्तन बैंक का उपायुक्त एवं नगर परिषद अध्यक्ष ने किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध एक कदम आगे बढ़ाते हुए गुमला नगर परिषद ने एक छोटी सी पहल की है। दरअसल पूर्व योजना के अनुसार नगर परिषद ने गुमला शहर में प्रदेश का पहला बर्तन बैंक खोला है।

बर्तन बैंक का उद्घाटन सोमवार को उपायुक्त गुमला श्री सुशांत गौरव, नगर परिषद अध्यक्ष दीप नारायण उरांव, एसडीओ सदर रवि जैन, उपाध्यक्ष कलीम अख्तर, लोक अभियोजक अनिल पांडेय तथा कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

उद्घाटन के उपरांत उपायुक्त ने अपने संबोधन में नगर परिषद की इस पहल को अभिनव तथा अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि यह छोटी सी पहल सर्कुलर इकोनामी का अच्छा उदाहरण है। खिलौना बैंक और बर्तन बैंक की तर्ज पर गुमला में पुस्तक बैंक बनाया जा सकता है।



**स्वयं सहायता समूह को दी गयी संचालन की जिम्मेदारी**

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इस बर्तन बैंक का संचालन का जिम्मा महिला स्वयं सहायता समूह को दिया गया है, ताकि बर्तन के प्रतीकात्मक किराये से आने वाली राशि से संबंधित महिला समूह की आय में कुछ न कुछ वृद्धि हो सके।

अध्यक्ष दीपनारायण उरांव ने कहा कि ज्यादातर लोग शादी-ब्याह, सालगिरह और बर्थडे पार्टी जैसे आयोजनों में भोजन-पानी सर्व करने के लिए थर्मोकोल प्लेट और प्लास्टिक गिलास जैसे सस्ते साधन उपयोग करते हैं और फिर उस आयोजन के बाद यही थर्मोकोल और प्लास्टिक बर्तन प्रदूषित कूड़ा बनकर शहर को गंदा करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्लास्टिक और थर्मोकोल के बर्तनों को मात देने और पर्यावरण संरक्षण हेतु नगर परिषद प्रशासन ने शहर के जरूरतमंद नागरिकों को स्टील के बर्तन उपलब्ध करवाने के लिए यह बर्तन बैंक खोला है।

उपाध्यक्ष कलीम अख्तर ने कहा कि नगर परिषद अपने खर्चे पर बड़ी संख्या में स्टील की थाली, गिलास, चम्मच, कटोरी आदि खरीदे हैं। लोगों की मांग पर उन्हें कुछ शर्तों पर ये स्टील के बर्तन सेट महज एक रुपया दर पर या अत्यंत गरीब होने पर निशुल्क भी उपयोग करने के लिए लोगों को उपलब्ध कराएगा। लेकिन लोगों की भी जिम्मेदारी रहेगी कि वे थर्मोकोल और प्लास्टिक गिलासों का उपयोग न करें।

सदर एसडीओ रवि जैन ने अपने संबोधन में कहा कि शहर को साफ-सुथरा रखना और पर्यावरण की रक्षा करना हम सबका दायित्व है, और इस दायित्व को निभाने में कुछ न कुछ भूमिका यह बर्तन बैंक भी जरूर निभाएगा। इसके लिए नगर परिषद प्रशंसा का पात्र है। सभी ने एक स्वर में शहर के लोगों से अपील की कि शादी विवाह, जन्मदिन आदि में प्लास्टिक, थर्मोकोल आदि के बर्तन की बजाए स्टील के बर्तनों का प्रयोग करें। यदि किसी कारण से लोग स्टील के बर्तनों का खर्चा नहीं उठा सकते हैं तो इसके लिए नगर परिषद के बर्तन बैंक की मदद ले सकते हैं। बर्तन बैंक की विस्तृत जानकारी श्रीमती राहिल डुंगडुंग मोबाइल सं. 9693446098 से ली जा सकती है।

## सरकारी उपेक्षा का दंश झेल रही आदिम जनजाति : मिशन बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**अभी भी आदिम जनजाति मूलभूत सुविधाओं से वंचित : भूषण भगत**

**शिक्षा और जागरूकता से ही बदल सकती है आदिम जनजातियों की स्थिति : पंकज चंद्र गोस्वामी**

**गुमला।** मिशन बदलाव के 'गांव चलो गांव बदलो अभियान' के तहत भूषण भगत, पंकज चंद्र गोस्वामी एवं मुखिया राजेश बड़ाईक गुमला जिला घाघरा प्रखंड के सारंगो पंचायत के सुदूरवर्ती गांव चुल्हमाटी पहुंचे और ग्रामीणों के साथ बैठक की। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया और कहा कि हमारे गांव में आदिम जनजातियों को बिरसा आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। बिरसा आवास योजना को लेकर जिला प्रशासन से लेकर प्रखंड प्रशासन तक दौड़ लगा के थक चुके हैं। ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी आदिम जनजाति के घर में शौचालय भी नहीं है। भूषण भगत और पंकज चंद गोस्वामी ने बताया कि सभी आदिम जनजाति बहुत मुश्किल परीस्थितियों में जीवन बसर कर रहे हैं और बरसात के दिनों में ये बेघर हो जायेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि हमारे यहां सड़क की सुगम व्यवस्था नहीं होने की वजह से हमारे गांव में अधिकारियों का दौरा कभी नहीं होता है। जिसकी वजह से हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि हमारे समस्याओं पर सरकार और प्रशासन का कोई ध्यान नही है।हम सभी अनपढ़ है और विद्यालय भवन जर्जर होकर बंद हो चुका है।राशन वितरण तो किया जाता है लेकिन गैस भराने के लिए पैसा नहीं है। उज्जवला योजना का कोई लाभ नहीं मिला है।बहुत सी सरकारी योजनाएं हमारे यहां नहीं पहुंच पाती है।बिजली न के बराबर रहती है ,फिर भी बिजली बिल चौदह पंद्रह हजार रुपए आ रही है।आंगनवाड़ी भी खुले आसमान के नीचे संचालित है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से अविलंब कारवाई करते हुए राहत की मांग की है।

## नेतरहाट घाटी में फिर खाई में गिरी कार, कोई हताहत नहीं

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नेतरहाट घाटी स्थित मिलिट्री मोड़ के पास सोमवार को अहले सुबह रांची हेहल पहान टोली से घूमने जा रहे पांच युवकों की कार मिलिट्री मोड़ से 300 मीटर पहले अनियंत्रित होकर लगभग 50 फीट खाई में जा गिरी। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। गाड़ी में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। घटना के संबंध में गाड़ी में सवार युवक राहुल बेक, रमेश कच्छप, नीरज तिर्की एवं सूरज उरांव ने बताया कि सभी लोगों ने आपस में मिलकर नेतरहाट घूमने की योजना बनायी। जिसके बाद सोमवार की सुबह 3:00 बजे एक गाड़ी में सवार होकर नेतरहाट के लिए निकले ताकि सनराइज देख सकें। परंतु नेतरहाट पहुंचने से पूर्व मिलिट्री घाटी से लगभग 300 मीटर से पहले गाड़ी का नियंत्रण खराब हो गया और वह खाई में जा गिरी। हालांकि घटना में किसी को चोट नहीं आयी और सभी लोग सुरक्षित हैं।

## मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** गुटवा गांव में श्री राम दरबार व शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव में सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में बच्चियां और महिलाएं शामिल हुई। कलश यात्रा नवनिर्मित मंदिर गुट्वा गांव से शुरू होकर विभिन्न टोला होते हुए गुट्वा कोयल नदी पहुंची। जहां अचार्य रमेश देव पौराणिक, उमेश नाथ मिश्रा, पवन मिश्रा, नारायण मिश्रा ने संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश में जल भरी कराया। वह जय श्री राम बोल बम के जयकारे से पूरा वातावरण गूंज उठा। मौके पर आचार्य रमेश देव पौराणिक ने बताया कि नवनिर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज कलश यात्रा महा ध्वज पूजन, मंगलवार को देवी देवताओं का पूजन नगर भ्रमण। साथ ही बुधवार को देवी देवताओं का विधिवत पूजन मूर्ति स्नान पूजन व प्राण प्रतिष्ठा सिंगार रुद्राभिषेक आरती हवन के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। साथ ही 12 घंटे का श्री श्री 108 हरि प्राण प्रतिष्ठा के नाम अखंड हरी कीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा। मौके पर संजीत गोप, दीपक सिंह, भरत सिंह, पवन गोप, छोटे गोप, सहदेव सिंह, सीमा देवी, नेहा कुमारी, रीना कुमारी, रीना देवी, राधा देवी, चंद्रा कुमारी, लीलावती देवी, किरण देवी, नीला देवी, संतोष यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## जारी प्रखंड में गोविंदपुर गांव की मस्जिद की मीनार का उद्घाटन



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड क्षेत्र के गोविंदपुर पंचायत के गोविंदपुर गांव के मस्जिद में मीनार का कार्य चल रहा था, जो पूरा हो चुका है। जिसका उद्घाटन आज सुबह सदर ज्यारूल अंसारी व सेक्रेटरी जाकिर खान एवं मीनार बनाने वाले मिस्त्री राजा खान और गोविंदपुर के मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा किया गया। वहीं मीनार बनाने वाले मिस्त्री राजा खान को फूलों का हार पहना कर व शॉल ओढ़ाकर मिठाई खिलायी गयी। साथ ही उनके कारीगरी की तारीफ करते हुए कप देकर विदा किया गया। साथ ही सदर साहब व सेक्रेटरी साहब को भी फूलों का हार पहनाया गया। वहीं सदर ज्यारूल अंसारी साहब व सेक्रेटरी जाकिर खान साहब ने कहा कि ये जारी प्रखंड के मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस मीनार की कुल ऊंचाई लगभग 90 फीट है। साथ ही उन्होंने बताया कि मीनार बनाने में तकरीबन 14 से 15 लाख रुपये खर्च हुए हैं। जो कि गोविंदपुर के मुस्लिम समुदाय के लोगों और कुछ नामचीन लोगों के खर्च से बनी है। मौके पर सदर ज्यारूल अंसारी, सेक्रेटरी जाकिर खान, हाजी मुस्तकीम खान, कलीम कुरैशी, अयूब अंसारी, जाहिर अंसारी, मंसूर खान, इस्लाम अंसारी, रिजवान अंसारी, मुतुर्जा अंसारी ,लाल मोहम्मद अंसारी, लाल खान, आदि मौजूद थे।

## कला संस्कृति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष ने वरिष्ठ कांग्रेसी चारो उरांव के निधन पर जताया शोक



**बसिया (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के कला संस्कृति एवं फिल्म विभाग के प्रदेश अध्यक्ष भानु प्रताप बड़ाईक ने जोलो निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी चारो उरांव के निधन की खबर सुनकर उनके घर जाकर परिवार वालों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिवार वालों को कहा कि चारो उरांव कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता थे। उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है और हम सभी काफी दुखी है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू, मुमताज खान, सहदेव राम, फेकू राम समेत अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिंचाई कूप के लाभुकों ने बीडीओ को आवेदन देकर भेंडर से राशि दिलाने की मांग की



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बघनी व छारदा गांव के सिंचाई कूप के लाभुकों ने कांग्रेसी नेता गंगा उरांव के नेतृत्व में सोमवार को बीडीओ सुनीला खलखो को आवेदन सौंपकर भेंडर से सामग्री की राशि दिलाने की मांग की है। आवेदनकर्त्ता करीम अंसारी, खुदी बड़ाईक, मासूम अंसारी, इब्राहिम अंसारी, इसाक अंसारी, इदरीस अंसारी ने आवेदन में कहा है कि हमें मनरेगा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 में सिंचाई कूप योजना मिली थी। समय से भेंडर के द्वारा निर्माण सामग्री उपलब्ध नहीं करायी गयी और न ही सामग्री खरीदने के लिए पैसा दिया गया। जिसकी वजह से हमने अपनी गाय-बैल बकरी, जमीन बेचकर, जमीन बंधक रखकर और कर्ज में रुपया लेकर पत्थर, बालू, चिप्स, सीमेंट, छड़ खरीद कर कुआं को एक साल पहले ही पूर्ण कर चुके हैं। भेंडर से सामग्री की राशि मांगे जाने पर टालमटोल करता है, और धमकी दी जाती है। जबकि भेंडर के द्वारा हमारी योजना की सारी राशि निकाल ली गई है। इसके बाद भी भेंडर के द्वारा सामग्री की राशि हमें नहीं दी गई है। इस बावत गंगा उरांव ने कहा कि प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। योजना की राशि भेंडर द्वारा निकाले जाने के बाद भी लाभुकों को भुगतान नहीं करना गंभीर मामला है। इस संबंध में बीडीओ ने जांच कराकर जल्द भुगतान कराने का आश्वासन दिया है। इस मामले को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की जाएगी।

## मध्याह्न भोजन में दाल की जगह हल्दी पानी और सब्जी गायब

**क्या हेडमास्टर अपने घर के बच्चों को खिलायेंगे ऐसा खाना**

हिमांशू रंजन






**बसिया।** प्रखंड के तुरबुंगा पंचायत अंतर्गत राजकीयकृत उ म विद्यालय डोलेंगसेरा में पढ़ने बालों को यहां के हेडमास्टर ऐसा खाना खिला रहे हैं जिस खाना को देख कर एक भले मानस को चाहे गुस्सा आ जायेगा या फिर उसकी आंखों में आसूं। सरकार चाहती है कि बच्चों को मध्यान्ह भोजन में पौष्टिक आहार मिले। खाना ऐसा हो कि बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में सहयोगी की भूमिका निभाए। मगर इस स्कूल के हेडमास्टर तो बच्चों के निवालों पर डाका डालने पर तुले हैं। बच्चो को सरकार द्वारा बनाये गए मीनू के आधार पर खाना न देकर हेडमास्टर ऐसा काम चलाऊ खाना दे रहे हैं कि खाना खा कर बच्चे कुपोषण का शिकार हो जायेंगे। सोमवार को स्कूल के छात्रों को जो खाना दिया गया था उसमें दाल के नाम पर हल्दी पानी, चावल और अंडा। यही थी सोमवार को बच्चों थाली। हरी सब्जी को गायब कर दिया गया। शायद हेडमास्टर साहब हरी सब्जी अपने घर के लिए ले गए हों। बेशर्मी की हद तो तब पार हो गई जब स्कूल के एच एम ग्रेस कंडुलना से मीडिया कर्मियों ने पानी नुमा दाल के बारे में पूछा तो पहले उन्होने मिडिया कमीर्यों पर नाराजगी प्रकट की फिर कहा कि बच्चे ऐसे ही दाल खाना पसंद करते है। इसलिए ऐसे खाना दिया जा रहा है। एच एम ग्रेस कंडुलना की दरियादिली तो देखिए कि उनके मुताबिक स्कूल का निर्माण और सौंदर्य का काम और मिड डे मील उनके व्यक्तिगत पैसे पर किया जा रहा है। हेडमास्टर साहब जरा ये भी बता दीजिए कि आप अपने बच्चो को यही खाना खिलाएंगे क्या? आप बड़े वो हैं, आप अपने बच्चों को भी खिला सकते हैं। मगर सवाल यह है कि आखिर ऐसे खाना खाकर इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चो का मानसिक, शारीरिक विकास कैसे होगा।आप को सरकार बच्चो को हेल्दी और गुणवत्तापूर्ण खाना देने की बात कहती है लेकिन हमारे गरीब बच्चो को ऐसे शिक्षक गरीब घर के बच्चो को ऐसे खाना परोसते है जिसे वे खुद या उनके बच्चे खाना तो दूर देखना तक पसंद नहीं करेगे। खैर

इस संबंध में जानकारी देने पर बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि जांच कर स्कूल के विरुद्ध नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। चलिए कोई तो ईमानदार रहे। अब देखने वाली चीज यह होगी कि बीडीओ साहब कैसी जांच करते हैं और कार्रवाई कब तक होती है। कार्रवाई जांच वाले दिन के बच्चों को परोसे गए मध्याह्न भोजन के आधार पर होती है या समाचार संकलन करने वाले दिन परोसे गए मध्याह्न भोजन पर। क्योंकि समाचार छपने के बाद इस स्कूल के मध्याह्न भोजन के स्तर में सुधार तो कर ही लिया जायेगा।

**बैठक : झानद का दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय बैठक सह जनपक्षीय पत्रकारिता सम्मान कार्यक्रम का आयोजन**

# लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया को मजबूत बनाना जरूरी : विजय सिंह

**जिले में कार्यरत प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लोगों को नोटबुक व कलम देकर किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा गुमला के परिसदन हॉल में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय बैठक सह जनपक्षीय पत्रकारिता को प्रोत्साहन देने के लिए सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले में कार्यरत प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लोगों को झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा नोटबुक व कलम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया को मजबूत बनाने की जरूरत है। क्योंकि असल में समाज को आईना दिखाने का काम मीडिया करती है। मीडिया कर्मियों को मान सम्मान के साथ सरकार को उनका हक अधिकार देने की गारंटी करना चाहिए। श्री सिंह ने 28 फरवरी 2023 को रांची में झारखंड को बचाने के सवाल पर आयोजित महापंचायत की तैयारी तेज करते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ व जन समस्याओं को लेकर प्रखंड स्तर पर भी आंदोलन तेज करने की अपील की। बैठक में पत्रकारों का हक के लिए सरकार को मांग-पत्र प्रेषित कर मीडिया कर्मियों का ज्वलंत सवालों को आंदोलन का मुद्दा बनाने, 28 फरवरी 2023 को रांची में आहूत राज्यव्यापी महापंचायत की तैयारी को लेकर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में जागो अभियान को तेज करने, 8 मार्च 2023 महिला दिवस पर झारखंड के गांवों में महिला अत्याचार पर रोक व महिलाओं की लंबित मांगों को लेकर संकल्प सभा करने तथा महिला सवालों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव की तैयारी करने, प्रमंडल में दल की मजबूती के लिए गतिविधि तेज करने के अलावे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

कार्यक्रम में पुष्पा उरांव, आनंदनी लुगुन, हाफिजुर रहमान, आदित्य सिंह, प्रकाश उरांव, तेजू भगत, अजीत विश्वकर्मा, नायमन कंडुलना, पूरन सिंह, आनंद साहू, एजाज अंसारी, हिमांशु सिंह, बादल सिंह के अलावे दल के कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर कार्य कर रही है : आलोक




**सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही)।** सोमवार को सतबरवा प्रखंड के मुरमा स्थित मलय डैम पर डाल्टेनगंज विधानसभा के विधायक आलोक चौरसिया के द्वारा वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आलोक कुमार चौरसिया, मनिका विधानसभा के पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह, भाजपा नेता दुर्गा जौहरी ने सामूहिक रूप से स्वर्गीय अनिल चौरसिया के तस्वीर पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष सिन्हा ने किया। विधायक श्री चौरसिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर कार्य कर रही है। जिस तरह केंद्र में भाजपा की सरकार है अगर राज्य में भी हमारी सरकार हो जाएगी तो हमारे क्षेत्र में और भी तेज गति से विकास होगी।

### मौके पर ये रहे मौजूद

**मौके पर भाजपा नेता प्रभात भुइयां,भाजयुमो जिला अध्यक्ष ज्योती पांडे, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा,जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, रवि प्रसाद समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।**

## नौडीहा बाजार थाना प्रभारी के द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया

**नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही)।** 11 जनवरी से 17 जनवरी तक चलने वाली सड़क सुरक्षा सप्ताह नौडीहा बाजार प्रखंड के नावाटाड़ पंचायत के तीन मुहान के पास सोमवार को नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमन कुमार के नेतृत्व में स्नोतर उच्च विद्यालय के बच्चे के द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा में आने वाले कई नियमों को रेड सिग्नल पर कैसे वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए और रेड सिग्नल पर अगर एम्बुलेंस फंसा तो उन्हें कैसे समय से पहले अस्पताल पहुंचाया जाए। बच्चों के द्वारा एवं शिक्षकों के देख रेख किया गया।

# प्रतिनिधिमंडल मिला सांसद बीडी राम से, सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** लालगढ़ पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल पलामू सांसद वीडी राम से मुलाकात कर एक्सप्रेस ठहराव हेतु एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान धर्मेंद्र चौधरी ने पलामू सांसद वीडी राम से कई मुद्दों पर चर्चा किया। साथ ही लालगढ़ बिहार स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस, पलामू एक्सप्रेस एवं राजधानी एक्सप्रेस की ठहराव की मांग को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। सांसद वीडी राम ने प्रतिनिधि मंडल को अस्वस्थ करते हुए कहा कि रेलवे विभाग को इन सारी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में पप्पू कुमार चौधरी, जितेंद्र चौधरी, कुणाल ओझा, रमेश पासवान, बिक्की चौधरी, डब्बल सिंह, शारद पासवान, बसंत पासवान, मंदीप पासवान सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## क्षेत्र की सभी पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए कटिबद्ध : बीडी राम



**पलामू (आजाद सिपाही)।** संसदीय क्षेत्र के हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत 'सांसद आपके पंचायत में' कार्यक्रम के तहत देवरी खुर्द, देवरी कला, बडेपुर, महुअरी पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित जनता संवाद कार्यक्रम में पलामू सांसद बीड़ी राम शामिल हुए। इस दौरान सांसद ने देवरी कला पंचायत के मुखिया मनोज भारती के बड़े भाई एवं लक्ष्मी सिंह की मां के असामयिक मृत्यु की सूचना पाकर उनके घर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उक्त पंचायतों का भ्रमण के दौरान जनता की सांसद ने जनसमस्याओं से अवगत होकर निराकरण करने का आशवासन दिया।साथ साथ उन्होंने कहा कि सड़क सुविधाओं के विस्तार के तहत मोहम्मदगंज से कोल्हुआ, बरडीहा, भजनिया होते हुए दंगवार तक पथ निर्माण एवम जपला से नवीनगर तक ,इसके अलावे पांती से बदंडा, उपरीकला से उपरी खुर्द, सरगाडा से हैदरनगर वाया नौडीहा पतरीया पथ की स्वीकृत कराई गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार लिए कार्य जारी है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह,कामेश्वर कुशवाहा, प्रफुल्ल कुमार सिंह, राम प्रवेश सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह, अजय गुप्ता, रामराज मेहता, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान, नरेंद्र सिंह, विनय कुमार सिंह, मुखिया ममता देवी, सरिता कुमारी,वार्ड सदस्यगण सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## योग गुरु बाबा रामदेव 18,19, 20 मार्च को रहेंगे पलामू में : महापौर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम सबों का प्रयास रंग लाया। योग गुरु बाबा रामदेव ने पलामू आने का न्योता हम सबों का स्वीकार कर लिया है। महापौर ने बताया कल पतंजलि हरिद्वार में उनके कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए 18,19, 20 मार्च के लिए पलामू का डेट तय कर दिया गया है। जिसकी सूचना पतंजलि इकाई के राज्य कार्यकारिणी सदस्य शह पलामू प्रभारी ममता जी एवं राजीव जी ने दी है। महापौर ने बताया कि यह पलामू का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा जिसमें सबों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। निगम इसके लिए विशेष तैयारी भी करेगा क्योंकि कई सटे राज्य से लोग हमारे अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु पतंजलि हरिद्वार से इसी माह 28 तारीख को एक टीम आएगी। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। महापौर ने बताया इस कार्यक्रम में पलामू चेंबर के अलावे जितने भी सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यवसायिक संस्थान हैं। सबको साथ लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी क्योंकि यह मेयर का नहीं पूरे पलामू प्रमंडल का कार्यक्रम है।

## कमेटी का हुआ गठन, विजय अध्यक्ष और अनिल बने उपाध्यक्ष

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 16 में ग्रामीणों की एक बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता यदुनी राम एवं संचालन पार्षद पूनम देवी ने किया। बैठक में संत शिरोमणि रविदास जयंती को धूम–धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय हुआ कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत रविदास की प्रतिमा स्थापित कर पूजा–अर्चना की जायेगी। जयंती समारोह के सफल आयोजन एवं संचालन के लिए एक कमेटी का भी गठन किया गया। सर्वसम्मति से युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। जबकि अनिल कुमार को उपाध्यक्ष, विजय राम पेंटर को सचिव, संजय राम को उप सचिव, सतेंद्र रवि को कोषाध्यक्ष, बिट्टू कुमार को उप कोषाध्यक्ष, रामचंद्र राम को सूचना मंत्री एवं सुदामा रमा को उप सूचना मंत्री बनाया गया। कमेटी के संरक्षक के रूप में यदुनी राम,महाबीर राम,कृष्णा राम, बिनोद राम, हरिशंकर राम, रामनाथ राम, रामजी राम,नारायण राम एवं संजय कुमार राम को चुना गया। इसके अलावा 11 सदस्यीय कार्यकरणी का भी गठन किया गया। कार्यकरणी में विशाल कुमार, दीपक कुमार, कमलेश कुमार, सुजीत कुमार, आकाश कुमार, अरुण कुमार, लाला कुमार, अजय कुमार, संजय कुमार, बुधन राम और धनंजय कुमार रवि को रखा गया है।

## नहीं रहे शिव चर्चा के प्रचारक सूरदास सिकंदर सिंह

**पांडू/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांडू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम झरना खुर्द निवासी शिव चर्चा के प्रचारक सूरदास सिकंदर सिंह अब इस दुनिया में नहीं रहे। मालूम हो कि मृतक सिकंदर सिंह पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। जब शरीर में ज्यादा परेशानी होने लगी तो परिजनों ने 27 दिसंबर को गोपाल नारायण हॉस्पिटल जमुहार में भर्ती कराया था। इलाज के बाद उन्हें 5 जनवरी को घर लाया गया था। वह अपने आप को पहले से स्वस्थ्य महसूस कर रहे थे लेकिन पुनः 8 जनवरी को अचानक उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गयी तो परिजनों ने वाराणसी के लाइफ लाइन हॉस्पिटल ले गए। लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ अंत में उन्होंने ईलाज के दौरान अस्पताल में ही 11 जनवरी की शाम 5:30 बजे अंतिम सांस ली। 12 जनवरी को गांव का श्मशानघाट पर उनका दाहसंस्कार किया गया। मृतक सिकंदर सिंह की 1972 में दोनों आंख खराब हो गयी थी। सूरदास होने के बावजूद वह क्षेत्र में शिवचर्चा व सत्संग में भाग लेने जाते रहते थे। वह सात क्लास तक कि पढ़ाई किये थे। जानकार लोगों के संगत में रहकर उनसे रामायण व महाभारत की कहानी सुना करते थे। वह लोगों का सुनकर रामायण व महाभारत का पूरा पाठ याद कर लिया था। वे क्षेत्र में शिवचर्चा के कार्यक्रम का आयोजन कराते रहते थे। वह प्रचारक के रूप में दूर-दूर तक जाते थे और सत्संग में कथा-प्रवचन करते थे।

## स्वर्गीय रामअवतार लाल सर्राफ के नाम का मार्ग कर गौरवान्वित हूं : महापौर




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महापौर अरुणा शंकर, उप महापौर मंगल सिंह एवं वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला ने महापौर आवास चौक से नामधारी गुरुद्वारा तक के मार्ग का बोर्ड द्वारा पारित नामकरण शहर के जाने-माने स्वर्णकार व्यवसाई ₹स्वर्गीय रामअवतार लाल सर्राफ मार्ग₹ कर एक सच्ची श्रद्धांजलि दी। महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि जब मैं शहर में वधू बन कर आई थी तो उस वक्त मुझे चाचा जी का आशीर्वाद लेने का मौका मिला था वह बहुत ही मृदुभाषी थे और उनका पूरा परिवार हमेशा शहर के हर सुख दुख में खड़ा रहता है। आज मैं इस मार्ग का नाम शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई के नाम पर करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ। इस अवसर पर मंगल सिंह एवं प्रदीप अकेला ने भी स्वर्गीय राम अवतार लाल सर्राफ को याद करते हुए उनकी प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रभात अग्रवाल, अनूप तुलस्यान, गुरबीर सिंह, राजपाल नामधारी, सुनील गुप्ता, फिरोजउद्दीन अंसारी, मेयर के प्रधान सहायक अशोक सिंह के अलावे स्वर्गीय राम अवतार लाल सर्राफ के पूरे परिवार के सदस्य प्रदीप सर्राफ, प्रवीण सर्राफ, पूजा सर्राफ,रिशु सर्राफ, गोलू आकाश एवं कई लोग उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने जानकारी दी कि स्वर्गीय रामअवतार लाल सर्राफ जी का शुरू किया हुआ प्रतिष्ठान आज भी शहर का एक विश्वसनीय सोना चांदी का प्रतिष्ठान है जो 1942 से सेवा दे रहा है।

# एबीपीएस रेहला के विद्यार्थियों ने बालिका गृह और वात्सल्य धाम में की सामग्री वितरित

आजद सिपाही संवाददता




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला के ग्रासिम इंड्रस्टीज द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मकर संक्रांति पलामू के बालिका गृह व वात्सल्य धाम में जाकर मनाया। इस दौरान बच्चों ने बालिका गृह एवं वात्सल्य धाम में वस्त्र, चूड़ा, दही, तिलकुट एवं चॉकलेट सहित कई आवश्यक सामग्री का वितरण किया। वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व स्कूल के प्राचार्य संजय खन्ना स्वयं कर रहे थे। साथ मे स्कूल के सोशल क्लब के शिक्षक एवं शिक्षिकायें भी थी। ग्रासिम के मानव संसाधन प्रमुख अजित तिवारी एबीपीएस परिवार शिक्षा, स्वास्थ्य, नैतिक-आचरण के साथ-साथ समाजिक सरोकार का कार्य भी करता रहा है। प्राचार्य संजय खन्ना ने कहा कि इस पुनीत कार्य से एक तरफ जहां बालिका गृह एवं वात्सल्य धाम के अनाथ बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आयी वही दूसरी ओर विद्यार्थियों के अंदर सेवाभाव, संतुष्टि एवं समर्पण की भावना दिखायी दी। उन्होंने ग्रासिम इंड्रस्टीज के सराहनीय सहयोग के लिये प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# टीम सूर्या पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में महुअरी ने देवरी को हराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** टीम सूर्या के बैनर तले पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता महुराव एवं पांती उच्च विद्यालय के मैदान में क्रमशः टीम सूर्या महुअरी बनाम टीम सुर्या देवरी कला, टीम सूर्या बड़ंडा एवं मोकहर कला के बीच खेला गया। पंचायत स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने गत माह शुरू कराया है। महुराव मैदान में खेले गए मैच में महुअरी की टीम ने देवरी कला की टीम को 3 विकेट से पराजित कर दिया। जबकि पांती उवि के मैदान में खेले गये मैच में बदंडा ने मोकहर कला को तीन विकेट से पराजित किया। इस मौके पर एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि टीम सूर्या के बैनर तले लगातार किसी न किसी पंचायत में मैच खेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट का आयोजन युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता लाना एवं खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर पहचान दिलाना है। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहित करने में आम लोगों को भी आगे आना का आह्वान किया।

**मौके पर ये रहे मौजूद:** मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, बिमलेश सिंह, चंदन सिंह, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह,मनदीप राम, अनुमंडल अध्यक्ष,विनय पासवान, मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा, एनसीपी नेता रविरंजन सिंह,बद्री नारायण सिंह, पंचायत समिति,युवा अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह हरी, चंचल कुमार,सोनू सिंह, ओमप्रकाश राजवंशी, सतेंद्र सिंह, गोरख पासवान, पवन सिंह,अजीत सिंह, मनीष सिंह,राजन सिंह, आनंद कुमार, सत्यम सिंह, शिवम सिंह, मनीष सिंह, अंशु, विजय राजवंशी, भोला सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## झारखण्ड सरकार
## राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
## (भू-अर्जन निदेशालय) या, समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना
### (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **मौजा–सेन्हा, थाना–सेन्हा, थाना न0–189, अंचल–सेन्हा, जिला–लोहरदगा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **"लोहरदगा जिलान्तर्गत "भण्डरा (MDR-001 पर)–सेन्हा (SH-08 पर) पथ (कुल लम्बाई 23.518 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य (पुलों के निर्माण एवं भू–अर्जन सहित)" परियोजना** अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी प्रशासन के रूप में नियुक्ति किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **मौजा–सेन्हा, थाना–सेन्हा, थाना न0–189, अंचल–सेन्हा, जिला–लोहरदगा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **5.524** एकड़ यानि **2.2354** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है...................

**खण्ड क**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 600 | 1866 | रैयती | दोन दो. | 0.031 | वुधू महतो | उ. – 1868 द. – रास्ता<br>पू. – 1867 प. – रास्ता |
| 2 | 600 | 1867 | रैयती | टॉंड दो. | 0.033 | वुधू महतो | उ. – 1868 द. – रास्ता<br>पू. – 1878 प. – रास्ता |
| 3 | 559 | 1875 | रैयती | देव स्थान. | 0.005 | बीतन महतो वो वोधन महतो वो जगरनाथ महतो वो दशई महतो | उ. – द. – रास्ता<br>पू. – 1877 प. – रास्ता |
| 4 | 253 | 1879 | रैयती | टाई एक. | 0.010 | जगमन कुवर | उ. – 1878 द. – रास्ता<br>पू. – 1880 प. – 1877 |
| 5 | 494 | 1880 | रैयती | टॉंड दो. | 0.002 | वन्धु महतो | उ. – 1870 द. – रास्ता<br>पू. – 1881 प. – 1879 |
| 6 | 485 | 1888 | रैयती | दोन दो. | 0.001 | वदन महतो वो गदन महतो | उ. – 1887 द. – रास्ता<br>पू. – 1889 प. – 1886 |
| 7 | 956 | 1907 | रैयती | दोन दो. | 0.115 | सुक्नाथ वो शिवनाथ वो दिननाथ वो बुधनाथ महतो, श्रीमती तिला देवी | उ. – 1908 द. – रास्ता<br>पू. – 1910 प. – 1905 |
| 8 | 819 | 1910 | रैयती | टॉंड दो. | 0.006 | ल्क्ष्मीनाथ महतो | उ. – 1922 द. – रास्ता<br>पू. – 1912 प. – 1907 |
| 9 | 251 | 1912 | रैयती | टॉंड दो. | 0.113 | जगन महतो वो मगन महतो वो बजरंग महतो | उ. – 1911 द. – रास्ता<br>पू. – 1913 प. – 1910 |
| 10 | 776 | 1914 | रैयती | आम बाग टॉंड दो. | 0.029 | चेदु महतो रामसरन वो प्रकाश | उ. – 1916 द. – रास्ता<br>पू. – 1953 प. – 1913 |
| 11 | 894 | 1953 | रैयती | दोन दो. | 0.008 | शेख सवुर | उ. – 1952 द. – रास्ता<br>पू. – 1954 प. – 1914 |
| 12 | 428 | 1954 | रैयती | दोन दो. | 0.083 | पच्चा देवी वो बोहरा देवी वो दुखी देवी वो मुसमात चीतन वो मोसमात नीरू वो वासु देव महतो वो कुवर मलिक वो वोधनी | उ. – 1955 द. – रास्ता<br>पू. – रास्ता प. –1953 |
| 13 | 380 | 2071 | रैयती | टॉंड दो. | 0.030 | धुकानी मोचिन, श्रीमती झरी महतो, श्रीमती वीणा देवी | उ. – 5821 द. – 1821<br>पू. – 5823 प. –रास्ता |
| 14 | 112 | 2073 | रैयती | टॉंड दो. | 0.023 | किसुन महतो वो दुर्गा महतो वो देवी महतो, पिता–धर्म राज महतो | उ. – 2074 द. – 2072<br>पू. – 2068 प. – रास्ता |
| 15 | 236 | 2074 | रैयती | टॉंड दो. | 0.030 | छेदन महतो, पिता–देवनाथ महतो | उ. – 2075 द. – 2073<br>पू. – 2068 प. – रास्ता |
| 16 | 820 | 2075 | रैयती | टॉंड दो. | 0.070 | लदमी नाथ महतो,वो जेनाथ महतो, पिता–धनेश महतो | उ. – 2076 द. – 2074<br>पू. – 2067 प. – रास्ता |
| 17 | 1007 | 2076 | रैयती | टॉंड दो. | 0.099 | हरख नाथ महतो | उ. – 2077 द. – 2075<br>पू. – 2065 प. – रास्ता |
| 18 | 556 | 2077 | रैयती | टॉंड दो. | 0.096 | वितन महतो | उ. – 2079 द. – 2076<br>पू. – 2078 प. – रास्ता |
| 19 | 153 | 2080 | रैयती | टॉंड दो. | 0.086 | गन्दुरा महतो वो सीरिया महतो वो मकसुदन महतो, पिता–सेवक महतो | उ. – 2096 द. – 2079<br>पू. – 2081 प. – रास्ता |
| 20 | 292 | 2096 | रैयती | दोन दो 5 | 0.013 | जागो देवी, पिता–मुरुनाथ महतो | उ. – रास्ता द. – 2080<br>पू. – 2095 प. – रास्ता |
| 21 | 696 | 2098 | रैयती | दोन दो 7 | 0.193 | मंगरा उराँव वो वोलो उराँव, पिता–महली उराँव | उ. – 1954 द. – 2099<br>पू. – रास्ता प. – 2141 |
| 22 | 696 | 2099 | रैयती | टॉंड दो. | 0.181 | मंगरा उराँव वो वोलो उराँव, पिता–महली उराँव | उ. – 2098 द. – 2100<br>पू. – रास्ता प. – 2101 |
| 23 | 730 | 2100 | रैयती | दोन दो. | 0.033 | राम पाहन, पिता–गन्दुर पाहन | उ. – 2099 द. – 2102<br>पू. – रास्ता प. – 2101 |
| 24 | 454 | 2102 | रैयती | दोन दो. | 0.012 | प्रेममंजरी देवी, पति–चिन्ता मनी सतो नाथ सहदेव | उ. – 2100 द. – 2103<br>पू. – रास्ता प. – 2101 |
| 25 | 730 | 2103 | रैयती | दोन दो. | 0.022 | राम पाहन, पिता–गन्दुर पाहन | उ. – 2102 द. – 2104<br>पू. – रास्ता प. – 2101 |
| 26 | 731 | 2104 | रैयती | दोन दो 5 | 0.037 | राम्पहान वो इतवा पाहन | उ. – 2103 द. – 2106<br>पू. – रास्ता प. – 2105 |
| 27 | 731 | 2106 | रैयती | दोन दो 7 | 0.038 | राम्पहान वो इतवा पाहन | उ. – 2104 द. – 2109<br>पू. – रास्ता प. – 2105 |
| 28 | 652 | 2109 | रैयती | दोन दो. | 0.039 | महादेव अहीर वो सहादेव अहीर | उ. – 2106 द. – 2110<br>पू. – रास्ता प. – 2100 |
| 29 | 652 | 2110 | रैयती | दोन दो. | 0.026 | महादेव अहीर वो सहादेव अहीर | उ. – 2109 द. – 2111<br>पू. – रास्ता प. – 2135 |
| 30 | 92 | 2112 | रैयती | दोन दो 5 | 0.037 | करमचंद महतो वो हरिचंद महतो | उ. – 2111 द. – 2113<br>पू. – रास्ता प. – 2116 |
| 31 | 605 | 2113 | रैयती | दोन दो. | 0.056 | वेचन अहीर वो चमरा अहीर वो एतवा अहीर | उ. – 2112 द. – 2114<br>पू. – रास्ता प. – 2116 |
| 32 | 605 | 2114 | रैयती | दोन दो. | 0.026 | वेचन अहीर वो चमरा अहीर वो एतवा अहीर | उ. – 2113 द. – 2115<br>पू. – रास्ता प. – 2116 |
| 33 | 935 | 2115 | रैयती | दोन दो 5 | 0.028 | सलीक महतो, पिता–शीतल महतो | उ. – 2115 द. – 2118<br>पू. – रास्ता प. – 2116 |
| 34 | 221 | 2118 | रैयती | दोन दो 8 | 0.017 | मोसमात चोटनी | उ. – 2115 द. – 2120<br>पू. – रास्ता प. – 21 |
| 35 | 125 | 2148 | रैयती | टाइ एक आम बाग | 0.036 | कोमले उरांव, पिता–वनिवा उरांव | उ. – रास्ता द. – 2149<br>पू. – 2147 प. – 2151 |
| 36 | 125 | 2151 | रैयती | टॉंड दो. | 0.072 | कोमले उरांव, पिता–वनिवा उरांव | उ. – रास्ता द. – 2153<br>पू. – 2148 प. – 2152 |
| 37 | 454 | 2272 | रैयती | दोन दो 3 | 0.012 | प्रेममंजरी देवी | उ. – रास्ता द. – 2274<br>पू. – 2190 प. – 2275 |
| 38 | 112 | 2279 | रैयती | मकान किता 4 | 0.021 | किसुन महतो वो दुर्गा महतो वो देवी महतो, पिता–धर्म राज महतो | उ. – 1747 द. – 2278<br>पू. – 2275 प. – 2280 |
| 39 | 514 | 2806 | रैयती | सहन 0 | 0.010 | विवि वसिरन, पिता–शेख अमनु | उ.– 2807 द.–2804<br>पू. – रास्ता प. – |
| 40 | 127 | 2807 | रैयती | मकान 0 | 0.009 | कोल्हा मियां, पिता–लंगड़ा मियां | उ. – 2808 द. – 2806<br>पू. – रास्ता प. – |
| 41 | 378 | 2809 | रैयती | मकान मय सहन | 0.004 | शेख दुखन वो मुसलिम वो हजरत, पिता–सेख जमुना | उ.– 2812 द. – 2807<br>पू. – 2808 प. – |
| 42 | 192 | 2812 | रैयती | मकान मय सहन | 0.033 | घुरन अहीर वो पूरन अहीर वो दुखवा अहीर, पिता–चमरा अहीर | उ. – 2813 द. – 2808<br>पू. – रास्ता प. – 2811 |
| 43 | 72 | 2833 | रैयती | मकान मय सहन | 0.051 | शेख उसमान उर्फ शेख अलख शेख ननकु, पिता–शेख भोला अंश | उ. – 2868 द. – 2832<br>पू. – रास्ता प. – 2834 |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यवधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
लोहरदगा**

**PR 287462 Lohardaga(22-23)#D**

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 17 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


महत्वपूर्ण न्यूज

## मिट दुकान में सेंधमारी, दीवार काटकर 12 बकरे लेकर भागे चोर, दो माह पहले भी हुई थी चोरी

तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)। ईस्ट बसुरिया पुलिस की लगातार कोशिशों के बावजूद चोरों का आतंक जारी है। ऐसा कोई दिन नहीं जब क्षेत्र में चोरी या छिनतई की घटनाएं ना होती हों। पुलिस इस पर अंकुश लगाने में विफल है, जिससे चोरों का मनोबल सातवें आसमान पर है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण रविवार देर रात देखने को मिला। चोरों ने भूली तेतुलमारी मुख्य मार्ग के बड़की बौवा 7 नंबर स्थित दीपक मेहता की हिन्दू झटका मीट दुकान की ढाई फीट लंबी-चौड़ी दीवार काटकर वहां से 12 बकरे चोरी कर लिए गए। जिनकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। भुक्तभोगी को सोमवार की अहले सुबह घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद उसने स्थानीय थाने में पहुंच कर इसकी शिकायत की। पर आरोप है कि शाम तक पुलिस जांच पड़ताल करने घटनास्थल पर शाम तक नहीं पहुंची थी। दुकानदार दीपक उर्फ प्रभु मेहता ने बताया कि रात को दुकान में कर्मचारी सोया था। सुबह जब सो कर उठा तो उसे चोरी का पता चला। चोर 15 में से 12 बकरे ले भागे थे। बतातें चलें कि विगत 31 अक्टूबर को भी दुकान में चोरी की घटना हुई थी। तब 7 बकरों की चोरी होई थी। पर उक्त मामले में पुलिस अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं कर पाई।

## सड़क सुरक्षा को लेकर क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप दिया हेलमेट



बोकारो (आजाद सिपाही)। सड़क सुरक्षा सप्ताह के के तहत परिवहन विभाग की ओर से बोकारो डीपीएस में सड़क सुरक्षा से संबंधित एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागी शिक्षकों ने ट्रैफिक नियम, इनसे जुड़े चिह्न, एनएच किनारे के साइनेज आदि से संबंधित प्रश्नों के क्रमवार उत्तर निर्धारित समयावधि में दिया। जिला परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा प्रबंधक गोविंद कुमार सिंह, सड़क अभियंत्रण विश्लेषक विशाल पाठक एवं सड़क सुरक्षा इकाई के आइटी सहायक संतोष कुमार चौबे ने विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप हेलमेट प्रदान किया। प्रतियोगिता में पहले स्थान पर शत्रुघ्न प्रसाद, दूसरे स्थान पर आठ प्रतिभागी अमित कुमार सिंह, श्वेता सिंह, नीतीशा मुखर्जी, पवित्रो बनर्जी, रिंकी कुमारी, अरुण कुमार सोम, नीरज कुमार और रामकुमार राय रहें।

## डीएवी-6 की रिद्धि अहमदाबाद में करेगी 30वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में झारखंड का प्रतिनिधित्व



बोकारो (आजाद सिपाही)। अहमदावाद में आयोजित होने वाले 30वां राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में डीएवी-6 की रिद्धि शर्मा जूनियर वर्ग में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। रिद्धि शर्मा की कार्यकुशलता मॉडल का बखान वैज्ञानिकों ने काफी सराहा। उसके द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट फराग्रंस फ्रॉम वेनरेसन वेस्ट प्रशंसनीय थे। सभी वैज्ञानिकों ने रिद्धि शर्मा व रिया सारथी द्वारा बनाये गये मॉडल व प्रोजेक्ट को काफी सराहा। प्राचार्य एसके मिश्र ने राष्ट्रीय स्तर पर रिद्धि शर्मा का चयन होने और फाइनल में भी सर्वोत्तम आने की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि कठिन परिश्रम का परिणाम है। बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि की रिद्धि शर्मा ने अपनी प्रतिभा का परिचय इस बाल विज्ञान कांग्रेस में दिया। इनके गाइड मनीषा अश्विनी सहाय का इस कार्य में पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

## सोलरयुक्त जलमीनार व शौचालय का जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने किया शिलान्यास



महुदा (आजाद सिपाही)। मुरलीडीह साधन गुप्ता स्कूल में सोमवार को मुखिया मद से सोलरयुक्त जलमीनार एवं छात्र- छात्राओं के लिए सुलभ शौचालय का शिलान्यास धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह एवं छत्रुटांड़ पंचायत मुखिया नंदिनी कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि उक्त दोनों योजना के निर्माण से विद्यार्थियों को सहूलियत होगी। एक तरफ जहां छात्र-छात्राओं को पीने के लिए स्वच्छ जल मिलेगा वहीं दूसरी तरफ शौच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं मुखिया नंदिनी कुमारी ने कहा कि छत्रुटांड़ पंचायत के अंदर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार हेतु सर्वांगीण विकास किया जाएगा। मौके पर पंसस गोपाल महतो, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश कुमार प्रमाणिक, प्रधानाध्यापक मंटु महतो,अशोक दशौंधी सामाजिक कार्यकर्ता नईमुद्दीन अंसारी, उमेश कुमार तुरी, साजिद अंसारी,अब्दुल समद अंसारी, वार्ड सदस्य नेमु खातून, तैमून बीबी, रंभा देवी,राधु राय,मुन्ना खान, प्रवीण चंद्र महतो, दिनेश महतो, नंदु दशौंधी, अजय कुमार गोस्वामी आदि थे।

## भाकपा माले ने मनायी शहीद महेंद्र सिंह की 19वीं पुण्यतिथि



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। भाकपा माले के पूर्व विधायक, झारखंड के जननायक शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह की 19वीं पुण्यतिथि सोमवार को एग्यारकुण्ड प्रखंड अंतर्गत मेढा पंचायत के अशोक नगर में मनाई गई। संकल्प सभा के रूप में आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। राज्य कमेटी के सदस्य नागेंद्र कुमार ने कहा कि शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह केवल भाकपा माले नेता व विधायक ही नहीं, बल्कि बिहार-झारखंड के जननायक एवं विपक्ष की आवाज थे। वे आजीवन मेहनतकश आवाम के लिए संघर्षरत रहे और सत्ता व झारखंड के माफिया-पुलिस गंठजोड के खिलाफ लड़ाई को अंजाम दिए थे। इसलिए उस समय के शासन-प्रशासन व माफिया ताकतों ने मिलकर उनकी हत्या करवाई थी। लेकिन कामरेड महेंद्र की आवाज व संघर्ष आज भी झारखंड में गूंजायमान हैं। इस दौरान पार्टी के 11 वें महाधिवेशन को सफल बनाने का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर राज्य कमेटी सदस्य कृष्णा सिंह, मनोरंजन मलिक, हरेन्द्र सिंह, जगदीश शर्मा, जितेन पांडेय, सुनील गिरि, गणेश महतो, जितेंद्र शर्मा, बीपीन मंडल ने भी अपने-अपने विचार रखे। मौके पर असीम घोष, रविंद्र वर्णवाल, रंजीत मोदी, काशी कोयरी, लक्ष्मीनारायण दास, सतेंद्र चौहान, नगेन महतो, मुन्ना चौहान, मानिक मंडल, राजू चौहान, रामलखन राय, जमाल अंसारी, मनोज महतो, प्रदीप पासवान, रामचन्द्र राय, बजरंगी पासवान, कृष्णा पासवान, रानी देवी, बेबी देवी, दया देवी, सीमा देवी, कौशल्या देवी, दुना देवी, प्रभा देवी, बिना महतो, रूबी देवी, रिंकू देवी, बिमला देवी, दिनेश यादव, तारक गुप्ता आदि थे।

### कार्रवाई : पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर व आसपास के इलाकों में पुलिस ने दी दबिश, चोरी का ट्रक और कार भी बरामद

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**गिरोह के दो सदस्य अब भी फरार, उनकी तलाश में पुलिस कर रही छापामारी**

आजाद सिपाही संवाददाता







चोरों के पास से बरामद चोरी का ट्रक और कार।

**महुदा।** पुलिस ने महुदा मोड़ से चोरी हुई ट्रक के साथ कांड में शामिल सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान मृत्युंजय सेन, शैलेंद्र झा, समीद खान, दिलीप कुमार चौहान, पुकार कुमार, ओमकार राय और रियाज खान के रूप में हुई है। मृत्युंजय और शैलेंद्र पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर स्टील टाउन के रहने वाले हैं, जबकि बाकि चंद्रपुरा गोमो के निवासी हैं। उनके पास से एक ट्रक और कार भी बरामद की गई है। महुदा पुलिस ने सभी आरोपितों को पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया है। संभावना आशंका है कि पकड़े गये सभी आरोपित अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह से जुड़े हुए हैं और चोरी के वाहनों को उनकी मदद से बेचते थे। पुलिस के मुताबिक शातिर वाहन चोर दिन भर अपनी कार से रेकी करते। उसके बाद मौका देख कर गाड़ियां चोरी कर लेते थे। गिरोह के दो बदमाश अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। पुलिस दोनों को गिरफ्तार करने करने के लिए छापामारी कर रही है।

### ऑर्डर लेकर करते थे वाहनों की चोरी

जानकारी के अनुसार पुलिस की विशेष टीम ने ऐसे वाहन चोर गिरोह को पकड़ा है जो आर्डर लेकर गाड़ियां चोरी करते थे। इस गिरोह के सदस्य गाड़ियों को अंतरराज्यीय अपराधी प्रवृत्ति के लोगों व तस्करों को बेचते थे। इनका उपयोग अपराधिक घटनाओं के लिए किया जाता था। पुलिस ने कड़ी से कड़ी को जोड़ते हुए वारदात के मास्टरमाइंड सहित सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

### कार में पुलिस का लोगो लगा करते थे रेकी, रात को चोरी करते थे वाहन



बतातें चलें कि बीते 21 दिसंबर को महुदा मोड़ से बंद पड़े ट्रांसपोर्ट धर्मकांटा के समीप से अपराधियों ने भोला कुमार साव के ट्रक को चोरी कर लिया था। वारदात की सुबह ट्रक मालिक को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने महुदा थाना में चोरी की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने ट्रक चालक सरफुद्दीन शेख को पूछताछ की। पर कोई सुराग नहीं मिला तो उसे छोड़ दिया गया। तभी से पुलिस इस मामले को लेकर अनुसंधान कर रही थी। जांच के क्रम में पुलिस को चंद्रपुरा गोमो से कुछ सुराग मिला। गोमो के एक व्यक्ति समीद खान के बारे में पता चला, जो चोरी के वाहन बंगाल में खपाता था। इसी कड़ी को जोड़ते हुए महुदा पुलिस ने सफलता हासिल की। उधर, थाना प्रभारी गंगासागर ओझा ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ में कुछ अन्य अपराधियों के बारे में सुराग मिला है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सभी अपराधी जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे। कुछ दिन पूर्व चोरी हुई ट्रक को बरामद कर लिया है। ट्रक का रजिस्ट्रेशन नंबर बदल दिया गया है। सभी को मोबाइल लोकेशन के आधार पर पकड़ा हैं, जो अपने चार सातियों के साथ कहीं जा रहे था। पांच को एक साथ ही कार को भी जब्त किया गया जिसमें बंगाल का नंबर प्लेट लगा है।

## कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को बनायेंगे ऐतिहासिक : संतोष



धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार को पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बाद उनके हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को भी सफल बनाने को लेकर जिला कार्यालय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने की। बैठक में धनबाद जिला के प्रभारी चंद्रशेखर शुक्ला एवं धनबाद जिला अंतर्गत सभी विधानसभा के प्रभारीगण एवं प्रखंड-नगर के नवमनोनीत प्रभारीगण उपस्थित थे। संतोष सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों और महंगाई आदि के प्रतिवाद में राहुल गांधी की अगुवाई में कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा आयोजित किया गया। इसकी सफलता के बाद देशभर में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसे धनबाद जिले के सभी विधानसभा के प्रखंडों-नगरों एवं पंचायतों-वार्डो में सफल व ऐतिहासिक बनाया जाएगा। उन्होंने संगठनात्मक मजबूती पर बल देते हुए कहा कि धनबाद जिला कांग्रेस संगठन को सभी विधानसभा में धारदार व मजबूत बनाने के साथ ही हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मैदान में उतर कर काम करना होगा। बैठक में पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, झारखंड युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजित राज, धनबाद विस प्रभारी मनोज कुमार, निरसा प्रभारी मुक्ता मंडल आदि थे।

## अपराध की योजना बनाते दो अपराधी गिरफ्तार, देसी कट्टा और कारतूस बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



गिरफ्तार आरोपितों की जानकारी देती पुलिस।

**धनबाद।** केंदुआडीह पुलिस ने रविवार को अपराध की योजना बनाते गोधर 14 नंबर कोल डंप के समीप से हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान सुकरा राम और शशी रंजन राम के रूप में हुई है। दोनों केंदुआडीह के काली बस्ती के रहने वाले हैं। इसकी जानकारी डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद विन्हा ने की। वे सोमवार को जिला पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातें कर रहे थे। उन्होंने बताया कि रविवार की दोपहर गुप्त रूप से सूचना मिली थी कि केंदुआडीह थाना क्षेत्र में आपराधिक प्रवृति के लोग घूम रहे हैं। जिसके बाद ग्रामीण एसपी रेश्मा रमेशन और डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार विन्हा के निर्देश पर एक टीम का गठन कर उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गोधर 14 नम्बर कोल डंप के समीप पहुंचे। जहां पहले से बैठे सुकरा राम और शशी रंजन राम पुलिस को देखते ही भागने लगे। पर जवानों ने खदेड़ कर दोनों को पकड़ लिया। उनकी तलाशी ली तो दो देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि लूटपाट की घटना को अंजाम देने के लिए वे दोनों वहां बैठे थे। डीएसपी कानून व्यवस्था ने बताया कि दोनों अपराधियों पर पहले से भी कई मामले दर्ज हैं। सुकरा राम के विरुद्ध 2022 में सीसीए के तहत भी कारवाई किया जा चुका है। यहां तक कि उसपर पुलिस पर गोली चलाने का भी मामला दर्ज है। इस मौके पर केंदुआडीह थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह, रघुनाथ मिंज, राजेश सिंह, उमेश कुमार दूबे, बसंत लोहरा, सिनोम मुर्मू और कृष्णा महतो मौजूद थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**Very Short e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/ F2-26/2022-23**

**Letter no - 28** **Date :- 16 / 01 /2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Deepening, bathing ghat and beautification of the pond located at the cremation ground of Vill+Panchayat Banaso under Vishnugarh Block |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 9,88,399.98 |
| 3. | Time of Completion | 03 Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 20.01.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of bids | 28.01.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of opening of e-Tender | 31.01.2023 at 03:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 8 (a) (b) | Contact no. of Procurement officer<br>E-mail of e- Procurement officer | 06546-270485<br>eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651- 2214784 |
| 10 | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 30.01.2023 up to 5:00 P.M At office of Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag. |

**Note:- Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website
**http://jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag.**

PR287588 (Minor Irrigation)22-23*D


## सेवा भाव से तत्पर रहूंगा : लंबोदर महतो



**कथारा (आजाद सिपाही)।** श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ का आयोजन आगामी 30 जनवरी से पांच फरवरी के बीच निर्धारित है। यज्ञ समिति के सदस्यों ने गोमिया विधायक लंबोदर महतो से मिलकर इसकी विस्तृत जानकारी दी। वहीं गोमिया विधायक ने महायज्ञ कि सफलता के लिए समिति को हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। कहा कि इस तरह के अनुष्ठान से क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि आयोगी। लोगों के विचार में अच्छे कार्यों की प्रेरणा प्रवाहित होगी। जिससे मानव जीवन सुखी और सफल होगी। इस प्रकार का अनुष्ठान मेरे लिए हर्ष और गौरव का विषय है। कहा कि वे अपनी ओर से हर तरह का सहयोग करेंगे, जिससे महायज्ञ का आयोजन सफल हो सके। विधायक ने बीते दुर्गा पूजा के दौरान मंडप में यह घोषणा की थी कि वे यहां ग्रील गेट लगवाएंगे। उन्होंने महायज्ञ से पूर्व निश्चित रूप से उक्त कार्य को पूरा करने का वादा किया। मौके पर मंदिर समिति के सचिव अजय कुमार सिंह, संरक्षक सूर्यकांत त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष सीएस प्रसाद, प्रोफेसर श्याम नंदन मंडल, पप्पू चौहान, देवेंद्र यादव आदि थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची**

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

**Tender Reference No. - DWSD/RW-17/2022-23** **Date - 16-01-2023**

| S. No | Name of the Work | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | **Reorganization of Bero Old Rural Water Supply Scheme** under D.W. & S. Division Ranchi West Ranchi on "turnkey basis", | 723.68 | 7.24 | 10000.00 |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 Months + 3 months (trial and run) | | |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 18-01-2023 at 05:00 P.M | | |
| 4 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 24-01-2023 up to 04:00 P.M | | |
| 5 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | 25-01-2023 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राँची प्रक्षेत्र, राँची। | | |
| 6 | बीड खोलने की तिथि/समय | 25-01-2023 up to 05:00 P.M | | |
| 7 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची। | | |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2491247 | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

PR 287583 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D


### मैथन में आयोजित हुई साल की पहली पुलिस क्राइम मीटिंग

## गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा में चाक चौबंद हो सुरक्षा व्यवस्था : एसएसपी

**कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** मैथन स्थित गोगना छठ घाट में सोमवार को धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने क्राइम मीटिंग की। जिसकी शुरूआत बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू ने एसएसपी संजीव कुमार एवं निरसा एसडीपीओ पीताम्बर सिंह खेरवार ने ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेसन को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करने के साथ किया। बैठक में अपराध से संबंधित प्रतिवेदन और निष्पादित कांडों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। अपराध पर नियंत्रण व जिले में शांति व्यवस्था बहाल कहने को लेकर एसएसपी ने सहकर्मियों से चर्चा की। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) और सरस्वती पूजा एक ही दिन है। शांति व्यवस्था भंग ना हो इसके लिए सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को ठोस कदम उठाएं। खासकर डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाएं। पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसएसपी ने कहा कि यह इस साल का पहला क्राइम मीटिंग है। कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत लोगों के साथ मिलकर वस्त्र वितरण किया गया है। उसके बाद जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन, बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू, निरसा सर्किल इंस्पेक्टर नयनसुख दादेल, चिरकुंडा सर्किल इंस्पेक्टर योगेंद्र पासवान, निरसा थाना प्रभारी दिलीप कुमार यादव, चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह, मैथन ओपी प्रभारी बालाजी राजहंस, गलफर बाड़ी ओपी प्रभारी संजय उरांव, एमपीएल ओपी प्रभारी गैलन राजवार, सरायढेला थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार, धनबाद साइबर थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह, निरसा एसडीपीओ के रीडर जयनाथ प्रसाद वर्मा, गोविंदपुर थाना प्रभारी उमेश प्रसाद, धनसार थाना प्रभारी राज कपूर, बलियापुर थाना प्रभारी पंकज वर्मा,पाथरडीह थाना प्रभारी अभय कुमार, सोनारडीह ओपी प्रभारी सबिता कुमारी, गोंदूडीह प्रभारी कंचन कुमारी आदि थे।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग**

भर्त्ती कैम्प, दिनांक – 18.01.2023

**सूचना**

अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर हजारीबाग द्वारा दिनांक – 18.01.2023 को कार्यालय परिसर में 10:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराह्न तक TK Construction & Services Pvt.Ltd पद हेतु एक दिवसीय भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न हैं :–

| S.No | Name of the Establishment | Name of Vacancies | No of Vacancies | Essential | Job Description | Gender | Pay | Other Benefit | Place of Posting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | TK CONSTRUCTION & SERVICES Pvt. Ltd JAMSHEDPUR | On boarding Staff | 50 | Metric-Graduate | Shop to Shop QR Code Activation | M/F | 15000 | Mobile Recharge | Hazazribag |
| | | Bar Bending/ MASON/ CARPENTER | 50 | Non-Metric | Job on Construction site | M/F | 12000 - 15000 | Lodging Free | Out of Jharkhand |
| | | Tele caller | 20 | Inter-Graduate | Data Calling Work | Female | 8000 - 10000 | Mobile Recharge | Hazaribag |
| | | Mining Helper | 20 | ITI/Diploma-Mining | Underground Work | Male | 20000 | Lodging Free | Telangana |
| | | Civil Helper | 30 | Non Metric | Civil work | Male | 11000 | Lodging Free | Jamshedpur |
| | | Site Supervisor/ Semi skilled | 20 | ITI/Diploma/ Civil/Mech (Exp-1 Year) & JNTVTI | Site Work/ (JNTVTI TRAINED MUST) | Male | 12000-20000 | OT/PF/ESI/ MEDICAl | Jamshedpur |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.Jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त उल्लेखित भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों एवं अंक प्रमाण–पत्रों की छाया प्रतियों तथा वायोडाटा दो प्रतियों में, दो पासपोर्ट साईज का फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अत एवं चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तेक्षप नहीं रहेगा। कोविड – 19 हेतु निर्गत दिशा–निर्देशो /SOP का दृढता पूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक हैं। अतः समाजिक दूरी का पालन, फेसमास्क सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करगें। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नही होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग।

PR.NO.287625 Labour Employment and Traning(22-23):D

# प्रदर्शनी मैदान में डॉटफेस्ट के दूसरे संस्करण का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर के बहुप्रतीक्षित डॉटफेस्ट के दूसरे संस्करण का उद्घाटन रविवार को यूनिट-3 प्रदर्शनी मैदान में किया गया। इस डॉटफेस्ट को आनुष्ठानिक रूप से उद्घाटन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने किया। बाद में युवाओं को आकृष्ट करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पटानी, बॉलीवुड सिंगर गुरु रंधावा और ब्लैक स्वान मुख्य आकर्षण बने। इसके अलावा हॉकी वर्ल्ड कप के लिए यहां इंटरनेशनल फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया था, जिसमें 16 देशों का खाना उपलब्ध है। हालांकि विगत दो वर्षों से कोरोना को देखते हुए किसी भी प्रकार के उत्सव का आयोजन नहीं किया गया और शहरवासियों ने इतने चिताकर्षक उत्सव में भाग लेकर खूब आनंद उठाया। बताया गया है कि यह डॉटफेस्ट 29 तारीख तक जारी रहेगा। इसके चलते कमिश्नरेट पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को कड़ी कर दी गयी है। इस अवसर पर मेयर सुलोचना दास, विधायक अनंत नारायण जेना, सुशांत कुमार राउत, अशोक कुमार पंडा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री उषा देवी, विकास आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना उपस्थित थे।

# नवीन पटनायक ने ग्रिड सबस्टेशनों का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को राज्य के 4 जिलों में 5 उच्च क्षमता वाले ग्रिड सबस्टेशनों का उद्घाटन किया। इसके लिए 254 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। ये स्थान हैं गंजाम जिले के हिंजिलिकाटू, मालकानगिरी के कालिमेला, सुबर्नपुर के बिरमहाराजपुर और कटक जिले के गोडीसाही और बहुग्राम। इससे इन चार जिलों के दो लाख लोगों को लाभ होगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए अच्छी बिजली की जरूरत है. इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार प्रदेश में विद्युत स्नप्रसारण एवं वितरण भीर्तिभूमि के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसाधारण को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि, उद्योग और सामान्य जीवन के सभी क्षेत्रों में अच्छी और निर्बाध बिजली की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में भाग लेते हुए ऊर्जा मंत्री श्री प्रताप देव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की दूरदर्शिता के कारण आज ओडिशा बिजली के मामले में सरप्लस राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि ओडिशा की बिजली वितरण प्रणाली में सुधार कर राज्य में औद्योगीकरण और रोजगार को बढ़ावा देने के मुख्यमंत्री के प्रयास सफल हो रहे हैं। इस मौके पर ओडिशा कोल एंड पावर लिमिटेड ने मुख्यमंत्री राहत कोष से 20 करोड़ रुपये दिए। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में विभागीय मंत्री श्री प्रताप केशरी देव एवं मुख्य प्रशासनिक सचिव को चेक भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने बहुत कम समय में इस संस्था को लाभदायक बनाने के लिए राज्य सरकार की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022-23 के पहले छह महीनों के दौरान, ओसीपीएल ने 626 करोड़ रुपये का लाभ कमाया है और कोयला उत्पादन में 60 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। ब्रह्मपुर के सांसद चंद्रशेखर साहू, नबरंगपुर के सांसद रमेश चंद्र मांझी, बिरमहाराजपुर के विधायक पद्मनाब बेहेरा और बांकी के विधायक देवीरंजन त्रिपाठी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया और राज्य में बिजली और औद्योगीकरण के प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री के सचिव (5-टी) श्री वीके पांडियन कार्यक्रम का संचालन किया। ऊर्जा के अतिरिक्त मुख्य सचिव निकुंज बिहारी धल ने स्वागत भाषण दिया और ओपीटीसीएल के अध्यक्ष ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। कार्यक्रम में मुख्य सचिव श्री सुरेश चन्द्र महापात्र एवं ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# पूर्व तट रेलवे महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर ने हाल ही में खोरधा रोड-नुआगांव रेलवे सेक्शन का निरीक्षण किया और नुआगांव और दसपल्ला के बीच चल रहे निर्माण कार्यों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों की जानकारी ली।

श्री सुनकर ने खोरधा रोड में रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के काम का भी मुआयना किया और विंडो ट्रेलिंग के माध्यम से खोरधा रोड-नुआगांव रेलवे सेक्शन का निरीक्षण किया तथा संरक्षा संबंधी एवं यातायात सुविधा कार्यों की समीक्षा की। महाप्रबंधक श्री सुनकर ने निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए निमार्णाधीन पुलों एवं अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा लक्षित कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना को तेजी से पूरा करने, विशेष रूप से यात्री केंद्रित सुविधाओं पर ध्यान देने की भी सलाह दी। नुआगांव और दसपल्ला के बीच 15.5 किलोमीटर के रेलवे खंड को मार्च 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 15 रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) और 04 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के साथ 57 छोटे और 3 बड़े पुल हैं। इस सेक्शन की अनुमानित लागत 190 करोड़ रुपये हैं।

खोरधा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना के कुल 301 किलोमीटर के हिस्से में से 115.36 किलोमीटर(खोरधा रोड से नुआगांव - 90.43 किमी और बलांगीर से झरतरभा -24.93 किमी) की परियोजना चालू हो गई है। नुआगांव-दसपल्ला (15.445 किलोमीटर) और झरतरभा-खंबेश्वरपल्ली-सोनपुर (11.40+10.30=21.70 किलोमीटर) को मार्च 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

# बीजेपी के शाहनवाज हुसैन पर चलेगा रेप का केस

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आप सही होंगे तो बच जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता सैयद शाहनवाज हुसैन पर रेप का केस चलेगा। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने दिल्ली हाइकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई जस्टिस एस रविंद्र भट्ट और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच में हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले की सही ढंग से जांच होनी चाहिए। इसमें दखल देने की वजह नजर नहीं आती। आप सही होंगे तो बच जायेंगे। शाहनवाज हुसैन का पक्ष सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथर ने रखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिला की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है। शुरुआती तफ्तीश में कुछ नहीं मिला है। शाहनवाज हुसैन की छवि को खराब करने के लिए लगातार उनके खिलाफ शिकायत की श्रृंखला चलायी गयी। इस पर कोर्ट ने कहा कि उन्हें मामले में दखल देने की कोई वजह नजर नहीं आती। बता दें कि दिल्ली की एक महिला ने शाहनवाज हुसैन के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज कराया था। इसमें उसने कहा था कि अप्रैल 2018 में शाहनवाज हुसैन ने उसको छतरपुर स्थित फार्म हाउस पर बुलाया। इसके बाद कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया। बेहोशी की हालत में उसके साथ रेप किया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के अयोग्य हिताधिकारी हो जायें सावधान, चयन के लिए उठाये नये कदम

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा पंचायत और पेयजल विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सफल क्रियान्वयन के लिए उपयुक्त योग्य हिताधिकारी चयन के लिए नये कदम उठाये हैं। क्योंकि आने वाले दिनों में योग्य हिताधिकारी को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 8.17 लाख और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) स्वतंत्र के लिए 1.42 लाख की राशि दी जायेगी। चयन को पारदर्शी बनाने के लिए ओडिशा पंचायतीराज और पेयजल विभाग यह कदम उठा रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) स्वतंत्र के अंतर्गत प्राप्त क्रमशः 8.17 लाख एवं 1.42 लाख आवास मंजूरी करने की पहल की जा रही है।

**1.** 16 जनवरी 2023 से 24 जनवरी 2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालयों, विद्यालयों, आंगनबाडी केन्द्रों एवं गांव के प्रमुख स्थानों पर जन जागरूकता के लिए इसे प्रदर्शित किया जायेगा।

**2.** यदि इस सूची में किसी अयोग्य परिवार का नाम शामिल है तो अयोग्य परिवार के नाम पर जनता शिकायत दर्ज करा सकती है। प्राप्त शिकायतों की समुचित जांच कराकर उचित कार्रवाई की जायेगी।

**3.** शिकायत दर्ज कराने के लिए- **क.** शिकायतकर्ता अपने पंचायत या प्रखंड कार्यालय में रखे शिकायत पेटी में निर्धारित शिकायत प्रपत्र भरकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। **ख.** शिकायतें फोन द्वारा टोल फ्री नंबरः 18003456770 या 155335 पर दर्ज की जा सकती हैं। **ग.** अयोग्य परिवारों की शिकायत ऑनलाइन https://www.rhodisha.gov.in पोर्टल के माध्यम से शिकायत सबमिट करें पर क्लिक करके अपना मोबाइल नंबर दर्ज कराकर अपना नाम, ब्लॉक, ग्राम पंचायत आदि पता देकर यह शिकायत आगामी 24 जनवरी तक की जा सकती है ।

**4.** प्राप्त शिकायतों की गहन जांच कर संभावित सूची से अयोग्य परिवारों का नाम हटाकर सभी योग्य परिवारों की सूची ग्राम सभा को स्वीकृति हेतु भेजी जायेगी। उक्त सूची को ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित किये जाने के उपरान्त राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत सभी योग्य परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जायेगा।

वर्तमान आवंटन पद्धति के अनुसार, राज्य को अगले 6-8 महीनों में 16,000 करोड़ रुपये से 17,000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मिलेगी और इससे राज्य की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इन साढ़े नौ लाख आवासों के बनने से अगले 6-8 महीनों में लगभग 6 करोड़ कुशल और 10 करोड़ अकुशल दिवस सृष्टि होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी, भवन निर्माण सामग्री जैसे ईंट, सीमेंट, लोहा आदि की मांग बढ़ेगी। और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक रोजगार सृष्टि होगा। गृह निर्माण सामग्री के परिवहन से अतिरिक्त रोजगार सृष्टि करने में भी मदद मिलेगी। विभाग द्वारा समाज के सभी वर्गों जन साधारण को इस संबंध में सहयोग करने का अनुरोध किया गया है।

# ललित मोदी कोरोना संक्रमित बेटे को बनाया उत्तराधिकारी

● बोले- बच्चों के बढ़ने का वक्त, कंपनी की कीमत 12 हजार करोड़ रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता



**जयपुर।** आइपीएल के पूर्व अध्यक्ष ललित मोदी लंदन में ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। उन्हें दो हफ्ते में दूसरी बार कोरोना हो गया है। बीमारी के बीच उन्होंने बड़ा फैसला लिया। अपना सब कुछ बच्चों को सौंप दिया। ललित मोदी को तीन दिन पहले ही मेक्सिको सिटी से एयरलिफ्ट कर लंदन के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। अस्पताल से ही उन्होंने फैमिली ट्रस्ट से इस्तीफा देकर बेटे रुचिर को परिवार की कमान सौंपने का ऐलान किया।

हालांकि ललित मोदी ने यह नहीं बताया कि बेटे को उन्होंने कितनी संपत्ति सौंपी है। दरअसल ट्रस्ट की संपत्ति पर उनका मां और बहन के साथ विवाद है।

मोदी इंटरप्राइजेज की कुल नेटवर्थ 12 हजार करोड़ रुपये है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ललित मोदी की कुल संपत्ति करीब 4.5 हजार करोड़ रुपये है।

## ट्वीट कर दी रिटायरमेंट की जानकारी

ललित मोदी ने केके मोदी फैमिली ट्रस्ट की ललित कुमार मोदी (एलकेएम) ब्रांच बेटे रुचिर को सौंप दी। ललित मोदी ट्रस्ट के लाभार्थी नहीं रहेंगे। उन्होंने अपने इस्तीफे का भी ऐलान किया। इस ट्रस्ट को लेकर ललित मोदी की मां बीना और बहन के बीच कानूनी लड़ाई जारी है। इस फैसले पर उनकी मां बीना मोदी ने अभी कोई प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया है।

# सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम में हमारे प्रतिनिधि शामिल करें : केंद्र सरकार

● कानून मंत्री की सीजेआइ को लिखी चिट्ठी, कहा- इससे 25 साल पुराने सिस्टम में पारदर्शिता -जवाबदेही तय होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सलाह दी है कि कॉलेजियम में उसके प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाये। कानून मंत्री किरण रिजिजू ने सीजेआइ को चिट्ठी लिख कर कहा है कि जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया में सरकारी प्रतिनिधि शामिल करने से सिस्टम में पारदर्शिता आयेगी और जनता के प्रति जवाबदेही भी तय होगी। किरण रिजिजू ने पिछले साल नवंबर में कहा था कि कॉलेजियम सिस्टम में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी है। उन्होंने कहा था कि हाईकोर्ट में भी जजों की नियुक्ति प्रक्रिया में संबंधित राज्य सरकार के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाये। लोकसभा उपाध्यक्ष भी कह चुके हैं कि सुप्रीम कोर्ट अक्सर विधायिका के कामकाज में दखलंदाजी करता है। इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह बेहद खतरनाक है। न्यायिक नियुक्तियों में सरकारी हस्तक्षेप बिल्कुल नहीं होना चाहिए।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**